देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 30 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –21 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ इन चुनावों से खुलेंगी...
■ बराबरी का हक और... 04

■ यूएनजीए में भारत ने हमास-इजरायल...
■ गाजा में 24 घंटे के अन्दर 160 शव बरामद 09

■ जोरदार तेजी से झूमा शेयर बाजार
■ शादी के सीजन में बढ़ी मांग से सोना-चांदी... 11

■ बीसीसीबाई ने द्रविड़ का...
■ बाबर आजम के खिलाफ... 10

## केरल राज्यपाल को सुप्रीम कोर्ट से दो-टूक चेतावनी

# मुख्यमंत्री और मंत्री से मिलकर विधेयकों पर चर्चा करें.., नहीं तो हम बैठे हैं..

### महत्वपूर्ण टिप्पणी : सरकार को कानून बनाने से नहीं रोक सकते राज्यपाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केरल के राज्यपाल को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि- वे मुख्यमंत्री और मंत्री के साथ मिलकर लंबित विधेयकों पर चर्चा करें, अन्यथा कानून बनाने और कर्तव्य का पालन करने के लिए हम बैठे हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि- केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आठ विधेयकों पर निर्णय के लिए संबंधित मंत्री के साथ-साथ मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से भी मिलने को कहा है। न्यायालय ने उम्मीद जताई कि कोई राजनीतिक दूरदर्शिता से काम लिया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की दलीलों पर ध्यान दिया। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि- आठ विधेयकों में से सात को राष्ट्रपति द्वारा विचार के लिए रिजर्व रखा गया है, जबकि एक को मंजूरी दे दी गई है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य सरकार की एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के बीच विधानसभा से पारित आठ में से एक लंबित विधेयक को मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार की याचिका में राजभवन पर विधेयकों को मंजूरी देने में अत्यधिक देरी करने का आरोप लगाया गया है।



राजभवन की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल ने महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य विधेयक को मंजूरी दे दी है, जबकि विवादित विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक समेत सात विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए उनके (राज्यपाल के) पास लंबित है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने 24 नवंबर को केरल सरकार की याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें राज्यपाल पर विधानसभा से पारित विभिन्न विधेयकों को मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाया गया था।

राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए रखे गए विधेयकों में दो विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक हैं। इस बीच, बुधवार को शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को समयबद्ध तरीके से विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को सहमति देने या अस्वीकार करने पर राज्यपालों के लिए दिशानिर्देश जारी करने की अपनी याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी। पीठ ने कहा, हम रिकॉर्ड करेंगे कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री दोनों से चर्चा करेंगे...। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उम्मीद करते हैं कि राज्य में कुछ राजनीतिक दूरदर्शिता से काम लिया जाएगा। अन्यथा हम यहां कानून बनाने के लिए और संविधान के तहत अपने कर्तव्य निभाने के लिए मौजूद हैं..।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटों पर मतदान आज



**हैदराबाद, (एजेंसियां)।** तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। 119 विधानसभा सीटों के लिए गुरुवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। राज्य में 35,655 मतदान केंद्रों पर 3 करोड़ 26 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 12 हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य में व्यापक तैयारियां कीं है।

### दिल्ली के मुख्य सचिव के सेवा विस्तार को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार का कार्यकाल छह महीने और बढ़ाने के केंद्र के फैसले को अपनी सहमति दे दी है। इस मामले में कई सुनवाइयों के बाद मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को केंद्र के फैसले को बरकरार रखा। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले को 'कानून का उल्लंघन नहीं माना जा सकता।' पीठ ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ाने का अधिकार है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



# ठंड पर बारिश का पहरा

### कड़ाके की सर्दी के बीच दो दिन बारिश की भी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली, भोपाल, देशबन्धु।** देश के उत्तरी और पूर्वी और मध्य भारत के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की सर्दी शुरू हो चुकी है। लेकिन इस बार ठंड पर बारिश का पहरा लगा हुआ है।

उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, मप्र., छत्तीसगढ़, यूपी और हिमाचल और कई पूर्वी राज्यों में कोहरे के साथ दिन की शुरुआत हो रही है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी तो मैदान में ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। वहीं बारिश भी पिछले दो-तीन दिनों से अपनी हाजिरी लगा रही है। इस बीच मौसम विभाग ने अभी और बारिश की भविष्यवाणी की है। दो दिन जम्मू कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश हो सकती है। जबकि, तीन दिनों तक मप्र, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के कई इलाके बारिश से भीग सकते हैं। मौसम विभाग ने दक्षिणी हिस्से में भी बारिश की भविष्यवाणी की है। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी सहित दक्षिण भारत के कई हिस्सों में अगले दो दिन भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण भारतीय राज्यों में बारिश के दौर से उलट उत्तर और पूर्वी राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम है।

**मप्र सहित 9 राज्यों में अलर्ट**

# गरीबों को पांच साल तक मुफ्त अनाज देने पर मंत्रिमंडल की मुहर



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 81 करोड़ लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को एक जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया है। इस प्रस्ताव को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गई है।

बता दें कि योजना के तहत लोगों को प्रति माह 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही कैबिनेट बैठक में 16वें वित्त आयोग की कुछ शर्तों को हरी झंडी दे दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इससे पहले वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा था कि सरकार का लक्ष्य नवंबर के अंत तक 16वें वित्त आयोग का गठन करना है। आयोग के लिए संदर्भ की शर्तें ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन दिए जाएंगे

इसके साथ ही कैबिनेट ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन मुहैया करने के लिए एक खास योजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 15,000 चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन दिए जाएंगे। इस योजना का नाम- केंद्रीय क्षेत्र योजना है।

## सुरंग में मजदूरों की व्यथा–कथा

# 10 दिनों तक चट्टानों से टपकता पानी चाटा, मुरमुरे खाए

*__उत्तरकाशी।__ दुनिया की बड़ी त्रासदी में शुमार सिलक्यारा सुरंग हादसा अपने पीछे कई कहानियां छोड़ गया है। अथक परिश्रम, मजदूरों के साहस और धैर्य से 17 दिन तक मौत के पेट में कैद रहे मजदूरों को कभी लगता कि अब यहीं हमारी मौत हो जाएगी और कभी जिन्दगी की आस झलकने लगती। सांसें चलती रहें, इस जद्दोजहद में सुरंग में फसे 41 मजदूरों ने 10 दिनों तक चट्टानों से टपकता पानी चाटा और मुरमुरे खाकर जीवन की डोर बांधे रहे। अब सुरक्षित बाहर आने पर उनकी यह व्यथा-कथा सामने आ रही है।*

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग से मंगलवार रात सुरक्षित बचाए गए 41 श्रमिकों में से एक श्रमिक अनिल बेदिया ने कहा कि- हादसे के बाद उन लोगों ने अपनी प्यास बुझाने के लिए चट्टानों से टपकते पानी को चाटा और शुरुआती 10 दिनों तक मुरमुरे खाकर जीवित रहे। झारखंड के 22 वर्षीय श्रमिक अनिल बेदिया के मुताबिक उन्होंने 12 नवंबर को सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद मौत को बहुत करीब से देखा। बेदिया सहित 41 श्रमिक मलबा ढहने के बाद से सुरंग में फंसे थे। उन्होंने कहा कि मलबा ढहने के बाद तेज चीखों से पूरा इलाका गूंज गया। हम सब ने सोचा कि हम सुरंग के



भीतर ही दफन हो जाएंगे। शुरुआती कुछ दिनों में हमने सारी उम्मीदें खो दी थीं। यह एक बुरे सपने जैसा था। बेदिया ने बताया कि हमारे जीवित रहने ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### सुरंग से मजदूरों को निकलते देख बहुत भावुक हो गए थे प्रधानमंत्री

उत्तराखंड में मंगलवार शाम जब मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा था। प्रधानमंत्री मोदी इधर कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसला करने वाले थे। कैबिनेट बैठक के दौरान भी रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर बातचीत हुई और श्री मोदी इस दौरान बेहद भावुक थे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक श्री मोदी ने कैबिनेट सदस्यों के साथ रैस्क्यू ऑपरेशन को लाइव देखा। अनुराग ठाकुर से पूछा गया था कि कल शाम जब मजदूरों का रेस्क्यू किया जा रहा था तो उस वक्त कैबिनेट की बैठक थी, क्या पूरी कैबिनेट ने इसे देखा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, एक बात तो जरूर मैं कहूंगा, आपने ठीक कहा कैबिनेट में यह विषय भी आया। प्रधानमंत्री जी बहुत भावुक भी थे।

### सुरंग से बाहर निकलते ही उठ गया पिता का साया

सुरंग हादसे में बचे एक मजदूर के साथ ऐसा भी हुआ कि जब वह मौत को पछाड़कर अपने साथियों के साथ बाहर निकाला गया तो पिता का साया सिर से उठ गया। इस मजूदर का नाम भक्तू मुर्मू है और वो झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में बांकीशील पंचायत स्थित बाहदा गांव का रहने वाला है। भक्तू को 28 नवंबर की रात सभी मजदूरों के साथ सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन जब वो बाहर आया तो उसे एक मनहूस खबर मिली। भक्तू को बताया गया कि उसके पिता कुछ ही देर पहले इस दुनिया को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़कर चले गए।

### बिरादरी की बात

**चूहा**-सुनती हो- शीर्ष अदालत ने नफरती भाषणों के खिलाफ फिर कड़ा रुख अपनाया है।

**चुहिया**- हां प्रिये- न्याय पालिका तो अपना काम कर रही है लेकिन वोटो की राजनीति कुछ होने नहीं देती।

## सुरंग हादसे के बाद कांग्रेस ने उठाई मांग

# सभी परियोजनाओं का हो ऑडिट

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग से मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाले जाने के बाद बुधवार को कहा कि ऐसी सभी परियोजनाओं का ऑडिट कराया जाना चाहिए जिनका क्रियान्वयन जारी है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि हिमालयी क्षेत्र में भविष्य की सभी परियोजनाओं को रोककर उन्हें पेशेवर पारिस्थितिकी जांच के अंतर्गत लाना चाहिए रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि सिलक्यारा सुरंग से बचाए गए श्रमिकों को सलाम करते हुए और पूरी बचाव टीम की सराहना करते हुए हमें सुरंग के ढहने से उठे कुछ बड़े सवालों पर भी विचार करना चाहिए। इस घटना ने पश्चिमी हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की संवेदनशीलता और जटिलता को पूरी स्पष्टता के साथ हमारे सामने ला दिया है।

उनका कहना था कि इस क्षेत्र में सिविल निर्माण और अन्य परियोजनाओं की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन के मामले में पर्यावरण मूल्यांकन प्रक्रिया की विफलता भी सामने आई है।

# नफरती भाषणों पर होनी चाहिए कार्रवाई : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि- किसी भी और सभी प्रकार के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई जरूर की जानी चाहिए। कोर्ट की यह टिप्पणी तब आई जब वह हेट स्पीच के मुद्दे पर लोगों और समूहों की ओर से दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई

कोर्ट फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमत हो गया है, जिनमें नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की मांग की गई है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, 'हम घृणा फैलाने वाले भाषणों की समस्या की देशभर में निगरानी नहीं कर सकते। भारत जैसे बड़े देश में समस्याएं तो होंगी ही लेकिन सवाल यह पूछा जाना चाहिए कि क्या हमारे पास इससे निपटने के लिए कोई प्रशासनिक तंत्र है।' सुनवाई कर रही बेंच में जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल थे।

मामले को अगले साल फरवरी में सुनवाई के लिए पोस्ट करते हुए बेंच ने कहा, 'समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसके बाद कार्रवाई होगी।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## धरोहर — विश्व का सबसे बड़ा मंदिर

# दुनिया का 8वां अजूबा बना अंकोरवाट मंदिर

**नई दिल्ली।** कंबोडिया के अंकोरवाट मंदिर इटली के पोम्पेई को पछाड़कर दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है। 800 वर्ष पुराना यह दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर है। यह करीब 500 एकड़ के क्षेत्र में फैला है।

अंकोरवाट यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट लिस्ट में शामिल दुनिया का सबसे विशाल हिंदू मंदिर है। यह मंदिर मूल रूप से भगवान विष्णु को समर्पित है, जिसकी दीवारों पर विभिन्न हिंदू ग्रंथों में उल्लेखित विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से चित्रण किया गया है। यह मंदिर करीब 500 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है।

**क्या है इसका इतिहास**-अंकोरवाट मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में राजा सूर्यवर्मन द्वितीय के शासनकाल में किया गया था। मूल रूप से यह मंदिर भगवान विष्णु को



### अद्भुत वास्तु कला का नायाब नमूना है विशाल मंदिर

समर्पित है, लेकिन समय के साथ-साथ यह हिंदू मंदिर, एक बौद्ध मंदिर में परिवर्तित हो चुका है। मंदिर का हिंदू धर्म से बौद्ध धर्म में परिवर्तित होने का इसकी दीवारों की जटिल नक्काशियों में स्पष्ट दिखाई देता है, जहां हिंदू धर्म की पौराणिक कथाओं के साथ-साथ बौद्ध धर्म से जुड़ी कथाओं के दृश्यों को भी दर्शाया गया है।

**मंदिर की वास्तुकला**-अंकोरवाट मंदिर को अपनी शानदार वास्तुकला की वजह से



ही दुनिया का 8वां अजूबा कहा गया है। यह मंदिर चारों तरफ से बेहद मजबूज चहारदीवारी से घिरा हुआ है। मंदिर के केंद्रीय परिसर में कमल के आकार के 5 गुंबद बने हुए हैं, जो माउंट मेरु का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंदिर के दीवारों की सज्जा काफी जटिल है, जिसमें खमेर शास्त्रिय शैली का प्रभाव दिखता है।

# देश-विदेश

## पुतिन के खिलाफ सड़कों पर उतरीं सैनिक परिवारों की महिलाएं

**यूक्रेन।** यूक्रेन पर रूस के हमले के एक साल 9 महीने का वक्त गुजर चुका है, लेकिन जंग का कोई समाधान नहीं निकला है। हजारों रूसी सैनिक अभी भी यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। इधर दूसरी ओर उनके परिजनों का गुस्सा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर फूट रहा है। राजधानी मॉस्को में बड़ी संख्या में रूसी सैनिकों के परिवार के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर कहा है कि उनके बेटे और पति वापस चाहिए। सोशल मीडिया पर विरोध प्रदर्शन के तमाम वीडियो सामने आ रहे हैं। इनमें रूस में जंग लड़ रहे सैनिकों की माताओं, बहनों, बेटियों और पत्नियों ने हिस्सा लेकर नारेबाजी की है। महिलाओं की मांग है कि अब पुतिन को अपना वादा निभाना चाहिए।

## 'कचरा वर्ल्ड कप' : 21 देशों के बीच हुआ कूड़ा उठाने का कॉम्पिटिशन




### ब्रिटेन ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी से लेकर चेस तक कई टूर्नामेंट होते हैं। वहीं क्रिकेट समेत कई खेलों में वर्ल्ड कप चैंपियनशिप भी होती है। लेकिन क्या आपनी कभी कचरा उठाओ वर्ल्ड कप सुना है

दरअसल, एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार इन दिनों जापान में यह अभिनव आयोजन हुआ है। इवेंट का नाम स्पोर्ट और गोमी शब्दों से मिलकर बना है, जो कचरे के लिए जापानी शब्द है। टूर्नामेंट के तहत 21 देशों की तीन टीमों ने एक घंटे के भीतर जितना संभव हो उतना कचरा उठाने के लिए टोक्यो की सड़कों पर कदम रखा।

इसमें ब्रिटेन ने 126.2 पाउंड कचरा इकट्ठा कर 9,046.1 प्वाइंट हासिल किए और पहला विजेता खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। ब्रिटेन की टीम की कप्तान सारा पैरी ने बुधवार को रॉयटर्स से ट्रॉफी लेने के बाद कहा, हमें अपने महासागरों को साफ करने और कूड़े को कम करने की कितनी जरूरत है, इसके बारे में बहुत कुछ पता नहीं है। हमें इसको लेकर जागरुक होना चाहिए।

कुल मिलाकर, सभी टीमों ने 1,208 पाउंड कचरा उठाया और उन्हें किस प्रकार का कबाड़ मिला, उसके आधार पर ही उन्हें अंक दिए गए। इस ईवेंट में उन्हें किसी प्राइवेट प्रॉपर्टी से कचरा इकट्ठा करने की अनुमति नहीं थी। अपने प्रत्येक पिकअप सेशन के बाद, उन्हें कूड़े को अलग-अलग कैटेगरी में रखने के लिए 20 मिनट का समय मिला, जिसमें रिसाइकिल करने लायक प्लास्टिक की बोतलें, बर्नेबल वेस्ट, मेटल कैन, सिगरेट के टुकड़े और अन्य वेस्ट मैटेरियल शामिल थे। इवेंट की घरेलू टीम इस बात से नाराज़ थी कि वे अपने ही ईवेंट में जीत हासिल नहीं कर सके।

## नेपाल के प्रधान न्यायाधीश ने सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही देखी

**नई दिल्ली।** नेपाल के प्रधान न्यायाधीश बिश्वंभर प्रसाद श्रेष्ठ और न्यायमूर्ति हरि प्रसाद फुयाल ने बुधवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश की अदालत में बैठकर कार्यवाही देखी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने नेपाल के न्यायाधीशों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा, मैं दो बहुत प्रतिष्ठित न्यायाधीशों का अपनी पीठ में स्वागत करता हूं। बार में हमारे सभी सहयोगियों के लिए एक बात जानना बहुत रोचक होगा कि न्यायमूर्ति हरि प्रसाद सुप्रीम कोर्ट की पीठ में नियुक्ति से पहले अटॉर्नी जनरल थे। उन्होंने कहा, मैं न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन को बता ही रहा था



कि वे उनके साथ एक विशेष जुड़ाव पाएंगे। हम जल्द ही भारत नेपाल विनिमय कार्यक्रम करेंगे और जल्द ही नेपाल की बार के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करेंगे।

न्यायमूर्ति नरसिम्हा और न्यायमूर्ति विश्वनाथन को बार से ही सुप्रीम कोर्ट में प्रोन्नत किया गया था। न्यायमूर्ति फुयाल को 23 साल तक वकालत करने के बाद 19 अप्रैल, 2019 को नेपाल के सुप्रीम कोर्ट में प्रोन्नत किया गया था।

### अमेरीकी खुफिया रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की तैयारी!

## अपराधियों-आतंकियों पर गिरेगी गाज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संगठित अपराधियों, हथियारबंद हमलावरों और आतंकियों को लेकर अमेरिका से मिली खुफिया जानकारी के बाद भारत कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट के बाद कार्रवाई शुरू हो जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने साप्ताहिक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहाकि भारत-अमेरिका पिछले कई सालों से सुरक्षा के मुद्दे पर एक साथ हैं।

भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग पर हालिया चर्चा के दौरान अमेरिकी अधिकारियों ने संगठित अपराधियों ,हथियाबंद हमलावरों,आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से जुडी हुए कुछ खुफिया जानकारियों को साझा किया है। यह जानकारी गंभीर और भारत व अमेरिका के लिए चिंता की वजह है। इसीलिए दोनों देशों ने तुरंत इस पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। पिछले सप्ताह एक अमेरिकी अखबार की आई रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरुपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची गई।

वह सिख फॉर जस्टिस का जनरल कांउंसिल है और भारत में उसे आतंकवादी नामित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब सितम्बर माह में नईदिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था तो उसमें हिस्सा लेने अमेरिका राष्टपति जो बाइडन भी पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने इस मुद्दे को उठाया था। पन्नू के हत्या की साजिश की खबर तब सामने आई है,जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्या को लेकर भारत-कनाडा में विवाद हो चुका है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि उनके देश में घुसकर कनाडाई नागरिक निज्जर की हत्या की गई और इसमें भारतीय एजेंट का हाथ था।

### एक उच्च स्तरीय समिति का किया गया गठन

## इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम की पूर्व निदेशक वीआर ललितांबिका शीर्ष फ्रांसीसी नागरिक सम्मान से सम्मानित

**श्रीहरिकोटा।** इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम निदेशालय की पूर्व निदेशक वीआर ललितांबिका को फ्रांस और भारत के बीच अंतरिक्ष सहयोग में उनकी भागीदारी के लिए शीर्ष फ्रांसीसी नागरिक सम्मान लीजियन डी-होनूर से सम्मानित किया गया है। लीजियन डी होनूर (लीजन ऑफ ऑनर) पुरस्कार को नेपोलियन बोनापार्ट ने 1802 में शुरू किया था। यह फ्रांस के लिए उत्कृष्ट सेवा के लिए फ्रांसीसी गणराज्य की ओर से दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। फ्रांस की नागरिकता के बाहर के लोगों को भी इसे दिया जाता है।



**सीएनईएस और इसरो के बीच सहयोग समझौते में निभाई अहम भूमिका**-एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, ललितांबिका एडवांस्ड लॉन्च वहीकल टेक्नोलॉजी में एक विशेषज्ञ हैं। उन्होंने इसरो के विभिन्न रॉकेटों, विशेष रूप पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल पर बड़े पैमाने पर काम किया है। उन्होंने 2018 में मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के निदेशक के रूप में भारत की गगनयान परियोजना के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के साथ बारीकी से समन्वय किया था।

ललितंबिका ने मानव अंतरिक्ष उड़ान पर सीएनईएस और इसरो के बीच सहयोग के लिए पहले साझा समझौते पर हस्ताक्षर करने में अहम भूमिका निभाई थी।

## राजस्थान की अंजू 6 महीने बाद पाकिस्तान से लौटी

### सुरक्षा एजेंसियों ने की पूछताछ, पाकिस्तान से एनओसी लेकर आई

**अमृतसर, (एजेंसियां)।** राजस्थान से पाकिस्तान गई अंजू बुधवार को अमृतसर के अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए भारत लौट आई। वह 6 महीने पहले पाकिस्तान गई थी और अपने फेसबुक दोस्त नसरूल्लाह से निकाह कर लिया था। अमृतसर पहुंचने पर सुरक्षा एजेंसियों ने उससे पूछताछ की।



जिसमें उसके पाकिस्तान जाने के मकसद और 6 महीने वहां रहने के समय के बारे में पूछताछ की गई है। इसके बाद 34 साल की अंजू अमृतसर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई। यहां से वह फ्लाइट के जरिए दिल्ली रवाना हुई। अंजू ने सिर दर्द का बहाना बना अमृतसर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करने से मना कर दिया। अंजू का कहना है कि वह खुश है। इससे ज्यादा वह कुछ भी कमेंट नहीं करना चाहती। वहीं, पाकिस्तान में नसरूल्लाह का कहना है कि अंजू अपने बच्चों के कारण मानसिक तौर पर परेशान हो रही थी और उसके पास वापस लौटने के सिवा कोई चारा नहीं था।

अंजू ने पाकिस्तान में अपने फेसबुक दोस्त खैबर पख्तूनवा के ऊपरी दीर के रहने वाले नसरुल्लाह से निकाह किया था। जिसके बाद पाकिस्तान ने उसका वीजा 1 साल के लिए बढ़ाया था। अंजू अब पाकिस्तान सरकार से एनओसी लेकर भारत आई है, ताकि पाकिस्तान वापस लौट सके। सूचना है कि, वे अपने साथ बच्चों को भी लेकर जाना चाहती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गरीबों को पांच साल तक.......

(टीओआर) अंतिम चरण में हैं। बता दें कि एन के सिंह के अधीन पिछले वित्त आयोग ने 14वें आयोग के साथ निरंतरता बनाए रखते हुए 42 प्रतिशत के कर हस्तांतरण अनुपात की सिफारिश की थी। इस सिफारिश को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है। इस आयोग को सुझाव देना था कि एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर को किस अनुपात में विभाजित किया जाएगा। पिछले यानी 15वें वित्त आयोग ने नौ नवंबर, 2020 को पांच वित्त वर्षों यानी 2021-22 से 2025-26 के लिए अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी थी। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग ने राजकोषीय घाटा, संघ और राज्यों के लिए ऋण मार्ग और बिजली क्षेत्र में सुधारों के आधार पर राज्यों को अतिरिक्त कर्ज लेने की सिफारिश भी की थी। बता दें कि सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.5 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य तय किया है।

### दस दिनों तक चट्टानों का .....

की पहली उम्मीद तब जगी जब अधिकारियों ने लगभग 70 घंटों के बाद हमसे संपर्क स्थापित किया। उनके दो पर्यवेक्षकों ने उन्हें चट्टानों से टपकता पानी पीने के लिए कहा। हमारे पास सुरंग के अंदर खुद को राहत देने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। आखिरकार, जब हमने बाहर से, हमसे बात करने वाले लोगों की आवाजें सुनीं, तो दृढ़ विश्वास और जीवित रहने की आशा ने हमारी हताशा को खत्म कर दिया।

## विषाक्त भोजन से ट्रेन में 80 यात्री बीमार

**चेन्नई।** चेन्नई से गुजरात के पालीताणा जा रही भारत गौरव स्पेशल ट्रेन में लगभग 80 यात्रियों ने पेट में संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत की। यह घटना मंगलवार देर रात उस वक्त हुई जब ट्रेन पुणे रेलवे स्टेशन के पास पहुंची।

पुणे स्टेशन पर रेल अधिकारियों को रात 10.45 बजे स्थिति के बारे में आगाह किया गया। दरअसल एक निजी समूह ने पालीताणा में एक धार्मिक समारोह के लिए ट्रेन बुक की थी।

पुणे रेल मंडल के मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक और जनसंपर्क अधिकारी रामदास भिसे ने बताया कि- रूबी हॉल के डॉक्टरों और अन्य रेलवे अधिकारियों के साथ रेलवे अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए पुणे स्टेशन भेजा गया। ट्रेन रात 11.25 बजे पुणे स्टेशन पहुंची तो यात्रियों को आवश्यक चिकित्सा सहायता देते हुए सही सलामत प्लेटफ़ॉर्म पर उतार दिया गया।

किसी भी यात्री को अस्पताल में भर्ती करने की ज़रुरत नहीं पड़ी। इस बात की पुष्टि हो गई है कि भोजन रेलवे द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया था, इसलिए भोजन के स्रोत की जांच चल रही है।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**(दशरथ सिंह भिडे)**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)**
आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC /0000003/2023)
संतोष व अन्य..................आवेदक
Vs
आम जनता व अन्य......................अनावेदक
Process Id- /2023
पेशी दि.:-20/12/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष व अन्य पता ने मृतक स्व. सोमवती बाई निवासी ग्राम सरोंद, थाना पाटन तहसील पाटन जिला जबलपुर की 1,39,121 एक लाख उन्तालीस हजार एक सौ इक्कीस रूपये राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 24 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - उपस्थिति हेतु समंस के साथ आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(दशरथ सिंह भिडे)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
पाटन, जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 1654

### उपनाम सुधारने आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोंदिया भलावी पिता स्व. श्री सोनेलाल भलावी जाति मवासी निवासी ग्राम लावाघोघरी, पोस्ट लावाघोघरी, थाना लावाघोघरी तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, पास बुक और सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम हिन्दी में गोंदिया भलावी पिता स्व. श्री सोनेलाल भलावी दर्ज है। भलावी सरनेम त्रुटिवश पूर्वजों ने दर्ज करवा दिया है जबकि मेरा सरनेम बनके है। अतः सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आज से मेरा सरनेम गोंदिया पिता स्व. सोनेलाल बनके होगा जो कि जाति सूचना क्रमांक 31 में भी मवासी जाति दर्ज है। मेरा शासकीय रिकार्ड में भी नाम गोंदिया बनके के नाम से सुधारकर दर्ज किया जावे।

**आवेदक**
**गोंदिया बनके**
**पूर्व उपनाम- गोंदिया भलावी**
**लावाघोघरी, छिन्दवाड़ा**
**मोबा नं.- 9516024272, 9424301072**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482003**
**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ट्रांसपोर्टनगर महाराजपुर जबलपुर में मकान भूखण्ड कं. जी.- 75 श्री सैय्यद राशिद अली पिता श्री सैय्यद शाहिद अली के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 19.10.2011 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री सैय्यद राशिद अली ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.11.2011 के माध्यम से श्री तनवीर अहमद पिता स्व. श्री नियाज अहमद को विक्रय किया है श्री तनवीर अहमद एवं उक्त भवन कं भूखण्ड कं. जी.- 75 उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

र.नं. 1665
**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं अनुकृति गुप्ता पिता श्री मुकेश कुमार गुप्ता निवासी ई/31/ए संजीवनी नगर, सांई कालोनी के पास, वीरसावरकर वार्ड, जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ ।

2. यह कि मेरे पिता का सही व. पूरा नाम मुकेश कुमार गुप्ता "MUKESH KUMAR GUPTA" है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में अंकित है।

3. यह कि मेरी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में मेरे पिता का नाम मुकेश गुप्ता "MUKESH GUPTA" हो गया है।

4. यह कि मुकेश गुप्ता "MUKESH GUPTA" एवं मुकेश कुमार गुप्ता "MUKESH KUMAR GUPTA" दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता का नाम है। अतः मेरी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में मेरे पिता का सही व पूरा नाम मुकेश कुमार गुप्ता MUKESH KUMAR GUPTA" दर्ज किया।

र.नं. 1657
गलत नाम - मुकेश गुप्ता
सही नाम - मुकेश कुमार गुप्ता

### आम सूचना

**आम जनता को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार लक्ष्मीकांत शर्मा उम्र 66 वर्ष आत्मज स्व. इंद्रदेव शर्मा निवासी म.नं. 707, रामनगर व्हीकल रोड अम्बेडकर वार्ड थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर का निवासी है तथा मेरे पक्षकार ने आज दिनांक 27.11.2023 को मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर एक शपथ पत्र पेश किया है जिसमें मेरे पक्षकार लक्ष्मीकांत शर्मा ने अपने छोटे पुत्र ऋषिकांत शर्मा एवं पुत्र वधू श्रीमती शिवानी शर्मा को मनमाना कार्य करने एवं मेरे पक्षकार के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने अभद्र व्यवहार करने के कारण से उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से हमेशा हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है यदि मेरे पक्षकार का पुत्र ऋषिकांत शर्मा एवं पुत्र वधू श्रीमती शिवानी शर्मा आज के बाद मेरे पक्षकार की कोई भी चल अचल संपत्ति पर दावा या अधिकार जताता है तो वह सब झूठ समझा जावे।**
**जबलपुर**
**दिनांक- 29.11.2023**

**प्रीतम सिंह रघुवंशी**
**एडवोकेट/ नोटरी**
**मस्ताना चौक रांझी बस्ती**
**जैन मंदिर के पास जबलपुर**
**र.नं. 1656 मो.नं. 93131163980**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं...../अ-6/2022-23**
**जबलपुर दिनांक 24.11.2023**

### आम इश्तहार

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गगन शर्मा पिता श्री दिनेश शर्मा निवासी वीर सावरकर वार्ड-गढ़ा जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा रानीपुर नं.बं.... प.ह.नं.... स्थित भूमि खसरा नंबर 56, 55/2ख वगैरह में से रकवा 1281 वर्गफुट भूमि पर सुमित्रा बाई शर्मा की मृत्यु दिनांक 30/04/2020 को हो जाने के कारण वारसान हम में वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।**

**तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12.12.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।**

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया**
**जारी दिनांक 24.11.2023**
**पेशी दिनांक 12.12.2023**

**तहसीलदार**
**र.नं. 1655 अधारताल जबलपुर**

(फौती)
**न्यायालय तहसीलदार रांझी, जबलपुर**
**रा.प्र.क्रं/0810/अ-6/2023-24**

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश सक्सेना/स्व. एस.बी. सक्सेना नि. शिव कल्प परिसर अयोध्या बायपास भोपाल ने नजूल ब्लॉक नं. 130 प्लाट नं. 82/3, 83/25 निर्मित रकवा 560 व.फु./अवि.हिस्सा... ग्राम घमापुर प.ह.नं..... खसरा नं.... रकवा.... व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ..... मृत्यु दिनांक... 25/03/1982 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 130 प्लाट नं. 82/3, 83/25 निर्मित रकवा 560 व.फु./अवि. हिस्सा.... ग्राम घमापुर प.ह.नं.... खसरा नं.. रकवा... व.फु./हे.... श्याम बिहारी वल्द वंशीधर सक्सेना के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 30.11.23 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 27.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 27.09.2023
पेशी दिनांक - 30.11.2023

तहसीलदार
र.नं. 1653 रांझी, जबलपुर

### CORRECTION OF NAME (नाम सुधार)

I, Anukrati Gupta, D/o Mukesh Kumar Gupta, residing at E/31/A, Sanjeevani nagar, near saicolony, Jabalpur, M.P., 482003, Completed my 10th & 12th from St. Xavier's high school, Jabalpur, 482001, hereby declare that my Father's name in my 10th & 12th Marksheet is missing middle name as Mukesh Gupta. The complete name is Mukesh Kumar Gupta

Incorrect Name - MUKESH GUPTA
Correction Required- MUKESH KUMAR GUPTA
R.No. 1657


**कर्नाटका बैंक लिमिटेड**
आपका पारिवारिक बैंक संपूर्ण भारत मे.
प्रधान कार्यालय, मैगलुरू - 575002 CIN : L85110KA1924PLC001128

**बिक्री हेतु ई-नीलामी सार्वजनिक सूचना**

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा : मुम्बई, द्वितीय तल, ई - ब्लॉक, दी मेट्रोपोलिटन, प्लॉट नं. सी-26 एवं सी-27, बान्द्रा कुरला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (ईस्ट) मुम्बई - 400051
लेण्डलाईन : 022-35008017 / 35128482 / 35082558
ई-मेल : mumbaiarm@ktkbank.com

**अचल सम्पत्ति का विक्रय नोटिस दिनांक 04.01.2024**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/ नियम 9 (1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जन को एतद्द्वारा एवं ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतया सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक है, जिनका कब्जा (कब्जे का विवरण नीचे दिया है) प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है और जहां है'** के आधार पर कर्नाटका बैंक लिमिटेड के बकायो आगे के ब्याज एवं लागतो सहित की वसूली हेतु दिनांक **04.01.2024** को नीचे वर्णित समयानुसार बेचा जाएगा। विवरण इस प्रकार हैः आरक्षित मूल्य और धरोहर जमा राशि का विवरण निम्नानुसार है और धरोहर जमा राशि दिनांक **03.01.2024** को शाम 4.00 बजे या उससे पहले खाते में ऑनलाइन भुगतान (जिसका विवरण नीचे उल्लिखित है) के माध्यम से जमा की जाएगी।

| कं. सं. | शाखा का नाम | ऋणियों / जमानतदारों के नाम व पते | बकाया राशि रू. | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (रू.) / धरोहर जमा राशि (ईएमडी) रू. | नीलामी समय / बोली वृद्धि राशि | प्रेषण के लिए विवरण ईएमडी खाता संख्या/ आईएफएससी कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर शाखा | 1) मैसर्स गुलज़ार फूड्स, मालिकाना फर्म जिसका प्रतिनिधित्व मालिक श्री संजय भाटी, पता: होटल गुलजार टावर्स, नागपुर हाईवे, जबलपुर 482002,<br>2) श्री संजय भाटिया पिता श्री गुलजारी लाल भाटिया,<br>3) श्री साहिल भाटिया पिता श्री संजय भाटिया, नंबर 2 और 3 दोनों का पता : 57, नेपियर टाउन, शास्त्री ब्रिज के पास, जबलपुर 482022 | रू. 29,89,675.72 (रू. उन्तीस लाख उननब्बे हजार छः सौ पिचोत्तर एवं बहत्तर पैसे मात्र) PSOD खाता क्रं. 3697000600000301 में रू. 25,97,294.00 दि. 01.11.2023 से भविष्य ब्याज के साथ एवं PSTL खाता क्रं. 3697001800004801 में रू. 3,92,381.72 दि. 01.11.2023 से भविष्य ब्याज के साथ | आवासीय प्लॉट के समस्त भाग एवं अंश, मौजा गोरखपुर नंबर बंदोबस्त 605, पटवारी हल्का नं.24/2, खसरा नं.612,631, नया 612/2, प्लॉट नं.45, क्षेत्रफल 3775 वर्गफीट मकान नं.228/1 के साथ, नरसिंह मंदिर, नरसिंह वार्ड, जबलपुर, मध्यप्रदेश, श्री संजय भाटिया से संबंधित है। **संपत्ति की चुर्तसीमा :** पूर्व : मकान नं.228, पश्चिम : सुलभ शोचालय, उत्तर : श्री बाबूलाल का मकान, दक्षिण : 20 फीट चौड़ी रोड | ₹ 56,82,000/- (रु. छप्पन लाख बयासी हजार मात्र)<br>₹ 5,68,200/- (रु. पांच लाख अड़सठ हजार दो सौ मात्र) | 04.01.2024 प्रातः 11.00 से 11.20 बजे तक<br>रू. 10,000/- | RTGS खाता संख्या: 369350020004101 खाता नाम: कर्नाटका बैंक लि., जबलपुर शाखा, IFSC कोड: KARB0000369 |
| | | | | | कब्जा दिनांक/ कब्जा प्रकार सांकेतिक कब्जा दि. 01-11-2022 | | |

ऋणियों/बंधककर्ताओं का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय के संदर्भ में प्रतिभूत आस्ति के मोचन हेतुआकृष्ट किया जाता है।
नियम व शर्तो की अधिक जानकारी के लिए कर्नाटका बैंक की वेबसाईट www.karnatakabank.com में दी गई लिंक "Mortgaged Assets for Sale" को देखे।
ई-नीलामी पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से दिनांक 04.01.2024 को उपरोक्त वर्णित समय पर 05 मिनट के असीमित विस्तार के साथ आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को https://bankauctions.in/ पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा मेसर्स 4क्लोजर, 605 ए, छटी मंजिल, मैत्रीवनम, अमीरपेट, हैदराबाद - 500038 सम्पर्क नं.- 040-23736405, मोबाइल 8142000725, ई-मेल : arijit@bankauctions.in. से ई-नीलामी के लिए (अस्थाई रूप से दिनांक 03.01.2024 तक) ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

स्थान : मुम्बई
दिनांक : 29-11-2023
हस्ताक्षर/- मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी, कर्नाटका बैंक लिमिटेड


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेज- IV, गुडगांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल: customercare@shubham.co, बेवसाईट - www.shubham.co

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

यह आपको सूचित किया जाता है कि धरोहर ऋणकर्ता **शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कंपनी लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय 608, 609, छठवी मंजिल, ब्लॉक-सी अंसल एम्पेरियल टॉवर, कम्युनिटी सेन्टर, नारायणा विहार, न्यू दिल्ली-110028 (इसके पश्चात 'एसएचडीएफसीएल' के रुप में संबोधित) द्वारा आपके ऋण खाते को एनपीए के तौर पर घोषित कर चुका है एवं एसएचडीएफसीएल के आपके ऋण खाते के विरुद्ध संपूर्ण ऋण का भुगतान करने के उत्तरदायी है। आपको उपरोक्त राशि पर अनुबंध दर पर लागू भविष्य ब्याज के साथ प्रासंगिक व्यय, मूल्य, शुल्क आदि का भुगतान करने के उत्तरदायी है। इसलिए इस सूचना के दिनांक से 60 दिवस में एसएचडीएफसीएल को आपके संपूर्ण दायित्व का भुगतान करने के लिए आपको बुलाया जाता है असफल रहने पर एसएचडीएफसीएल को कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम होगी। ऋणकर्ताओं एवं धरोहर संपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है -

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं., ऋणकर्ता (ओं) का नाम | ऋणी का पता | मांग सूचना दिनांक एव राशि | सुरक्षित संपत्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0JBL1804000005012339, शिखा गुप्ता, सुनिल कुमा गुप्ता | 22 पुलिस स्टेशन के पास, भगत सिंह वार्ड, बम्हनोदा पनागर अभिमन्यु चौक, जबलपुर, मध्य प्रदेश-483220 | 22-11-2023 & ₹ 7,92,415/- | मौजा पनागर पहन 19/8/13, मकान नं.210, नगर पालिका परिषद पनागर सुभाष वार्ड वार्ड नं.6, छतरपुर रोड़, तेह. पनागर जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश-483220 |
| 2 | लोन नं. 0JBL2101000005033636, मंजु केवट, सुमित केवट, मुन्ना केवट | म नं.135, गुलाउ चौक गरहा विर सावरकर वार्ड टेन्ट हाउस के सामने, जबलपुर, मध्य प्रदेश-482003 | 22-11-2023 & ₹ 5,67,400/- | मकान एलआईजी 824, पूर्वा कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड नं.16, तेहसील एवं जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश-482001 |

स्थान : गुड़गांव
दिनांक : 29.11.2023
प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

# देश-प्रदेश

उवाच

## प्रधानमंत्री ने हर पल लोगों की चिन्ता की

**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाले जाने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर पल उनकी चिंता करते रहे, उनका हाल जानते रहे। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा कि श्रमिकों को सुरंग से निकालने के लिए जो प्रयास किए गए, उनके लिए मैं सबसे पहले प्रधानमंत्री का हृदय से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने राहत और बचाव कार्य के दौरान उत्तराखंड सरकार द्वारा किए गए प्रबंधन के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और उनकी सरकार को धन्यवाद तथा बधाई दी है।



### मुख्य सचिव पद से आज सेवानिवृत्ति होंगे इकबाल सिंह बैंस

# वीरा राणा प्रदेश की नई प्रशासनिक मुखिया होंगी

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष वीरा राणा राज्य की नई मुख्य सचिव होंगी। वे गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे इकबाल सिंह बैंस का स्थान लेंगी। वीरा राणा प्रदेश की दूसरी महिला प्रशासनिक मुखिया होंगी। पहले श्रीमती निर्मला बुच राज्य की मुख्य सचिव रह चुकी हैं।





1988 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी वीरा राणा ने आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की थी। इसके बाद यह तय माना जा रहा था कि वे राज्य की नई प्रशासनिक मुखिया होंगी। देर शाम उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार वीरा राणा को माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल तथा कृषि उत्पादन आयुक्त के वर्तमान कर्तव्यों के साथ मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राणा बैंस के बाद मध्य प्रदेश में पदस्थ सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं। वह मार्च 2024 में सेवानिवृत्त होंगी। इससे पहले प्रदेश के आईएएस अधिकारी अजय तिर्की, संजय बंदोपाध्याय और अनुराग जैन का नाम भी मुख्य सचिव की रेस में था, लेकिन यह अधिकारी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर है। इसमें अजय तिर्की दिसंबर 2023, संजय बंदोपाध्याय अगस्त 2024 और अनुराग जैन अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वहीं, सीएस के दावेदारों में मो.सुलेमान, आशीष उपाध्याय, विनोद कुमार, राजीव रजन, राजेश राजौरा, एसएन मिश्रा और मलय श्रीवास्तव का नाम भी चल रहा था। वर्तमान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को दो बार सरकार ने सेवावृद्धि दी। वह 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन सरकार ने उनको 1 दिसंबर 2022 को 6 माह की सेवावृद्धि दे दी। इसके बाद 1 जून 2023 को दूसरी बार 30 नवंबर तक के लिए सेवावृद्धि दी गई थी।


### आज संभालेंगी कार्यभार

गुरुवार को शिवराज मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में इकबाल सिंह बैंस को औपचारिक विदाई दी जाएगी और इसके बाद वीरा राणा नए मुख्य सचिव के रूप में दायित्व संभाल लेंगी। बताया जाता है कि इससे पहले मंत्रिपरिषद में उनका परिचय कराया जाएगा।

# सुरंग से निकाले गए श्रमिकों से मोदी ने की बात

**देहरादून, देशबन्धु।** सिल्क्यारा सुरंग से 17 दिन बाद निकाले गए श्रमिको से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह फोन पर बात की। एक बचाए गए शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि 41 मजदूरों ने सुबह की सैर और योग का अभ्यास करके अपना उत्साह बनाए रखा। एक अन्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बचाव टीमों की सराहना की। उनमें से एक ने कहा कि उन्हें चिंता करने की कोई बात नहीं है, क्योंकि जब सरकार विदेशों में भारतीयों को बचा सकती है, तो हम देश के भीतर ही थे। मंगलवार देर रात बचाए गए मजदूरों के साथ अपनी फोन पर बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि इतने दिनों तक खतरे में रहने के बाद सुरक्षित बाहर आने पर मैं आपको बधाई देता हूं। यह मेरे लिए खुशी की बात है। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। ईश्वर की कृपा है कि आप सभी सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बातचीत के एक वीडियो के अनुसार, मोदी ने बचाए गए लोगों से कहा कि 17 दिन का कम समय नहीं है। आप सभी ने बहुत साहस दिखाया और एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वह ऑपरेशन के बारे में जानकारी लेते रहते थे और लगातार मुख्यमंत्री के संपर्क में थे। पीएम ने कहा कि मेरे पीएमओ के अधिकारी भी वहां बैठे थे।

# बंगाल से अधिकतम सीटों के साथ भाजपा को केंद्र की सत्ता में लौटाएं : शाह



**कोलकाता, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बंगाल के लोगों से राज्य में अधिकतम सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केंद्र की सत्ता में वापस लाने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने बुधवार को यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को राज्य से ऐसा जनादेश दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गर्व से कह सकें कि वह बंगाल की वजह से तीसरी बार पीएम बने हैं। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली करने के बावजूद, भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव में 77 सीटें और 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 सीटें जीतीं।

साथ ही उन्होंने बंगाल के लोगों से 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लाने की अपील की। मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि वह प्रधानमंत्री की किसी भी विकास परियोजना को पटरी से उतारने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। उन्होंने कहा, मेरे पूरे राजनीतिक जीवन में, मैंने बंगाल जैसी स्थिति नहीं देखी जहां कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए। सुश्री बनर्जी पर राज्य को 'बर्बाद' करने का आरोप लगाते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठ अभी भी बढ़ रही है। शाह ने कहा, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम देश का कानून है और इसे कोई नहीं रोक सकता तथा हम इसे लागू करेंगे। उन्होंने तृणमूल सिंडिकेट पर मोदी द्वारा भेजी गई बड़ी रकम को बंगाल के गरीबों तक नहीं पहुंचने देने का भी आरोप लगाया।

अमित शाह ने सार्वजनिक रैली से पहले कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा बंगाल के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरी है। आगामी चुनावों में भाजपा की जीत और ममता दीदी (तृणमूल प्रमुख एवं मुख्यमंत्री) के नेतृत्व वाली टीएमसी का पतन निश्चित है। आज कोलकाता में 'प्रतिवाद सभा' को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं। इस बीच राज्य में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल नेताओं के 'भ्रष्टाचार' के कारण बंगाल के लोग अपने अधिकारों से वंचित हैं। अधिकारी ने आरोप लगाया कि बंगाल के लोग, जो केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी होने के पात्र थे, तृणमूल कांग्रेस नेताओं के भ्रष्टाचार के कारण अपने अधिकारों से वंचित हैं।

## साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला एक दिसंबर से

**नई दिल्ली।** संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल एक दिसंबर को साहित्य अकादमी का वार्षिक पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' का उदघाटन करेंगे जिसमें 40 से अधिक प्रकाशक और 50 साहित्यकार- कलाकार भाग ले रहे हैं। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बुधवार के यहां बताया कि पुस्तकायन पुस्तक मेले का द्वितीय संस्करण अपने परिसर में एक दिसंबर से नौ दिसंबर तक होगा। मेले का उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। वह साहित्य अकादमी पुस्तकालय में बच्चों के लिए नवनिर्मित 'चिल्ड्रन्स कॉर्नर' का भी उद्घाटन करेंगे।

## अभिनव कुमार बनाए गए उत्तराखण्ड के डीजीपी

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के नये डीजीपी का ऐलान हो गया है। 1996 बैच के आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को उत्तराखंड का कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। उत्तरखंड डीजीपी अशोक कुमार कल रिटायर हो रहे हैं। उनके रिटायर होने से पहले आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई है। 30 नवंबर को डीजीपी अशोक कुमार रिटायर हो रहे हैं।

### डाक मत पत्रों में कथित अनियमितताओं के मामले में हुई कार्रवाई

# बालाघाट में अब एसडीएम निलंबित

**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट में डाक मत पत्रों की समय से पहले शॉर्टिंग के मामले में एसडीएम गोपाल सोनी को निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह (तहसीलदार) को भी इसी मामले में निलंबित किया जा चुका है। अब एसडीएम सोनी पर निलंबन की गाज गिरी है। जबलपुर संभाग कमिश्नर के आदेश पर बालाघाट कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इस पूरे मामले की रिपोर्ट केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजी गई थी। इसके बाद ही ये एक्शन लिया गया है।

बता दें, बालाघाट के ट्रेजरी ऑफिस में बने स्ट्रॉन्ग रूम में पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आते ही प्रदेश की सियासत गरमा गई थी। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस हमलावर हो रही थी। आयोग भी कांग्रेस के निशाने पर आ गया था। इस निलंबन को लेकर कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने एक्स पर की अपनी पोस्ट में कहा कि इस मामले में पूर्व में नोडल अधिकारी भी निलंबित हो चुके हैं। अगर कांग्रेस इस मामले को लेकर कंफ्यूज्ड थी तो इतने लोगों का निलंबन क्यों हो रहा है। बालाघाट जिले से जुड़ा एक वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ कर्मचारी मतपत्रों को रखते हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बालाघाट जिले के इस वीडियो में कर्मचारी पोस्टल बैलेट पत्रों की गिनती कर रहे हैं। वहीं प्रशासन का तर्क था कि बैलेट पत्रों को व्यवस्थित तरीके से रखा जा रहा है। इस मामले में एक नोडल अधिकारी का निलंबन भी हो चुका है। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में निर्वाचन आयोग में शिकायती पत्र भी सौंपा था।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह और उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे पी धनोपिया ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के साथ राजधानी भोपाल स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में एक शिकायती पत्र सौंपा था।

कांग्रेस का आरोप था कि बालाघाट कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पोस्टल वोट में कथित तौर पर गड़बड़ी की है। उन्होंने कलेक्टर सहित उक्त कार्य में शामिल सभी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने की मांग की थी। पत्र में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि बालाघाट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा एक वीडियो भेजकर शिकायत प्रेषित की गई है, जिसमें कलेक्टर बालाघाट एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा पोस्टल वोट में कथित गड़बड़ी किया जाना सामने आया है।

### बालाघाट कलेक्टर पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी कांग्रेस

कांग्रेस अभी बालाघाट कलेक्टर मिश्रा पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सैयद जाफर का कहना है कि बालाघाट जिले में डाक मत पत्र के मामले में कलेक्टर और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. गिरीश मिश्रा की भूमिका भी संदिग्ध है, वे भी जल्दी ही फंसने वाले हैं। उन्होंने कई तथ्य छिपाए हैं। कांग्रेस पार्टी एमपी के जिम्मेदार अफसरों से अपील करती है कि अपने कर्तव्य का पालन करते हुए संविधान की मर्यादा का ध्यान रखें। जनता ने मैंडेट दे दिया है। उसे बदलने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने इस मामले की राष्ट्रीय चुनाव आयोग से भी शिकायत की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और सलमान खुर्शीद समेत पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल कल दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा और इस मामले की शिकायत की।

कांग्रेस का आरोप है कि बालाघाट में पोस्टल बैलेट के साथ छेड़छाड़ की गई है।

# दिग्विजय ने वित्त विभाग के अधिकारियों पर लगाए ढाई सौ करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने वित्त विभाग के अधिकारियों पर ढ़ाई सौ करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने मय सबूत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) के महानिदेशक को पत्र लिखा है।



श्री सिंह ने पत्र के साथ दस्तावेज और ऑडियो फाइल संलग्न की है, जिसमें कुछ व्हाट्सएप चैटिंग भी बतौर साक्ष्य शामिल हैं। इसी के साथ उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और कार्रवाई करने की मांग की है। दिग्विजय ने बताया कि उन्हें जो शिकायत मिली है उसके अनुसार राज्य मंत्रालय में लागू आई.एफ.एम.एस. सिस्टम का काम एक चहेती फर्म को देने के लिए वित्त विभाग के अधिकारियों ने वित्त मंत्री को विश्वास में लेकर यह ढाई सौ करोड़ रुपये के घोटाले को विधानसभा चुनाव घोषित होने के कुछ दिन पूर्व अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि आई.एफ.एम.एस. सिस्टम के काम के लिए पहले तो मनमानी शर्तें डालते हुए टी.सी.एस. जैसी टाटा की विश्व प्रसिद्ध कंपनी को प्रक्रिया से बाहर किया। फिर टेरा सी.आई.एस. टेक्नालॉजीस लिमिटेड, गुडगांव को टेंडर देने के लिए कार्यवाई शुरु कर दी। इस मामले में वित्त मंत्री के साथ-साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत केशरी की भूमिका संदिग्ध रही है। दिग्विजय ने उन्हें मिली शिकायत के हवाले से आरोप लगाया कि एक अन्य आई.ए.एस. अधिकारी ज्ञानेश्वर पाटिल भी आरोपी कंपनी के प्रतिनिधियों से मिलीभगत कर घोटाले में शामिल रहे। पहले यह टेंडर 2 सौ करोड़ रुपये का था, जिसे एजेंसी तय होने के दौरान बढ़ाकर 247 करोड़ रुपये कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस टेंडर घोटाले में करीब 50 करोड़ का लेन-देन हुआ है। रिश्वत की रकम विभिन्न माध्यमों से संबंधित अधिकारियों और मंत्री को दी गई है। ए.सी.एस. वित्त अजीत केशरी, ज्ञानेश्वर पाटिल, आयुक्त कोष एवं लेखा और टेरा टेक्नॉलाजी लिमिटेड गुडगांव से काम लेने वाले आंध्र प्रदेश की कंपनी पिक्सल वाईड सॉल्यूशन के डायरेक्टर प्रित्युश जी. रेड्डी के लिए काम करने वाले ग्वालियर निवासी देवेश अग्रवाल के बीच विभिन्न अवसरों पर वाट्सऐप पर हुई चेटिंग पत्र के साथ संलग्न है। इस पत्र के साथ सी.डी. में संलग्न ऑडियो में वित्त विभाग के शीर्ष अधिकारी हैदराबाद स्थित कंपनी के डायरेक्टर से डील पूरी करने की चर्चा करते सुने जा सकते है।

# गुजरात हाईकोर्ट ने लाउडस्पीकर पर अजान के खिलाफ जनहित याचिका खारिज की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें मस्जिदों से अजान या इस्लामी प्रार्थना के प्रसारण के लिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध पी. मायी की पीठ ने याचिका को पूरी तरह गलत करार दिया। बजरंग दल के नेता शक्तिसिंह जाला की जनहित याचिका में कहा गया कि लाउडस्पीकर के जरिए अजान देने से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे आम जनता, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और अन्य तरह की असुविधाएं होती हैं। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता के दावों में अनुभवजन्य साक्ष्य और वैज्ञानिक आधार का अभाव है। पीठ ने अपने फैसले में इस बात पर जोर दिया कि अजान, जो आमतौर पर अधिकतम 10 मिनट तक चलती है, डेसिबल स्तर तक पहुंचने की संभावना नहीं रहती है, जो ध्वनि प्रदूषण का खतरा बन सके। इसने याचिकाकर्ता की यह स्थापित करने की क्षमता के बारे में संदेह जताया कि अजान के दौरान लाउडस्पीकर के जरिए बढ़ाई गई मानवीय आवाज, सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करने के लिए पर्याप्त डेसिबल उत्पन्न कर सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील से मंदिर के अनुष्ठानों के दौरान घंटियों और घंटियों की आवाज़ के बारे में भी सवाल किया। पीठ ने पूछा, आपके मंदिर में सुबह की आरती भी ढोल-नगाड़ों और संगीत के साथ तड़के 3 बजे ही शुरू हो जाती है। उस समय बहुत से लोग सो रहे होते हैं। क्या इससे शोर नहीं होता? क्या आप दावा कर सकते हैं कि घंटे और घड़ियाल की ध्वनि केवल मंदिर परिसर तक ही सीमित है? कीर्तन-भजन, आठ घंटे चलने वाले अष्टयाम या 24 घंटे चलने वाले नवाह के लाउडस्पीकर के जरिए प्रसारण को ध्वनि प्रदूषण का कारण मान लिया जाए, तब आप क्या कहेंगे? ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए वैज्ञानिक तरीकों के अस्तित्व पर प्रकाश डालते हुए यह नोट किया गया कि जनहित याचिका में इस दावे को साबित करने के लिए ठोस डेटा या अध्ययन-निष्कर्ष प्रस्तुत करने की जरूरत है, ताकि प्रमाण रहे कि 10 मिनट की अजान से ध्वनि प्रदूषण हो सकता है।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिग्विजय ने लिखा पत्र

# लहार में डाक मतपत्र में गड़बड़ी का आरोप, भिंड कलेक्टर को हटाने की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** लहार में डाक मतपत्र में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने इस गड़बड़ी के लिए तत्काल भिंड कलेक्टर के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें हटाने की मांग की है।

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में दिग्विजय ने बताया कि 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित मतदान अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्रों के भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई और कुछ केन्द्रों पर मतदान अभिकर्ता जहां अंदर थे, उन्हें मतदान केन्द्र छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। यह कार्रवाई मतदान केन्द्रों पर तैनात पीठासीन पदाधिकारियों व सुरक्षा बलों के सदस्यों ने की। मतदान केन्द्रों पर लगे कैमरों की वीडियो फुटेज में भी यही देखा जा सकता है।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने लिखा कि वहीं जिन सरकारी कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रियाओं में तैनात किया गया था, उन्हें डाक मतपत्र जारी किए जाने थे। लेकिन 5 सौ से ज्यादा सरकारी सेवकों द्वारा फॉर्म 12 के तहत आवेदन के बाद भी उन्हें डाक मतपत्र जारी नहीं किए गए हैं।

पत्र में यह भी बताया गया कि इस संबंध में 11 नवम्बर को शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, परिणामस्वरूप 5 सौ से ज्यादा सरकारी कर्मचारी मतदान करने से वंचित रह गए। दिग्विजय ने पत्र में गंभीर अनियमितता के आरोप लगाते हुए कहा कि उसी निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार और उसके चुनाव अभिकर्ता को प्राप्त डाक मतपत्र के ठिकाने और उनके भंडारण के स्थान के बारे में खबर नहीं दी गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में डाक मतपत्र के भंडारण स्थान की जानकारी दी गई, जब उम्मीदवार के चुनाव अभिकर्ता ने जाकर देखा तो डाक मतपत्र के कई बक्सों की सील टूटी थी।

# अटेर के 2 मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने भिण्ड जिले के अटेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 11 और 12 की मतगणना पर रोक लगाए जाने और दोबारा मतदान की मांग की है। भाजपा ने आज यहां इस बारे में चुनाव आयोग को ज्ञापन भी सौंपा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन देकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 17 नवंबर को हुए मतदान के दिन अटेर विधानसभा के बूथ क्रमांक 11 और 12 (खडित 01 व खडित 02) पर असामाजिक तत्वों द्वारा कब्जा कर फर्जी मतदान कराए गया है।

अटेर से पार्टी प्रत्याशी डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने मतदान के एक दिन बाद ही भारत निर्वाचन आयोग को 16 मतदान केन्द्रों पर असामाजिक तत्वों द्वारा फर्जी मतदान बूथ कैप्चरिंग की शिकायत की गई थी, जिसमें ये दोनों मतदान केन्द्र भी शामिल थे। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा निर्वाचन आयोग, समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एस.एस. उप्पल एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी उपस्थित थे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0711/ अ-6/2023-24
**इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्छेदी लाल पिता भैयाराम उम्र 52 वर्ष निवासी- वार्ड नं. 52 संत नगर लाईन के पास ग्वारीघाट जिला- जबलपुर म.प्र. द्वारा मौजा पोलीपाथर प.ह.नं. 08 खसरा नं. 19/1, डाय. शीट नं. ..... डाय. प्लाट नं. .... रकवा 1073 वर्गफुट को रजि. विक्रय दिनांक 30/05/2005 के माध्यम से विक्रेता श्रीमती शांती बाई सेन पति एन.के. सेन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हस्तांतरण पत्र /फौती/ हकत्याग पत्र/दानपत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 04/12/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 20/11/2023 को जारी।
जारी दिनांक 20/11/2023
पेशी दिनांक 04/12/2023
**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 28/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुषमा सिंह पत्नी श्री रविनन्दन सिंह ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक 884/15 मोहनी होम्स बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46601850, 1000389971 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 628 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 665 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज बलवीर सिंह रघुवंशी पिता श्री हनुमंत सिंह रघुवंशी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 29/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शानू सिंह पिता स्व. श्री रामनारायण सिंह ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. सी-24/फैस-2 राजुल सिटी विलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004686639 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1233 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज कु. सलोनी चांडक पत्नी राजीव चांडक, राजीव चांडक पिता मोतीलाल चांडक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 1, गढ़ा नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक/स.अधि./01/गढ़ा 2023/एम/273 (2023-24), दिनांक 28/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. विनोद कुमार शुक्ला पि. श्री स्व. एन. के. शुक्ला 2. श्रीमती अलका शुक्ला पति श्री विनोद शुक्ला 3. श्री संकल्प शुक्ला पि. श्री विनोद शुक्ला ने भूखण्ड क्र. 2 बी प्लाट 176 पिन क्र. 1004414004 वार्ड क्र. 05 वार्ड सर. बल्लभ भाई के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) अतुल कुमार मिश्रा पि. सरजू प्र. मिश्रा 2. स्वाती मिश्रा पति अतुल मिश्रा के स्थान पर क्षेत्रफल 3500 वर्ग. भूमि विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-01 गढ़ा में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जावेगा। नामांतरण के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
**संभागीय अधिकारी संभाग -1 गढ़ा नगर निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 127
दिनांक 28/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री दीपक कुमार उपाध्याय, पिता- श्री सतीश कुमार उपाध्याय के द्वारा वार्ड 75 शहीद बिरसा मुण्डा वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003433153 के पंजीकृत स्वामी श्री राजेश कुमार पटेल, पिता- श्री प्रहलाद पटेल के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 95/1, 95/2 का खुली भूमि रकवा 121074 व.फु., जिसका मौजा उर्दुवा खुर्द नारायण धाम नगर नया खसरा नं. 95/1/1 एवं 95/1/2 में स्थित प्राईवेट ले- आउट प्लाट नं. 59 का विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर रिपोर्ट , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 126
दिनांक 28/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री मुकेश कुमार मालवीय, पिता- श्री गोकुल प्रसाद मालवीय एवं श्रीमती ज्योति मुकेश मालवीय, पति- श्री मुकेश मालवीय के द्वारा वार्ड 75 शहीद बिरसा मुण्डा वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003616794 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती सविता शर्मा, पति- श्री कमलेश शर्मा, के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 132 का दर्ज प्लाट रकवा 7500 व.फु., जिसका मौजा महाराजपुर प्लाट नं. पुराना 4 नया 3 का भाग में से विक्रय प्लाट 720 व.फु., जिस पर निर्मित तल मंजिल 700 व.फु. एवं प्रथम मंजिल 700 व.फु., विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्ति लेजर रिपोर्ट , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 128
दिनांक 29/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि सुजाता सिंह, पुत्री श्री हरि सिंह, पति- श्री हेमंत सिंह के द्वारा वार्ड 75 शहीद बिरसा मुण्डा वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000624538 के पंजीकृत स्वामी श्री अखिलेश श्रीवास्तव, पिता- श्री पुरूषोत्तम लाल श्रीवास्तव, के नाम से दर्ज शिवशक्ति गृह निर्माण समिति महाराजपुर का दर्ज निर्मित तल मंजिल 630 व.फु., जिसका मौजा महाराजपुर भूमि नया खसरा नं. 323/42 का हिस्सा प्लाट नं. 113 का विक्रय रकवा 1000 व.फु., उस पर निर्मित विक्रय/ क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्ति लेजर रिपोर्ट , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 28/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रश्मि राजपूत - मयूर राजपूत पिता श्री करन सिंह राजपूत ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 307 तृतीय तल दत्त गार्डन न्यू तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380302 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित तृतीय तल 1100 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज राम कुमार गुप्ता पिता स्व. महावीर प्रसाद गुप्ता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 29/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निर्मला श्रीवास पत्नी श्री अमर श्रीवास ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-67 फैस-सी राजुल टाउनशिप तिलहरी तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46701498, 1000378757, डोर-टू-डोर 1000171967 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 825 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 825 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज हुसना सिद्धिकी पति अब्दुल मकसूद सिद्धिकी नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 29/11/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निर्मला श्रीवास पत्नी श्री अमर श्रीवास ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक ई-11 अनूप बिहार आर्मी बेलफेयर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003278632 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित प्रथम तल 615 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/ बंटवारानामा, शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्ज वर्धमान सिंह पिता श्री राकेश बहादुर सिंह नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

जबलपुर, गुरूवार 30 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इन चुनावों से खुलेंगी नयी राहें

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में दक्षिणी राज्य तेलंगाना में गुरुवार को मतदान हो जाने के बाद अब सीधे अगले वर्ष के मध्य में लोकसभा के चुनाव होंगे। जैसा सियासी माहौल प्रचार अभियानों के दौरान नज़र आया और विश्लेषकों को महसूस हुआ है उससे यह राय सहज ही बन रही है कि इन राज्यों के मतदान के जो परिणाम 3 दिसम्बर को आएंगे उनसे जनता के समक्ष नयी राहें खुलने जा रही हैं जो मौजूदा परिस्थितियों से देश को निकालने में सक्षम होंगी।

वैसे तो एक संघीय ढांचे के अंतर्गत हर स्तर के चुनावों का अपना महत्व होता है; चाहे वह स्थानीय निकायों का ही क्यों न हो, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में अराजकता का माहौल पैदा किया है उससे यह बात तो साफ हो गयी है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रह सकता। वैसे तो 2014 में पहली बार पीएम बनने के बाद से ही मोदी ने सारी ताकत अपने हाथों में लेकर जनता पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था, लेकिन उनका और भी अलोकतांत्रिक व्यवहार दूसरी बार अधिक विशाल बहुमत प्राप्त करने के बाद और भी बड़े स्वरूप में देखने को मिला। जितना खुलकर उन्होंने विपक्षी सरकारों को अस्थिर या परेशान किया, वैसा कभी भी भारत में देखने को नहीं मिला था। उनका 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा कब 'विपक्ष मुक्त भारत' में बदल गया, पता भी नहीं चला। इस अलोकतांत्रिक नारे को उन्होंने ऐसा लोकप्रिय बना दिया कि लोग विधायकों की खरीद-फरोख्त कर या डरा-धमकाकर निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने की काली करतूतों को 'चाणक्यगिरी' या 'ऑपरेशन लोटस' का नाम देकर महिमामंडित करने लगे।

यह ऐसा भी समय है जब मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का खुला उपयोग विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिये किया जा रहा है। इन एजेंसियों के लिये सम्भवत: स्पष्ट निर्देश हैं कि उनकी कार्रवाइयां केवल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही होनी हैं। भाजपा व उनके समर्थक दलों व लोगों की ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें से एक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप की ओर से 508 करोड़ रुपये देने का आरोप लगाया गया तो वहीं मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री के पुत्र, जो दिल्ली से आकर विधायकी का चुनाव लड़ रहे हैं, वीडियो पर 100 और 500 करोड़ रुपयों की डील करते दिखते हैं। उनके घर पर प्रवर्तन निदेशालय, आयकर या सीबीआई के अधिकारी नहीं पहुंचते। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका एक तरह से भाजपा को मदद देने मात्र की रह गई है।

इन पांच राज्यों के चुनावों में, खासकर हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलने की भी कोशिश हुई जो नाकाम रही। उसके मुकाबले जनहित के मुद्दे हावी रहे। यहां तक कि विकास की चर्चा से दूर भागने वाली भाजपा को इन तीनों प्रदेशों में चुनाव जीतने के लिये वादों और गारंटियों की बात करनी पड़ी। उसे शिक्षा, रोजगार, खेती-किसानी, स्वास्थ्य आदि को भी अपने घोषणापत्रों में शामिल करना पड़ा जो उसकी परम्परा के अनुकूल नहीं है- खासकर हाल के वर्षों में। उम्मीद है कि अगर इन राज्यों में भाजपा की हार होती है, जिसके अनुमान कई विश्लेषक, सर्वेक्षण आदि कर रहे हैं, तो भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में नये सिरे से मुद्दों की तलाश करनी होगी। हालांकि अयोध्या के नवनिर्मित राममंदिर को बेशक मुद्दा बनाया जायेगा जिसका उद्घाटन मोदी के हाथों 22 जनवरी को होने जा रहा है। फिर भी वर्तमान राजनैतिक माहौल में लगता है कि जनता इसे विशेष तवज्जो नहीं देगी तथा इन्हीं चुनावों के नतीजे राममंदिर मुद्दे को पहले से ही बेअसर कर देंगे।

इसी सम्भावित पराजय के कारण इन राज्यों के पूरे प्रचार अभियान के दौरान बौखलाई भाजपा एवं मोदी कांग्रेस, विशेषकर उसके प्रमुख नेता राहुल गांधी को अपने खास निशाने पर लेते रहे। उनके लिये अपशब्दों के जरिये अपमान होता रहा, लेकिन पिछले साल की 7 सितम्बर से इस वर्ष 30 जनवरी तक राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने जो परिदृश्य बदला है, उसके कारण लोगों का उनसे बड़े पैमाने पर जुड़ाव हुआ। उनका लोगों से नये सिरे से परिचय हुआ और इसी दौरान मोदी का असली रूप भी सामने आने लगा। उनकी हर मोर्चे पर नाकामी, कारोबारी गौतम अदानी व मुकेश अंबानी की उनके साथ मित्रता आदि ऐसे अनेक मुद्दे सामने आये जिसने मोदी की मेहनत व करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई छवि को ध्वस्त कर रख दिया।

इन चुनावों ने राहुल व कांग्रेस को बहुत सशक्त एवं एकजुट किया है। कुछ राज्यों में उनके नेताओं के बीच जो मतभेद थे वे भी जीत की प्रत्याशा में समाप्त हो गये। इसके विपरीत यह भी आशंका है कि जिस तरह से भाजपा की बड़ी पराजय के अनुमान लगाये जा रहे हैं, उससे खुद मोदी को अगले प्रधानमंत्री पद की दावेदारी प्रस्तुत करने में दिक्कत आ सकती है क्योंकि उनके साथ या उनके चेहरे पर चुनाव लड़ने में उनकी पार्टी के ही नेता व सांसद परहेज कर सकते हैं। कांग्रेस और उसके नेतृत्व में बना संयुक्त प्रतिपक्षी इंडिया गठबंधन दोनों उत्साहित हैं। इंडिया व भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बीच आमने-सामने का पहला मुकाबला भी अगले लोकसभा चुनावों में होगा। सम्भवत: इन चुनावों के परिणामों से भारतीय जनतंत्र की नयी राहें खुल सकती हैं।

# बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपने उपन्यास एनिमल फॉर्म में जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा है- ऑल एनिमल्स आर इक्वल, बट सम एनिमल्स आर मोर इक्वल दैन अदर्स। यानी सभी जानवर समान हैं, लेकिन कुछ जानवर दूसरों की तुलना में अधिक समान हैं। बराबरी के दिखावे पर यह अनुपम उदाहरण सोशल मीडिया साइट एक्स की एक पोस्ट को देखकर याद आया। इसमें एक नोटिस की तस्वीर शेयर की गई थी। नोटिस में अंग्रेजी में लिखा था- हाउस मेड्स, डिलीवरी ब्वॉयज़, एंड वर्क्स शुड नॉट यूज़ पैसेंजर्स लिफ्ट. इन केस दे आर कॉट, दे विल बी फाइन्ड रुपए 1000. ये किस शहर और किसी सोसाइटी में लगा हुआ नोटिस है, ये तो पता नहीं, और ये भी कहना कठिन है कि जिन लोगों के लिए यह गैरकानूनी नोटिस चिपकाया गया है, उनमें से कितनों को इसकी भाषा समझ आई होगी। यह नोटिस अंग्रेजी में है, और देश के कामगार तबके के अधिकतर लोग प्रांतीय भाषाओं और बोलियों को ही जानते हैं। इस नोटिस को जिस किसी ने भी तैयार किया है, उसने किस आधार पर पकड़े जाने पर एक हजार रुपए के जुर्माने की बात लिखी है, यह भी समझ से परे है। क्योंकि लिफ्ट में जाना कोई कानूनन अपराध नहीं है। पकड़े जाने जैसी शब्दावली ऐसे लग रही है, मानो चोरी या कत्ल करते हुए कोई पकड़ा गया है। वैसे इस चेतावनीनुमा नोटिस में जो कुछ भी लिखा है, वो नए भारत का कड़वा सच है। करीब 12-15 पहले खबर पढ़ी थी कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों का गढ़ बन चुके गुड़गांव की एक बहुमंजिला इमारत में घरेलू सहायकों और कुत्तों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था की गई है और वहां रहने वाले बाशिंदों के लिए अलग लिफ्ट है। तब देश में यूपीए सरकार थी और मीडिया उद्योगपतियों का पूरी तरह से गुलाम नहीं बना था, इसलिए ऐसी खबरें अखबारों में छप जाया करती थीं। हालांकि समाज में भेदभाव तब भी मौजूद था, अब भी उतनी ही सघनता से विद्यमान है। फर्क इतना ही है कि अब जैसे ही मौका मिलता है, भेदभाव तरल होकर समाज में खुल कर बहने भी लगता है। एक दशक पहले तक समाज में इंसानियत के लिहाज की मात्रा थोड़ी अधिक थी, आंखों में शर्म थोड़ी बहुत दिख जाती थी। अब वह सब बड़ी तेजी से विलुप्त होता जा रहा है। बिल्कुल आयातित चीतों की तरह।

बहरहाल, कामगारों के लिए अलग लिफ्ट वाले इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं। यह तथ्य पता नहीं कितने लोगों को याद है कि देश में कोरोना का प्रवेश हवाई यात्रा करने वालों की बदौलत हुआ है। यह भी सोचने की बात है कि आखिर किन कारणों से झुग्गी-झोपड़ियों या निचली बस्तियों में गंदगी और बीमारी फैलती है। क्यों वहां के लोग अच्छी हवा और पानी से वंचित रहते हैं। उनके हक को कौन मारकर अपनी जेबें और कोठियां भर रहा है। चंद लोगों के विलासितापूर्ण जीवन का भुगतान लाखों लोगों को क्यों करना पड़ रहा है। ऐसे सवाल समाज में अक्सर असुविधा पैदा कर देते हैं, इनके जवाब ढूंढने में खुद का सामना आईने से हो जाता है। इसलिए बेहतर यही होता है कि ऐसे मामलों की तह में जाएं ही नहीं और जैसा चल रहा है, वैसा ही चलने दें। जब देश गुलाम था, तब लोगों को खरीदने-बेचने का चलन था, दास प्रथा चलती थी, निचली जाति या हैसियत के लोगों को धन और सत्ता की शक्ति से संपन्न लोगों की चाकरी करनी पड़ती थी। देश आजाद हो गया, तो संविधान निर्माताओं ने भारत की इस सामाजिक सच्चाई को समझते हुए नियम-कानून बनाए। सबके लिए बराबरी का अधिकार निश्चित किया। हालांकि वे भी जानते थे कि भारत अपनी भेदभाव वाली मानसिकता से इतनी जल्दी नहीं उबर पाएगा, फिर भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अपनी ओर से नए भारत को जो बेहतरीन तोहफा दे सकते थे, वो संविधान के रूप में दिया। अफसोस ये है कि इस संविधान का पूरा लाभ उन नागरिकों को ही नहीं मिल रहा है, जिन्हें खास तौर पर ध्यान में रखते हुए बराबरी के अधिकार को शामिल किया गया है। चाकरी, गुलामी, दासता, जो कह लें, शक्तिशाली और प्रभावशाली लोगों की बदौलत अब भी समाज में विद्यमान हैं।

तीन दिन पहले ही देश की सरकार ने संविधान दिवस मनाया है। मोदी सरकार के आने के बाद से 26 जनवरी के साथ-साथ 26 नवंबर का महत्व भी बढ़ा दिया गया है। इस बार तो प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन मन की बात भी की, क्योंकि महीने का आखिरी रविवार था। खैर, 26 नवंबर के ही दिन हमारे रिहायशी इलाके के व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक चर्चा छिड़ी, जिसमें इस बात पर कुछ लोगों ने आपत्ति जतलाई कि सोसाइटी परिसर के भीतर मौजूद ब्यूटी पार्लर में घर में काम करने वाली मेड्स यानी सहायिकाओं को क्यों प्रवेश दिया जा रहा है। बाकायदा सवाल उठाया गया कि फेशियल, मेनिक्योर, पेडिक्योर या बाल कटवाने के लिए ये सहायिकाएं उस पार्लर में कैसे जा सकती हैं, और इनके पास इतने पैसे कहां से आते हैं कि ये पार्लर का खर्च उठा सकें। कुछ लोगों ने यह मांग भी उठाई कि पार्लर के मालिक के खिलाफ शिकायत कर इसे बंद करवाना चाहिए। इस सवाल को देखकर मन भीतर तक वितृष्णा से भर उठा कि आखिर सभ्य समाज में रहने वाला इंसान इतनी गिरी हुई सोच कैसे ला सकता है और इतना दुस्साहस कैसे जुटा सकता है कि ऐसे सवाल उठाए। हालांकि ये देखकर संतोष हुआ कि कुछ लोगों ने फौरन ऐसे सवाल का प्रतिवाद किया और पूछा कि हम इन मेड्स से अपना घर साफ करवा सकते हैं, इनका बनाया भोजन ग्रहण कर सकते हैं, अपने बच्चों को इनके भरोसे छोड़ सकते हैं, लेकिन अगर ये अपने सौंदर्य पर अपने पैसे खर्च करना चाहें और संपन्न घरों की महिलाओं की तरह पार्लर में जाएं, तो किसी को तकलीफ क्यों होनी चाहिए।

कामगारों के लिए अलग लिफ्ट से होते हुए बात पार्लर जाने पर आपत्ति तक पहुंच गई, लेकिन मूल सवाल वही बना हुआ है कि आखिर धर्म, जाति, नस्ल और आर्थिक स्थिति का यह भेदभाव किस तरह खत्म होगा। संविधान ने केवल रास्ता दिखाया है, उस पर चलने की इच्छाशक्ति समाज को ही दिखानी होगी। फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन का एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था, जिसमें वे एक बिल्डिंग को खरीदते हैं और कहते हैं कि आपने इसके 10 लाख रुपए और मांगे होते तो भी मैं दे देता। आज से बीस बरस पहले जब ये बिल्डिंग बन रही थी, तो मेरी मां ने इसमें ईंटें उठाई थीं। आज मैं ये बिल्डिंग अपनी मां को तोहफे में देने जा रहा हूं। अब जिंदगी तो कोई फिल्म नहीं है, जिसमें इस तरह के संवाद कहने-सुनने मिलें। ऊंची इमारतों से लेकर, चौड़ी सड़कों और उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग तक, सबमें मजदूरों का खून-पसीना लगा होता है। एक बार निर्माण हो जाने के बाद इन पर पूंजीपतियों का कब्जा हो जाता है। मजदूर न लाखों-करोड़ों के घरों में कभी रह पाते हैं, न इन सड़कों पर रफ्तार भरने वाली गाड़ियों पर सवार हो पाते हैं। उन्हें उनकी मजदूरी के अतिरिक्त कोई तोहफा भी नहीं मिलने वाला। लेकिन संविधान में उनको जिस बराबरी का हक मिला हुआ है, उसे किसी भी तरह न मारा जाए, इतना ही ध्यान समाज रख ले तो गैरबराबरी दूर करने में यह बड़ा कदम होगा। फिर किसी बेटे को अपनी मां को तोहफा देने के लिए बेईमानी की राह पर नहीं चलना पड़ेगा।

**कामगारों के लिए अलग लिफ्ट वाले इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा।**

# तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस

■ कल्याणी शंकर

जैसे-जैसे तेलंगाना चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंचा, भारत का सबसे युवा राज्य त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

2014 में अपनी स्थापना के बाद से बी.आर.एस. प्रमुख के.चंद्रशेखर राव शीर्ष पर रहे हैं। वह हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। हालांकि, सत्ता विरोधी लहर उनके लिए एक बड़ी चुनौती है। अलग तेलंगाना आंदोलन का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के बावजूद, उन्हें विभिन्न कारणों से लोकप्रियता में गिरावट का सामना करना पड़ा है।

2018 में, आश्चर्यजनक रूप से, चुनावों को समय से पहले रखते हुए, टी.आर.एस. 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने 19 और ए.आई.एम.आई.एम. ने 7 सीटें जीती थीं। वर्तमान में बी.आर.एस. अन्य दलों को तोड़कर कुल 99 सीटें बना चुकी हैं, जबकि कांग्रेस के पास 8 विधायक हैं। ए.आई.एम.आई.एम. और भाजपा के पास क्रमश: 7 और 6 विधायक हैं।

केसीआर ने अपने बेटे और बेटी सहित अपने परिवार के सदस्यों को प्रमुख पदों पर स्थापित किया है। उनके बेटे, केटी रामा राव, उपमुख्यमंत्री हैं, उनकी बेटी, कविता, एक सांसद हैं, और उनका भतीजा एक मंत्री है।

राव के पास अपने और अपने परिवार के लिए बड़ी योजनाएं हैं। जीतने के बाद, वह अपने बेटे को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। राज्य स्तर के राजनेता होने से संतुष्ट नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति पर अपनी नजरें जमा ली हैं।

पहले कदम के रूप में, केसीआर ने पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया, जो अधिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण की ओर बदलाव का संकेत है।

राव ने पिछले दशक में तीसरा मोर्चा, संघीय मोर्चा और जिंजर ग्रुप बनाने का प्रयास किया था, लेकिन कोई उन्हें गंभीरता से लेने वाला नहीं था। नवगठित विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भाजपा को चुनौती देने के अपने उद्देश्य के बावजूद, अभी तक केसीआर को अपने साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। उनका आरोप है कि केसीआर भाजपा की बी टीम है।

यह चुनाव तीन प्राथमिक खिलाड़ियों के लिए एक सफल क्षण है, क्योंकि भाजपा तेलंगाना को दक्षिणी राजनीति में लाभ पाने के एक अवसर के रूप में देखता है। नतीजे निस्संदेह अगले साल के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे।

तेलुगु देशम पार्टी (टी.डी.पी.) एक समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक खिलाड़ी थी, लेकिन पिछले दशक में कमजोर हो गई है। इसके नेता चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि पार्टी आगामी चुनावों में भाग नहीं लेगी। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है और बी.आर.एस. के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है।

राज्य में मुख्य विपक्षी दल बनने का भाजपा का लक्ष्य दूर की कौड़ी है। नगर निगम चुनाव में सुधार के बावजूद अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गई है। कर्नाटक में दो बार जीतने के अलावा, भाजपा का एन.आर. कांग्रेस के साथ गठबंधन को छोड़कर, दक्षिण भारत में कोई महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं है। भाजपा उत्तर में किसी भी संभावित नुकसान को संतुलित करने के लिए दक्षिण में अधिक सीटें हासिल करने का इरादा रखती है, जहां उनका विस्तार पहले से ही अपने चरम पर है।

कांग्रेस को 2014 में दबाव में आकर आंध्र प्रदेश को बांटने का अफसोस है। हैरानी की बात यह है कि यह कदम उल्टा पड़ गया क्योंकि लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया और तेलंगाना में टी.आर.एस. तथा आंध्र प्रदेश में वाई.एस.आर.सी.पी. को अपना लिया।

केसीआर ने दो निर्वाचन क्षेत्रों, गजवेल और कामारेड्डी से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। गजवेल में उनका मुकाबला बी.आर.एस. के एक बागी से है, जबकि कामारेड्डी में उनका मुकाबला कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी से होगा। उन्होंने जोखिम लेने के बावजूद पार्टी में किसी भी विद्रोह से बचने के लिए सभी मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों को बरकरार रखा है।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी प्रतियोगिता में सबसे आगे है, उसके बाद बी.आर.एस. और भाजपा। बी.आर.एस. की पिछली बार की तुलना में कम सीटें जीतने की उम्मीद है, जबकि कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है। ए.आई.एम.आई.एम., जिसकी सीमित उपस्थिति है, वही सीटें बरकरार रख सकती है। कुछ स्वतंत्र उम्मीदवार एक या दो सीटें जीत सकते हैं। भाजपा के चौथे स्थान पर रहने की उम्मीद है।

केसीआर का मानना है कि उनके काम से उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने सिंचाई और कृषि के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित किया है। गूगल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 2014 से पहले भी हैदराबाद में निवेश किया है। तेलंगाना की जी.डी.पी. दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। लेकिन नकदी से समृद्ध राज्य पर भारी कर्ज का बोझ है।

भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं।

रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है। सोनिया गांधी ने मतदाताओं का दिल जीतने के लिए छह लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की, जिसमें महिलाओं के लिए 2500 रुपये और किसानों के लिए 15000 रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने भीड़ को यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस ने 2014 में तेलंगाना बनाया था।

केसीआर की सफलता उनकी राजनीतिक रणनीति पर निर्भर है। इसके विपरीत, उनके विरोधी उनके परिवार की आलोचना करते हैं और उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। केसीआर 2014 में तेलंगाना मुद्दे पर विजयी हुए और 2018 के चुनाव में किसानों का समर्थन किया। हालांकि, वर्तमान में, उन्हें सत्ता विरोधी लहर, पुनर्जीवित कांग्रेस और केंद्र का सामना करना पड़ रहा है वह अपनी बेटी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।

कांग्रेस को गेम ऑफ थोर्न्स में सत्ता हासिल करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बदलाव का मूड है। जब लोग परिवर्तन लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं, तो वे किसी भी चुनौती या बाधा के बावजूद ऐसा करेंगे।

**भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं। रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है।**

## पावन प्रसंग

# अहिंसा मानवता का उज्जवल प्रतीक है

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमे संर्कीणता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल-विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधन प्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय को परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी स्थिति वही होगी जो समुद के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियाँ युग युग से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती वह तो वीरता सीखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है। अहिंसा का स्वर है । हे मानव । तुं अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को मत छीनों। किसी देश या समाज के आंतरिक मामलो में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समजाने का प्रयास करो। और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी के प्राणों को मत लूंटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो। अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुँह छिपाकर मत बैठो।

अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्यायों को सहन करें क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा ही क्या है? जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा, अहिंसा नहीं है। वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का दिव्य संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरूष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करूणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा यदि कोई दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी उधर कर दो। गांधीजी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का अप्रतिहत प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मजदूरों के लिए मजदूर बन गए विश्वकर्मा

12 नवंबर को जब पूरा देश दिवाली का उत्सव मना रहा था तब उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा डंडालगांव टनल में 41 कार्यरत मजदूर जिंदगी और मौत की जंग में उलझ गए थे। टनल का एक हिस्सा धसक जाने से मजदूरों का बाहर आने का रास्ता बंद हो चुका था। मजदूरों को बचाने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशंस उम्मीद जगाने के बाद असफल भी हो रहे थे! ऐसे चुनौती पूर्ण ऑपरेशन में 25 टन की आगर मशीन ने भी दम तोड़ दिया! इस कठिन समय में टनल में फंसे मजदूरों को निकलने का संकल्प सोमवार 27 नवंबर को रेट होल माइनर्स ने अपने कंधों पर लेकर उम्मीद की नई किरण जगाई। रेट होल माइनर्स के जंगी- जवानों ने मात्र 800 एमएम के पाइप में घुसकर खुदाई का काम शुरू किया। यह रेट होल माइनर्स का जुनून ही था, जिसने हर कठिनाई को पीछे धकेलते हुए आखिरकार 17 दिनों तक अंधकार की दुनिया में खो चुके मजदूर साथियों को सूरज की किरण तक का सफर कराया। रेट होल माइनर्स ने लगभग 60 मीटर की खुदाई ठीक उसी तरह की जिस तरह चूहे अपना बिल अथवा सुरंग जमीन के भीतर बनाने किया करते हैं। यही कारण है कि इस दल को रेट होल माइनर्स नाम दिया गया है। इस दल से जुड़े लोगों को करोड़ों-अरबों रुपए का व्यापार करने वाली फिल्मों के हीरो से कहीं बड़ा हीरो माना जाना चाहिए। सफलतापूर्वक मजदूर साथियों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स हीरोज के चेहरों की मुस्कान मानव सेवा की बड़ी जीत की कहानी कहती नजर आ रही है। कतरा- कतरा मलबा चूहों की तरह बाहर निकालने के बाद भी उनके शरीर में थकान का नामो निशान दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुझे टी वी पर वह विजय दृश्य देख यही लग रहा था- मानो आज मजदूरों के लिए मजदूर विश्वकर्मा बनकर सामने आए हैं। टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स के जांबाजों ने जो कहानी बयां की वह वास्तव में मानव के प्रति मानव के संघर्ष का बड़ा उदाहरण मानी जा सकती है। जवानों का कहना था कि हम जैसे ही संघर्षरत मजदूर साथियों के पास पहुंचे, उन्होंने भावह्विल होकर हमें गले लगाया। वह ऐसा क्षण था जैसे 'डूबते को तिनके का सहारा मिल गया हो' इतना ही नहीं, मजदूरों को पहुंचाए जाने वाले भोजन तथा स्वास्थ्यवर्धक सामग्री में से अपने पास बचा कर रखे बादाम के दानों को उन्होंने रेट होल माइनर्स साथियों को देकर उनका अभिनंदन और धन्यवाद भी किया। अपने साथियों से गले लग कर उन्होंने अपने 17 दिन की व्यथा को क्षण भर में भुला दिया। रेट होल माइनर्स टीम के दल प्रभारी का यह कहना कि - हमें विश्वास था हम अपने साथियों को बाहर निकाल लेंगे। कहीं न कहीं चुनौतियों को अंगूठा दिखाने से कम नहीं था! उन्होंने यह कहकर कि टनल में फसे लोग मजदूर हैं और हम भी मजदूर हैं। आज वे मुसीबत में है , कल हम भी हो सकते हैं। आज हम उन्हें बचाएंगे तो कल वह भी हमारे लिए सहारा बनकर खड़े होंगे। यह भाईचारे की मिसाल बनकर सदैव 'वसुधैव कुटुंबकम्' को सार्थक करने वाली भावना बनकर सामने आती रहेगी।

मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने के बाद उन्हें सीधे उनके घर न भेज कर स्वास्थ्यगत कारणों से मेडिकल सुविधा में रखना भी एक स्वस्थ सोच का परिणाम है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने पूर्ण स्वस्थ होने तक उन्हें सुविधा प्रदान करने की जो बात कही है वह उनकी जवाबदारियों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। 41 मजदूरों का 17 दिन बाद अपने परिजनों के संपर्क में आना उनके लिए सबसे बड़ी दिवाली है। मजदूर का परिवार वैसे भी खतरों का खिलाड़ी ही हुआ करता है। गगनचुंबी ऐतिहासिक इमारतों के निर्माण की बात हो या फिर आम जनों के लिए बनाई जाने वाली अनेक मंजिलों वाले मकानो की श्रृंखला, मजदूर वर्ग खतरों से बेखबर हमारे सपनों की दुनिया को साकार करने हर समय प्रयास करता देखा जा सकता है। मजदूरों के सफलतापूर्वक बाहर आ जाने के बाद हम हर उस शख्स की बहादुरी को नमन करना चाहते हैं जिसने मिशन में थोड़ा सा भी सहयोग प्रदान किया हो।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**

# अब एक सौ छब्बीस टेबिल पर होगी ईव्हीएम के मतों की गणना

## बरगी, जबलपुर उत्तर, पनागर और सिहोरा की 18-18 राउंड में होगी गिनती पूरी

## पाटन, जबलपुर पूर्व और जबलपुर पश्चिम में होंगे मतगणना के 17-17 राउंड

## केंट की 16 चक्र में पूरी होगी मतों की गणना

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिये 17 नवंबर को हुये मतदान में जिले के आठों निर्वाचन क्षेत्र के 2 हजार 132 मतदान केंद्रों पर डाले गये वोटों की गिनती अब 126 टेबिलों पर की जायेगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने जिले से भेजे गये प्रस्ताव पर विधानसभा क्षेत्र पाटन और पनागर में चार-चार तथा विधानसभा क्षेत्र बरगी, जबलपुर पश्चिम एवं विधानसभा क्षेत्र सिहोरा में ईव्हीएम पर डाले गये मतों की गणना के लिये दो-दो अतिरिक्त टेबल लगाने की मंजूरी दे दी है।

विधानसभा क्षेत्र पाटन और पनागर के वोटों की गिनती अब 18-18 टेबल पर तथा विधानसभा क्षेत्र बरगी, जबलपुर पश्चिम और सिहोरा के ईव्हीएम के मतों की गिनती 16-16 टेबल पर की जाएगी। जिले के शेष तीन विधानसभा क्षेत्रों जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और जबलपुर केंट के ईव्हीएम के मतों की गणना में 14-14 टेबल का ही इस्तेमाल किया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार निर्वाचन आयोग से पाँच विधानसभा क्षेत्रों के गणना कक्ष में अतिरिक्त टेबल लगाने की मिली अनुमति से अब कहीं भी मतगणना के अठारह से अधिक राउंड महीन होंगे। चार विधानसभा क्षेत्र बरगी, जबलपुर उत्तर, पनागर और सिहोरा के मतों की गणना 18-18 चक्र में पूरी होगी। वहीं तीन विधानसभा क्षेत्र पाटन, जबलपुर पूर्व एवं जबलपुर पश्चिम के वोटों की गिनती 17-17 चक्र में पूरी होगी। ईव्हीएम के वोटों की गिनती के सबसे कम 16 राउंड जबलपुर केंट विधानसभा क्षेत्र में होंगे।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार अब विधानसभा क्षेत्र पनागर के 310 मतदान केंद्रों पर ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना 18 टेबल पर की जायेगी। इस विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती के 18 राउंड होंगे। अठारहवें और अंतिम राउंड में पनागर विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती की जायेगी।

इसी प्रकार पाटन विधानसभा क्षेत्र के 306 मतदान केंद्रों में ईव्हीएम में पड़े मतों की गणना 17 राउंड में पूरी होगी। सत्रहवें और अंतिम चक्र में पाटन विधानसभा क्षेत्र के 15 मतदान केंद्रों के मतों की गिनती की जायेगी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बरगी के 286, जबलपुर पश्चिम के 272 और सिहोरा के 282 मतदान केंद्रों के ईव्हीएम पर दर्ज मतों की गणना के लिये गणना कक्ष में 16-16 टेबल लगाई जायेंगी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बरगी और सिहोरा के ईव्हीएम पर डाले गये मतों की गणना 18-18 राउंड तथा विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पश्चिम के ईव्हीएम में दर्ज मतों की गिनती 17 राउंड में पूरी होगी।

विधानसभा क्षेत्र बरगी के ईव्हीएम पर दर्ज वोटों की गिनती के 18 वें और अंतिम राउंड में 14 मतदान केंद्रों के वोट गिने जायेंगे। जबकि विधानसभा क्षेत्र सिहोरा के मतों की गणना के 18 वें और अंतिम राउंड में 10 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती होगी।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जबलपुर पूर्व के 225 जबलपुर उत्तर के 240 तथा जबलपुर केंट के 214 मतदान केंद्रों के मतों की गणना 14-14 टेबलों पर ही की जायेगी। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व के मतों की गणना 17, जबलपुर उत्तर के मतों की गणना 18 एवं विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट के ईव्हीएम पर दर्ज मतों की गणना 16 चक्र में खत्म होगी। विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व के मतों की गणना के 17 वें और अंतिम राउंड में 1 मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के मतों की गणना के 18 वें और अंतिम राउंड में 2 मतदान केंद्रों के तथा विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट के ईव्हीएम के मतों की गणना के 16 वें और अंतिम चक्र में 4 मतदान केंद्रों के मतों की गणना होगी।

### डाकमत पत्रों की गणना के लिये लगाई जाएंगी 25 टेबल

जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के ईव्हीएम के मतों की गणना के लिये लगाई जाने वाली 126 टेबल के अलावा डाक मत पत्रों की गिनती के लिये भी 25 टेबल लगाई जा रही हैं। इनमें बरगी विधानसभा क्षेत्र में डाक मतपत्रों की गिनती के लिये दो टेबल लगाई जाएंगी।

विधानसभा क्षेत्र पाटन, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर, पनागर और सिहोरा के डाक मतपत्रों की गिनती तीन-तीन टेबल पर होगी तथा विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केंट और जबलपुर पश्चिम के डाक मतपत्रों की गिनती के लिये चार-चार टेबल का इस्तेमाल होगा।

### एक्जिट पोल संचालन पर शाम 6.30 बजे तक रहेगा प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा एक्जिट पोल के संचालन और इसके परिणाम के प्रकाशन एवं प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रसार करने पर 7 नवम्बर को लगाया गया प्रतिबंध 30 नबम्बर की शाम 6.30 बजे तक जारी रहेगा। इसके अलावा इस अवधि तक किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी ओपीनियन पोल एवं अन्य किसी मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।



# एमआईएल एथलेटिक मीट के दुसरे दिन खिलाड़ियों ने पसीना बहाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में तक चलने रहे प्रथम एम.आई.एल. एथलेटिक मीट के दुसरे दिन विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों में स्थित एम आई एल यूनिट से आए खिलाड़ियों नें अपना कौशल प्रदर्शित किया। दुसरे दिन 100 मीटर, 400 मीटर 5000 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट,हाई जंप, डिस्कस थ्रो, डिस्कस थ्रो, दौड़ के साथ-साथ रिले रेस में पुरूष खिलाड़ियों के अलावा महिलाओ खिलाड़ियों नें भी पदक जीतने के लिए अपना पसीना बहाया । आयुध निर्माणी खमरिया में चल रहे एम.आई.एल. एथलेटिक मीट को देखने के लिए जबलपुर निवासियो में भी बहुत उत्साह देखने को मिला । खराब मोसम का एम.आई.एल. एथलेटिक मीट में रुकावट ना आए इसके लिए आयुध निर्माणी खमरिया प्रशासन द्वारा पर्याप्त व्यवस्था कि गई है।

इस प्रथम एम.आई.एल. एथलेटिक मीट के समापन समारोह 30 नवंबर को सायं 17.30 बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि ले. जनरल एम के दास, परम विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, सेवा मेडल, जी ओ सी एम बी एरिया होगे।

# गति शक्ति की तर्ज पर अमेठा में निजी भूमि में पहली गुड्स साइडिंग प्रारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल के अधीन मेहगांव स्टेशन के निकट पश्चिम मध्य रेलवे की पहली माल ढुलाई की गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है जिसके तहत पहले दो रैको से ही मंडल को 58 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में सीनियर डी.सी.एम. विश्व रंजन ने बताया कि गति शक्ति मल्टी माडल कार्गो टर्मिनल (जी.सी.टी.) के तहत उक्त साइडिंग अमेठा में रेलवे द्वारा अधिसूचित की गयी हैं । इस साइडिंग से कोयला,जिप्सम,फ्लाई एस, बाक्साइट, रेड मड आदि की अनलोडिंग एवं सीमेंट,क्लिंकर की लोडिंग का कार्य आधुनिक पद्धति तथा तीव्र गति से किया जा सकेगा ।

अमेठा में एसीसी की इस साइडिंग के प्रारंभ हो जाने से अब झुकेही से कैमोर रेल खंड में एक और सीमेंट उत्पादक का माल रेलवे द्वारा तीव्र परिवहन सुविधा के साथ सुगमता से हो पाएगा जिससे रेलवे के मालभाड़े राजस्व में भी वृद्धि होगी । उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड की नयी गाइड लाईन के अनुसार गति शक्ति की तर्ज पर नयी साइडिंग प्रारंभ किये जाने का प्रावधान है जिसके तहत पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल ने पमरे में पहला गति शक्ति टर्मिनल अमेठा में प्रारंभ किया है जो कि मंडल की एक बड़ी उपलब्धि है.

# नतीजों से पहले उधार वसूली की फिक्र

## नेताजी ने पहले दी 17 के बाद की तारीख, अब कह रहे काउंटिंग तक रुको,लाखों का भुगतान शेष

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदान हो चुका है। काउंटिंग भी तीन दिसंबर को हो जाएगी। नेताजी या तो हार जाएंगे या विजयश्री को प्राप्त होंगे,लेकिन उधारी की वसूली हो पाएगी या नहीं, ये बड़ी फिक्र है। इन दिनों उन लोगों की पेशानी पर बल पड़े हुये हैं, जिन्होंने प्रत्याशियों का काम किया था और अब तक उन्हें उनकी सेवाओं के बदले भुगतान नहीं हुआ है। प्रत्याशी की ओर से कहा गया था कि 17 नवम्बर यानी मतदान के बाद पूरी रकम अदा कर दी जाएगी,लेकिन जब मतदान हो गया तो अब महानुभाव कह रहे हैं कि मतगणना तक रुक जाओ। मतगणना तक रुकने का अर्थ है कि शेष राशि सदैव शेष ही रह जाएगी।



नेताओं की ओर से जो भी काम कहा गया तत्काल किया गया। कहीं टेंट लगना हो, खाना-पीना हो या वाहनों का इंतजाम, सब कुछ एक इशारे में करने वाले अब चिंतित दिखाई दे रहे हैं। एक बड़े टेंट हाउस के मालिक ने बताया कि उसने करीब छ विधानसभा क्षेत्रों में काम किया,लेकिन अब तक तीन प्रत्याशियों ने ही पेमेंट दिया है,वो भी आधा। हालाकि, कुछ एक मामलों में अच्छी बात ये है कि नेताजी के करीबियों ने ही भुगतान कर दिया पर हर जगह तकदीर ने साथ नहीं दिया। मुश्किल ये है कि पिछले अनुभव बहुत खराब रहे हैं। नेताजी जीते तो भी रकम नहीं मिली और हारे तो भी यही हाल रहा। हालाकि, ये सच है कि छोटे-छोटे भुगतान या तो मौके पर ही कर दिए गये या फिर एक-दो दिन में,लेकिन बड़े पेमेंट अटका लिये गये हैं। जबलपुर की आठों विधानसभा सीटों के सभी प्रत्याशियों पर उधार चढ़ा हुआ है,लेकिन कुछ एक उधारी न चुकाने के लिए कुख्यात हो चुके हैं।

# जिला अधिवक्ता संघ का कार्यकाल तीन माह बढ़ा

## फरवरी माह में होंगे नई कार्यकारिणी के चुनाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो गया। जिसके पूर्व संघ पदाधिकारियों ने बैठकर सर्व सहमति से सत्र 2024-26 के लिए सम्पन्न होने वाले चुनाव के लिये संघ का तीन माह का कार्यकाल बढ़या गया है। साथ ही तय किया गया कि नवीन कार्यकारिणी के चुनाव फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह तक चुनाव संपन्न कराये जायेंगे। उक्ताशय की जानकारी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी ने दी।

संघ अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि जो भी अधिवक्ता 31 दिसम्बर 2022 तक संघ के सदस्य बन चुके है और जिन सदस्यों का मासिक शुल्क छह माह से ज्यादा नहीं है, केवल वे ही अधिवक्ता मतदान के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही तय किया गया कि 15 दिसम्बर 2023 तक ऐसे अधिवक्ता जिनका मासिक शुल्क बकाया है, वे शुल्क जमा कर जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय से रसीद प्राप्त करे, ताकि वह अपने मत का उपयोग कर सकें। बैठक के पूर्व संघ के अध्यक्ष सैनी ने दोनों वर्षों में दिये गये सहयोग के लिए कार्यकारणी एवं संघ के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

# मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

**जबलपुर,देशबन्धु।** चीन से आयातित घटिया जिलेटिन को सही गुणवत्ता के जिलेटिन के साथ मिलाकर भारत में कुछ कारोबारी दवाओं के कैप्सूल बना रहे हैं इससे देश के दवा उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य हानि हो रही है।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी जी नाजपाण्डे द्वारा केन्द्रीय औषधि महानियंत्रक को भेजी गई शिकायत को प्राथमिकता देते हुए दवा सलाहकार समिति ने इस मामले में नियम बनाने हेतु अपने 62वीं बैठक में एजेण्डा के रूप मे विचार किया। बैठक में अनुशंसा की गई है कि केन्द्र द्वारा सभी राज्यों 3 माह के भीतर रिपोर्ट ली जायेगी तथा एक जांच समिति गठित कर 3 माह के भीतर रिपोर्ट ली जायेगी। दवा समिति के बैठक की पूरी जानकारी डॉ. राजीव सिंह सभी राज्यों के दवा नियंत्रकों को भेजकर कार्यवाही करने को कहा है।

### आयात के नियम बनाये

मंच के रजत भार्गव, एडवोकेट वेद प्रकाश अधोलिया, प्रभात यादव, मनीष शर्मा ने बताया कि भारत में हो रहे जिलेटिन आयात के संबंध में न तो रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट न ही आयात लाईसेन्स की जरूरत है। इसी का लाभ उठाते हुए घटिया जिलेटिन का आयात हो रहा है इसलिए सख्त नियमों की जरूरत है।

# मनोज गुप्ता उप मुख्य परिचालन प्रबंधक बने

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बन्दोपाध्याय के अनुमोदन पर इंडियन रेलवे ट्रेफिक सर्विस (आई.आर.टी.सी) अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की है। सूची के अनुसार मनोज कुमार गुप्ता उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर को उप मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कार्यालय जबलपुर में पदस्थ किया गया है। संजय कुमार गुप्ता उप मुख्य परिचालन प्रबंधक को उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (वाणिज्य) प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय जबलपुर में स्थानांतरित किया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर जाने मुख्यालय में कुछ और भी अधिकारियों की तबादला सूची जारी होने की संभावना है।

# उम्मीदवारों को शाम 5 बजे तक देनी होगी गणना अभिकर्त्ताओं की सूची

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव की मतगणना में इस्तेमाल की जाने वाली प्रत्येक टेबल पर उम्मीदवारों को अपना अभिकर्ता नियुक्त कर सकेगा। मतगणना स्थल पर प्रत्याशियों के इन मतगणना अभिकर्ताओं को प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश दिया जायेगा।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ताओं के प्रवेश पत्र के लिए उम्मीदवारों को मतगणना के लिए निर्धारित दिन के तीन दिन पूर्व वाले दिन की शाम 5 बजे तक अर्थात 30 नबम्बर की शाम 5 बजे तक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप 18 में आवेदन देना होगा।

अभ्यर्थी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना टेबल तथा आरओ एवं एआरओ टेबल पर भी अपने एक-एक गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकेगा ।

प्रवेश पत्र के लिये निर्धारित प्रारूप में गणना अभिकर्त्ताओं की सूची उनकी पासपोर्ट आकार की दो फोटो, नाम, पता एवं फोटो पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ 30 नबम्बर की शाम 5 बजे तक ही दी जा सकेगी । निर्धारित प्रारूप में आवेदन केवल अभ्यर्थी अथवा चुनाव संचालक के मान्य हस्ताक्षर से ही स्वीकृत किये जायेंगे।

विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में प्रारंभ होगी। उम्मीदवारों के गणना अभिकर्त्ताओं को इसके घण्टे पूर्व मतगणना स्थल पर पहुँचना होगा। गणना अभिकर्त्ताओं को नियुक्ति पत्र के साथ पहचान पत्र भी साथ लाना होगा।

# तनिश चौरसिया का गोल्डन पंच




**जबलपुर,देशबन्धु।** इंडियन एमेच्योर स्पोर्टस फेडरेशन के तत्वाधान में 20 से 30 नवम्बर के बीच पोखरा नेपाल में तीसरी इंडो नेपाल मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी तनिश चौरसिया ने अंडर-19 में 55 किलो भार में भारत के प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर देश एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने फाईनल मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल को शिकस्त दी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडियन एमेच्योर स्पोर्टस फेडरेशन के अध्यक्ष सीपी सरवस्त, अमर दुबे, हरीश कुमार ने उन्हें बधाई दी।


# बालक प्रियांश मरावी को मिला नया जीवन, आरबीएसके से हुआ हृदय का नि:शुल्क ऑपरेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बाल हृदय उपचार योजना के तहत 3 माह 13 दिन आयु के बालक प्रियांश मरावी के हृदय की सर्जरी कर उसे नया जीवन प्रदान किया गया। प्रियांश कुंडम विकासखंड के ग्राम करनपुरा निवासी प्रेम मरावी का पुत्र है, जो जन्म से ही हृदय रोग से ग्रसित था। करीब डेढ माह पहले नारायण हृदयालय मुंबई में उसके हृदय की सफल सर्जरी की गई। प्रियांश के हृदय रोग से ग्रसित होने की जानकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को कुण्डम विकासखंड के अंतर्गत विकासखंड चिकित्साी अधिकारी डॉ. राजेश राज के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्र में हुए स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान प्राप्त हुई थी। जिसकी सूचना टीम में पदस्थ डॉ. महेन्द्र किरार, डॉ. वैशाली भगत एवं डॉ. संगीता साकेत तथा ए.एन.एम. द्वारा डी.ई.आई.एम. सुभाष शुक्ला को दी गई। जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रियांश की जांच कर उसकी अनुशंसा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा से की। डॉ. मिश्रा ने तत्काल कार्यवाही करते हुये समिति गठित कर प्रियांश को शासन द्वारा मान्यता प्राप्त नारायणा हृदयालय मुम्बई रेफर किया। जहॉं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से 12 अक्टूबर को उसके हृदय रोग की सर्जरी की गई। प्रियांश की सर्जरी पर खर्च हुई 1 लाख 10 हजार रुपये की राशि शासन द्वारा वहन की गयी। बच्चे के माता-पिता ने कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा तथा आर.बी.एस.के. टीम को सफल और नि:शुल्क सर्जरी के लिये आभार व्यक्त किया है।



# शहर की वायु गुणवत्ता में आया सुधार

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर की वायु गुणवत्ता सुधार हेतु नगर निगम जबलपुर द्वारा निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार व्यापक एवं सार्थक प्रयास किया गया, और निगम का यह प्रयास आगे भी जारी है, ताकि शहर के नागरिक स्वच्छ वायु में अपने जीवन का आनंद ले सकें। अभी दो दिन से हो रही बारिश के कारण भी शहर की वायु गुणवत्ता में व्यापक सुधार आया है। इस संबंध में निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि मौसम के कारण तथा निगम प्रशासन के प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही नगर निगम जबलपुर त्यौहारों के समय शहर को स्वच्छ वायु गुणवत्ता कायम रखने में सफल हुआ है, प्रदेश के दूसरे शहरों की अपेक्षा जबलपुर की स्वच्छ वायु गुणवत्ता नागरिकों के लिए उत्कृष्ट है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 29 नवम्बर 2023 की अधतन स्थिति में जबलपुर - 45, भोपाल - 154, ग्वालियर - 322, इंदौर - 156, स्वच्छ वायु गुणवत्ता मापदण्डों पर हैं। इस प्रकार जबलपुर शहर की वायु गुणवत्ता भोपाल, इन्दौर, और ग्वालियर से बेहतर है।




सहायक आयुक्त संभव अयाची ने बताया कि पिछले दो दिवस में हुई बारिश से शहर के वातावरण में उपस्थित दूषित हवा साफ हो गई है जिससे शहर की वायु गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है आगे भी शहर की वायु गुणवत्ता इसी प्रकार बनाए रखने हेतु आम जनमानस से अपील है कि किसी भी प्रकार के कचरे को ना जलाएं, निर्माण कार्य के दौरान ग्रीन नेट का उपयोग करें एवं निर्माण में उत्पन्न होने वाली सामग्री पर पानी का छिड़काव करें, जिससे आपके आस-पास की वायु स्वच्छ बनी रहे। प्रदेश के प्रमुख शहरो में भी बारिश उपरांत ऐसी स्थिति बनी थी किंतु विशेष पाबंदियां न होने के कारण फिर से वायु गुणवत्ता बिगड़ने लगी है। पूर्व में जबलपुर निगम द्वारा कचरा जलाने, ग्रीन नेट का उपयोग न करने एवं मलमा सड़क पर पड़े होने पर चालानी कार्रवाई की गई है जो की पालन न होने पर यथावत जारी रहेगी।

### क्लीन टॉयलेट्स कैम्पेन एवं श्रमदान कार्यक्रम

निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत बुधवार 29 नवम्बर को "क्लीन टॉयलेट्स कैम्पेन" के तहत् संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत 67 रानी अवंति बाई वार्ड स्थान सामुदायिक शौचालय चेतन मैदान बिलहरी चेतना मैदान के अध्यक्ष रिटायर्ड फौजी बल्लू रजक एवं जोन 11 वार्ड 65 सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड स्थान सुलभ शौचालय एम्पायर तिराहा में व्यापारी संघ के सदस्य आकाश के द्वारा निकाय में स्थित सभी सामुदायिक शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण किया गया, जिसमें शौचालयों के सभी मापदंडों में देखा या एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई, जिससे नागरिक सुविधा घर का उपयोग कर सकें, इसके लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया एवं एसएचजी द्वारा शौचालयों का निरीक्षण कर ग्रेडिंग भी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान निगम की सहयोगी संस्था के सदस्य आदि उपस्थित रहे। जोन क्रमांक 3 ग्वारीघाट वार्ड में स्थित नर्मदा तटों में घाटों में कार्तिक पूर्णिमा पर लगभग 5 लाख श्रद्धालुओं द्वारा आस्था की डुबकी लगाई गई और दिनभर लोगों का आना जाना होता रहा जिसके चलते घाटों में काफी मात्रा में कचरा एकत्र हो गया था, जिसे श्रमदान करके और निगम के सफाई मित्रों के सहयोग से साफ कराया एवं वहाँ एकत्र रैपर, पॉलीथिन, कागज, कचरा, कचरा गाड़ी में डालकर भेज दिया गया ।

## नगर निगम जबलपुर का नाम भोपाल, इन्दौर, और ग्वालियर से आगे

### आज सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

नगर निगम जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ललपुर जलप्रदाय योजनांतर्गत ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य एवं 55 एमएलडी जलशोधन संयंत्र अंतर्गत 750 एम.एम. राइजिंग मेन पाइप लाइन लीकेज सुधार कार्य 30 नवम्बर 2023 को किया जाना है। जिसके चलते संयंत्र से भररी जाने वाली टंकियाँ क्रमशः ललपुर परिसर, ग्वारीघाट, भीमनगर, शारदा नगर, एस.बी.आई. कॉलोनी, सिविल लाइन, सिद्ध बाबा, दंगल मैदान, मदार छल्ला, भोला नगर, करिया पाथर, कटंगा, कुलीहिल एवं तिलहरी उच्चस्तरीय टंकियों से कल सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

## नरसिंह मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह आज से आरंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है कि माहों में मार्गशीर्ष में हूं, मार्ग शीर्ष के पावन अवसर पर नरसिंह मंदिर में नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज के पावन मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा पुराण ज्ञान सप्ताह में व्यास पीठ से व्यक्त किए। भागवत के गूढ़ रहस्यों की व्याख्या 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का वाचन प्रतिदिन 3 बजे से आरंभ होगा। प्रथम दिवस पर आज कलश यात्रा दोपहर 2 बजे से नरसिंह मंदिर से प्रारंभ होगी। इस अवसर पर श्रोताओं से उपस्थिति का आग्रह नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल, सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने भक्तों से किया है।

## जगत गुरु शंकराचार्य ने गौ रक्षकों का किया सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांची कामकोटि पीठाधीश्वर जगत गुरु विजेन्द्र सरस्वती महाराज ने सुशील जसेले को राष्ट्र भक्ति और गौ रक्षा में किए गए उत्कर्ष कार्यों के लिए श्रीफल, शॉल भेंट कर सम्मानित किया, एवं उनको 108 मनकों की रूद्राक्ष माला भी सप्रेम भेंट की। तत्पश्चात सुशील जसेले ने गुरु के चरणों में नमन कर गौ रक्षा में किए गए कार्यों से गुरु को अवगत कराया। उन्होंने गुरु को बताया कि वह व प्रांत के समस्त स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से शहर सहित प्रदेश भर में जन सामान्य से जो राशि गौ रक्षा के लिए प्राप्त होती है। उसी से गौ सेवा एवं रक्षा का कार्य करते है, स्वयं सेवक हिन्दू धर्म की रक्षा एवं स्वजातीय बंधुओं के उत्थान के लिए सतत प्रयासरत है। गौ रक्षा एवं किसी भी प्रकार की सहायता के लिए बिना विलंब किए जानकारी मिलते ही उपस्थित हो जाते है। इस मौके पर जगत गुरु शंकराचार्य ने राष्ट्रभक्ति विस्थापित जनकल्याण शिक्षण संस्थान के समस्त पदाधिकारियों को आजीवन सहायता करने का वचन दिया। ग्वारीघाट स्थित गीताधाम में 25 से 28 नवंबर तक कार्तिक माह पर आगमन हुआ। इस दौरान संस्था पदाधिकारियों को कार्तिक पूर्णिमा के दिन सम्मानित किया गया। इस मौके पर चंद्रशेखर नायर, डॉ. राजेन्द्र पिल्ले, प्रवीण महावर, हनुमंत राव, पंकज शुक्ला, मंजू गिरी, आनंद यादव, इंजी. ओम प्रकाश धुर्वे, रखेंद्र पहलवान, दिनेश अहिरवार, मुकेश पटेल, निक्की सोनकर, रवि कुशवाहा आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## हजरत जिंदा शाह मदार के उर्स मुबारक के मौके पर चादर शरीफ रवाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** सालाना उर्स के मुताबिक इस वर्ष भी हजरत सैयद बदियुद्दीन अहमद कुतबुल जिंदा शाह मदारुल आलमीन रजि. मकनपुर शरीफ कानपुर उ. प्र. में कौमी एकता मदार कमेटी हर्षित नगर यादव कालोनी मुजावर शिब्बू बाबा मदारी, गोलू बाबा मदारी एवं बेड़े वालों की जानिब से चादर शरीफ पेश की जाएगी एवं सभी के लिए दुआएं मांगी जाएगी। इसके लिए चित्रकूट एक्सप्रेस से गोलू बाबा मदारी, शित्तू बाबा, प्रदीप बाबा, बसंत बाबा, टिंकू बाबा, देशांश, जितेंद्र भाई, शिवम बारी, विक्की भाई चादर शरीफ लेकर उत्तर प्रदेश कानपुर के लिए रवाना हुए। इस मौके पर शिब्बू बाबा मदारी, हाजी कय्यूम बाबा, जाविद बाबा, शौकत अली, मुन्ना रावत, राजू बाबा, राहुल, सचिन एवं बेड़े वाले मौजूद रहे।

## धर्म की रक्षा करने संतों ने पृथ्वी पर लिये अवतार

**जबलपुर,देशबन्धु।** महर्षि सुदर्शन जयंती के पावन अवसर पर संभागीय डोडुस के द्वारा द्वारका नगर कछियाना में वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर लाल झामनदास के मुख्य आतिथ्य में जयंती मनाई गई। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की इस पावन भूमि पर अनेक संत, ऋषि मुनि अवरित हुए जिन्होंने धर्म की रक्षा एवं मानव कल्याण का संदेश दिया। उन्हीं में से एक थे महर्षि सुदर्शन जी थे। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे पूजन अर्चन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। चन्द्रशेखर बिरहा एवं गोलू अधिकार नेभजन प्रस्तुत किये इस अवसर पर मनोहर रान, रामनाथ भगत, श्याम बिरहा, जीवन मलिक, अनिल सुधीर ठकुराशी, सुभाष बिरहा, प्रसादी लाल बिरहा, धर्मदास छिपेलकर, अजय अर्वेल (पप्पू), हरिशचंद अधिकार, आनंद चौहटेल, किशन बिरहा, रवि जानोकर, शीला बाई, राधा बाई, गुड्डी बाई, गिरिजादेवी, रोशनी ललपुरहा, राधा बाई रान, यामिनी मलिक आदि उपस्थित रहे।



# सेफ ब्राउजिंग से सिक्योर रखेगा कम्प्यूटर

## कम्प्यूटर सिक्योरिटी डे आज-दो माह के अंतराल में बदले कम्प्यूटर का पासवर्ड



**जबलपुर, देशबन्धु।** टेक्नोलॉजी के इस दौर में हर कोई एक कदम आगे रहना चाहता है। इसके लिए कोई स्मार्ट वर्ल्ड से कनेक्ट रहता है, तो कोई कम्प्यूटर और स्मार्टफोन से जुड़ी हर बारीक चीज को समझने की कोशिश करता है। इन दिनों सबसे ज्यादा फेसबुक आईडी हैक करने के बाद लोगों से पैसों की धोखा-धड़ी करने का काम कर रहे हैं। इसके लिए जरूरी है कि कम्प्यूटर की सिक्योरिटी बेहतर हो सके।

**सिक्योरिटी में जरूरी सेफ वेब ब्राउजर**-बेहतर कम्प्यूटर एक्सपर्ट का कहना है कि कम्प्यूटर की सिक्योरिटी के लिए वेब ब्राउजर यूज करने की जरूरत होती है। हमेशा किसी को साइट पर जाने के लिए एचटीटीपीपीएस का ध्यान रखना चाहिए। इसमें एस का मतलब सिक्योर से होता है। इसमें ओपन किया हुआ डाटा सिक्योर रहता है।

### लॉग इन एक्टिविटी देखें

इन दिनों कम्प्यूटर हैकिंग के साथ-साथ ई-मेल और सोशल मीडिया का अकाउंट भी हैक हो रहा है। इसे आसानी से पहचाना जा सकता है। इसमें आसानी से साइट ओपन नहीं होगा, पासवर्ड मैच नहीं होता और ईमेल में अपने आप फाइल्स का ओपन होना शामिल है। इसके साथ ही लिस्ट से मेल का गायब होना शामिल है। ऐसे में लॉग इन एक्टिविटी को देखें और समय-समय पर ई-मेल और एफबी का पासवर्ड बदलते रहें। कम्प्यूटर को सिक्योर करने के लिए बेहतर एंटी वायरस का इस्तेमाल करें।



## स्वेटर, रूम हीटर से पेट्स को मिल रहा विंटर से बचाव

### पेट्स केयर इन विंटर- सीजन में पेट्स के लिए पर्चेज हो रही स्पेशल स्वेटर और जैकेट

**जबलपुर, देशबन्धु।** विंटर में जहां लोगों की सेहत से जुड़ी केयर बढ़ जाती है, वहीं पेट्स के लिए भी सीजन सेंसेटिव हो जाता है। विंटर में पेट्स केयर बढ़ जाती है। इसके चलते शहरवासियों ने पेट्स के लिए स्पेशल अरेंजमेंट किए हैं, जहां उनके लिए स्वेटर, जैकेट के साथ-साथ पेट्स के रूम हीटर जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। शहरवासियों का कहना है कि विंटर में आम लोगों की तरह फीवर, जुकाम और निमोनिया होता है। ऐसे में बीमारियों से बचाव के लिए पेट्स केयर बढ़ गई है।

**स्वेटर और जैकेट**-पेट्स के लिए अब शहर में अलग से कई शॉप्स भी ओपन हो चुकी हैं, जहां लोगों की पसंद के अकॉर्डिंग चीजें मिल रहीं। कुछ जहां पेट्स को घर के बच्चों की पुराने स्वेर्ट्स पहना रहे हैं। वहीं सिटी स्टोर्स भी पेट्स के लिए सॉक्स, वूलन शूज, टोपे, पुलओवर्स आदि मिल रहे हैं। **फिश के लिए वॉटर हीटर**-डॉग्स, कैट और अदर पेट्स के लिए जहां विंटर वेयर और रूम हीटर लगाए जा रहे हैं, वहीं फिश टैंक में पानी की गरमाहट बरकरार रखने के लिए वॉटर हीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। शिखा यादव बताती हैं कि विंटर सीजन में फिश मरने लगती हैं। इसका कारण पानी का ठंडा होना है। वॉटर हीटर का इस्तेमाल फिश टैंक के वॉटर टेम्परेचर को बैलेंस रखता है।

## सेना से जुड़ना है तो राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि होना चाहिए

### इंडियन आर्मी-ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में 16वां पुनर्मिलन समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेना से जुड़ने का सपना देखने वाले युवाओं को एक बात ध्यान में रखनी होगी कि राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि होना चाहिए। यह बात कार्यक्रम में शामिल हुए रिटायर्ड सेना के जवानों ने कही। द ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में 16वां पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीआरसी के कर्नल ऑफ द रेजिमेंट के साथ सैन्य जवान, रिटायर्ड अधिकारी, जेसीओ शामिल हुए। शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर जवानों के देश के प्रति सर्वोच्च बलिदान और समर्पण को याद किया गया।

**सशस्त्र बलों की परेड**-कार्यक्रम में सशस्त्र बलों के द्वारा देश की विविध परम्पराओं का प्रदर्शन करने और एकता भाव दर्शाने के लिए मंदिर और मस्जिद परेड की गई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस परेड में शामिल रेजिमेंटल सैन्य दल द्वारा प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान वार्षिक आम सभा की बैठक हुई। इस दौरान सेना के वरिष्ठों द्वारा सेना से जुड़ी गतिविधियों पर विचार मंथन किया गया।

**मेस पार्टी और बड़ा खाना**-कार्यक्रम में वेटरन्स द्वारा यूनिट गेट टू गेदर, पिकनिक, लंच, बड़ा खाना और मेस पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवारत एवं रिटायर्ड जवानों ने सेना और युद्ध से जुड़े संस्मरण सुनाएं। कुछ ने कहा दोस्तों से जुड़ी यादों को साझा किया, तो किसी ने घर और दोस्तों से जुड़े किस्से सुनाए।





## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 30 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन कृष्णपक्ष की चतुर्थी। नक्षत्र-आर्द्रा।**

**मेष**
अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

**वृषभ**
आपकी वाणी और व्यवहार के कारण असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो, आवेश और उग्रता के कारण किसी से तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

**मिथुन**
आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं।

क.

**कर्क**
आज का दिन लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकते हैं।

**सिंह**
आप अपने दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से सभी काम को सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी बौद्धिक प्रतिभा दिखेगी।

**कन्या**
आर्थिक लाभ होगा तथा विदेश में रहनेवाले सगे- संबंधियों के समाचार मिलेंगे, इससे आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

**तुला**
आज आपको किसी भी नए काम का आरंभ नहीं करने की सलाह दी जाती है। अपनी वाणी और व्यवहार को नियंत्रण में रखें।

**वृश्चिक**
आप आज के दिन पूरी तरह से आमोद-प्रमोद में बिताना पसंद करेंगे। अपने दैनिक कामों से मुक्त होकर अपने लिए थोड़ा समय निकाल सकेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रुप से खुशी मिलेगी। वातावरण अनुकूल रहेगा।

**मकर**
आज मन में किसी बात की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का मामला कमज़ोर रहेगा। दफ्तर में उच्च अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ**
आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा और आप मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मीन**
अति आवश्यक काम को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी रचनात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

मा.

## विभिन्न शासकीय विभागों से आज सेवा निवृत्त होंगे कर्मचारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीस विभागों में अपनी सेवा पूर्ण कर चुके कई अधिकारी-कर्मचारी सेवा निवृत्त होंगे। इनकी सेवा पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इनके साथ कार्यरत साथी इनको भाव-भिनी विदाई देगें। एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 220 के व्ही सबस्टेशन नयागांव के सहायक अभियंता संतोष दुबे, एम.पी. ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता ए.के.श्रीवास्तव आज सेवानिवृत्त होंगे। आज ही के दिन एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के चिकित्सालय में वरिष्ठ चिकित्सक के पद पर कार्यरत डा. समीर जैन और एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की वाहन शाखा में वाहन चालक के पद पर कार्यरत कंधीलाल सोंधिया 30 नवंबर को विभाग में अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवा निवृत्त होंगे।



**संतोष दुबे**- एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 220 के व्ही सबस्टेशन नयागांव में पदस्थ सहायक अभियंता संतोष कुमार दुबे 30 नंवबर को 41 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त होंगे। उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए मप्र विद्युत मंडल एवं एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी में वे कई बार पुरस्कृत हो चुके हैं। उन्होंने मप्र विद्युत मण्डल, मप्र राज्य विद्युत मण्डल एवं एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी में अपनी सेवाऐं दी।



**ए के श्रीवास्तव**- एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय कुमार श्रीवास्तव 30 नंवबर को 36 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने मप्र विद्युत मण्डल, म.प्र. विद्युत मण्डल एवं एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाऐं दी।



**डा. समीर जैन**-एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के चिकित्सालय में वरिष्ठ चिकित्सक के पद पर कार्यरत डा. समीर जैन 30 नवम्बर को 35 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त होंगे।



**कंधीलाल सोंधिया**- एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की वाहन शाखा में वाहन चालक के पद पर कार्यरत कंधीलाल सोंधिया आज 30 नवम्बर को 42 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त होंगे।

## सुबह की पाली में लगने वाले स्कूलों के समय में शीघ्र परिवर्तन किया जाएः संघ

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर का लगातार बदलता मौसम और बढ़ रही ठण्ड को मद्देनजर रखते हुए निजी और शासकीय सुबह से लगने वाले स्कूलों के समय में परिवर्तन करने की मांग मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने कलेक्टर से की है। जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मौसम में अचानक परिवर्तन होने से ठंड बढ़ चुकी है, और ठंड के साथ ही बरसात होने के कारण तापमान में गिरावट आई है। जिसके चलते शहर की ठंड में अत्यधिक बढ़ोत्तरी हो रही है, और मौसम में परिवर्तन होने से होने के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पढ़ रहा है। जिससे इन छोटे बच्चों के बीमार होने का खतरा मंडरा रहा है, यही वजह है कि ठंड के बढ़ते हुए असर को ध्यान में रखते हुए समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूल जो सुबह की पाली में लगते हैं। उनके समय में परिवर्तन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सुबह की पाली के स्कूल प्रातः 9 बजे से लगाए जाने चाहिए, और 10.30 बजे से लगने वाले स्कूलों को शाम 4 बजे छूट जाने चाहिए। क्योंकि शाम के समय मौसम अत्यंत ठंडा हो जाता है, जिससे बच्चे समय से उजाला रहते हुए अपने घर पहुंच सके। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, दिनेश गौंड़, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, फिलिप अन्थोनी, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान, अशोक राय, धनराज पिल्ले, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, ओम प्रकाश झारिया, विनोद सिंह, गोपीशाह, रामकुमार कतिया, सुधीर अवधिया, आशा राम झारिया, मनीष मिश्रा, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष चैरसिया, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, सरीफ अहमद अंसारी, आशीष कोरी, मनीष मिश्रा, एस.बी.रजक, आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के समय में शीघ्र परिवर्तन किया जाए।

## सुंदरपुर के स्कूल में शिशु नगरी और बाल मेला का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** पंडित कुंजी लाल दुबे सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर में गत दिवस शिशु नगरी एवं 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं की प्रदर्शनी एवं बाल मेला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप मंत्र से आरंभ हुआ। शिशु वाटिका नगरी कार्यक्रम में बिंदी लगाना, चम्मच दौड़, गुब्बारा फुलाना, संतुलन बनाना, तथा शिशु को पीठ पर लेकर तीर से निशाना लगाना आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विजेताओं को मातृशक्ति एवं विद्यालय प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के पश्चात भैया-बहनों का बाल मेला कार्यक्रम किया गया, जिसमें 48 स्टाल लगाए गए। ग्रामीण जनों के द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए बच्चों की दुकानों से सामान का क्रय किया गया। कार्यक्रम में सियाराम गुप्त एवं समिति सदस्य नारायण प्रसाद यादव एवं युवा सेवा संगठन के अध्यक्ष सुमित यादव, सरपंच वंदना ठाकुर एवं विद्यालय प्राचार्य विक्रम सिंह, सीमा सिंह बघेल समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**श्री लाल सिंह ठाकुर ( सेंगर )**-गढ़ा बाजार छोटे जैन मंदिर के पास के निवासी व क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ सदस्य लाल सिंह ठाकुर (सेंगर) का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में कार्यरत शंकर सिंह राजपूत के पिता और कमलेंद्र सिंह राजपूत और विजयेंद्र सिंह राजपूत के दादा थे। अंतिम संस्कार चौहानी मुक्तिधाम में हुआ।

**श्री रतन सिंह ठाकुर**- पुरानी पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री रतन सिंह ठाकुर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री मगन चौधरी**- तीसरी गली शांति नगर निवासी श्री मगन चौधारी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेश सोंधिया**- स्टेट बैंक कॉलोनी बल्देवबाग निवासी श्री सुरेश सोंधिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सज्जन रजक**- बाबा टोला भवानी चौक निवासी श्री सज्जन रजक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल गुप्ता**- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री मुन्ना लाल गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता अहिरवार**- बाबा टोला जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री गुड्डा अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती ममता अहिरवार (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल चांडक**- सेंट्रल जेल लाइन निवासी श्री रामचरण चांडक के पुत्र श्री अनिल चांडक (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई साहू**- कोतवाली बाजार निवासी श्री नारायण प्रसाद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई साहू (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा झारिया**- पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री फागू लाल झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा झारिया (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई रैकवार**- हनुमानताल निवासी श्री राम लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई रैकवार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री धनीराम चौधरी**- गोहलपुर नर्मदा नगर निवासी श्री धनीराम चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला चौकसे**- शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री मनोहर चौकसे की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला चौकसे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गोपाल प्रसाद गोंड़**- पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री गोपाल प्रसाद गोंड (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई डे**- पिपरिया खमरिया निवासी श्री हरीपद डे की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई डे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# सिविक सेंटर हत्याकांड का चौथा आरोपी भी गिरफ्तार



**जबलपुर, देशबन्धु।** ओमती थाना अंतर्गत 27 नवंबर की रात को सिविक सेंटर क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले चौथे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना दिनांक को पुलिस द्वारा हत्या करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

वहीं एक आरोपी चीनू सोनकर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जानकारी अनुसार 27 नवंबर को रात लगभग 10:30 बजे सिविक सेंटर में 4 बदमाशों ने लकड़गंज निवासी 20 वर्षीय मुसाहिद खान पर चाकूओं ताबड़तोड़ हमले किये। जिससे मुसाहिद के पेट, दोनों पैरों की जांघ व चेहरे पर गंभीर चोटे आई। घटना के बाद गंभीर हालत में मुसाहिद को उपचार के लिए निजी अस्पताल फिर मेडिकल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी सूजल सोनकर उम्र 20 वर्ष निवासी बाराट रोड रसल चौक ओमती, अमन तिवारी उर्फ कंजा उम्र 19 वर्ष निवसी लार्डगंज, आदित्य झा उम्र 19 वर्ष निवासी शीतलामाई मंदिर के पास घमापुर को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं सूजल सोनकर का भाई चीनू सोनकर फरार हो गया था।

# मक्रवाहिनी के प्रधान सेवक पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर,देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मक्रवाहिनी मंदिर के प्रधान सेवक व कर्मचारी नेता कल्ली तिवारी को गत दिवस बदमाशों ने पीछे से चाकू मारकर कर घायल कर दिया था। पुलिस की सक्रियता से आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम नईम उर्फ जब्बार पिता फारूक खान उम्र 40 वर्ष निवासी धडगड मोहल्ला हनुमानताल और रोहित यादव उर्फ चंपु उम्र 42 वर्ष निवासी फूटाताल बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पूछताछ शुरु कर दी है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार 27 नवंबर को चंद्र गोपाल उर्फ कल्ली तिवारी दोपहर लगभग 2 बजे मक्रवाहिनी मंदिर के समीप खड़े थे,



**आरोपी कई घटनाओं को दे चुका है अंजाम**

तभी नकाबपोश दो आरोपी आए और चाकू से हमला कर जांघ में चोट पहुंचाते हुये अन्नपूर्णा मंदिर की ओर भाग गये थे। घटना के बाद कर्मचारी नेता कल्ली तिवारी को उपचार के लिए गोलबाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना को लेकर मंदिर समिति के साथ ही ननि अधिकारियों-कर्मचारियों में भी आक्रोश था।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया आरोपी नईम उर्फ जब्बार पिता फारूक खान उम्र 40 वर्ष निवासी धडगड मोहल्ला हनुमानताल आदतन अपराधी है, जिसका पुराना आपराधिक रिकार्ड है। वहीं जानकारी यह भी है कि आरोपी नईम उर्फ जब्बार पैसे लेकर चाकूबाजी की घटना को अंजाम देने का काम करता है। पूर्व में भी ऐसे कई घटनाओं को वह अंजाम दे चुका है। रूपये लेकर ऐसी घटनाओं को आरोपी द्वारा अंजाम देना पुलिस जांच का विषय है।



# स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टभर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन की अध्यैक्षता में बुधवार को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, उपजिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह, जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान श्री सुमन ने मतगणना की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तातर से जानकारी दी। जिसमें कहा गया कि मतगणना में अधिकतम 18 राउंड होंगे। सबसे कम जबलपुर केंट विधानसभा में 16 राउंड में गणना होगी। विधानसभा क्षेत्र पाटन, जबलपुर पूर्व और जबलपुर पश्चिम में मतगणना 17-17 राउंड में संपन्न होगी। साथ ही गणना ऐजेंट के फार्म कल शाम तक जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होबनें कहा कि ऐजेंट को प्रारूप 18 के साथ आरओ द्वारा जारी आईडी कार्ड लाना अनिवार्य होगा। वे 17सी के लेखा ड्यूपलीकेट, सादा कागज, पेन या पेंसिल ले जा सकते हैं। श्री सुमन ने कहा कि विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिये नियत स्थल पर मोबाईल एवं धूम्रपान का उपयोग वर्जित रहेगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतगणना एजेंट गणना स्थल पर मोबाइल, केलकुलेटर, ऑडियो वीडियो रिकार्डर या ऐसी कोई भी डिवाईस तथा खाने-पीने की सामग्री आदि लेकर नहीं जा सकेंगे।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर मतगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी, अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के निर्वाचन अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल पर मोबाईल, धूम्रपान संबंधी वस्तुएं जैसे जर्दा, पान, सुपारी, पाउच, बीड़ी, सिगरेट आदि साथ ले जाना व इसका उपयोग करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। बैठक के दौरान श्री सुमन ने बताया कि 3 दिसम्बकर की सुबह 7 बजे ईव्हीएम स्ट्रांग रूम खोला जायेगा। सुबह 8 बजे से पोस्टनल बैलेट की गणना शुरू हो जायेगी। इसके आधा घण्टे बाद ईव्हीएम के मतों की गणना प्रारंभ होगी। इस दौरान उन्हो्नें सभी से संयमित व्यरवहार की अपेक्षा की है। बैठक में पार्किंग व्यंवस्था के बारे में भी विस्तोर से जानकारी दी गई।

# भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन के समीप अग्नि हादसा, धूं-धू कर जल उठी कोयले से लदी मालगाड़ी

## घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन के समीप कोयले से लदी मालगाड़ी में आग लग गई। इससे आस-पास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी मच गई। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच जैसे ही आग लगने की खबर रेलवे कंट्रोल को लगी, तत्काल बिजली लाईन को बंद कर दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार सिंगरौली के देवरा से कोयला से भरी मालगाड़ी नरसिंहपुर के गाडरवारा के बरांझ एनटीपीसी प्लांट जा रही थी।



इसी के चलते जब मालगाड़ी भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची, तभी तीन बैगनों में आग भड़क गई। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां पर भगदड़ की स्थिति बन गई थी। इधर रेलवे के आला अधिकारियों ने तत्काल आग पर काबू पाने अग्निशमन विभाग को सूचित किया,जिसके बाद जबलपुर और आस-पास से फायर ब्रिगेड के दस्ते मौके पर पहुंचे। आग को बुझाने का काम युद्ध स्तर पर किया गया, इसके परिणास्वरूप मालगाड़ी में लगी आग को शांत किया जा सका। इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। फिलहाल रेलवे ने आग लगने के कारण की जांच के आदेश दे दिये हैं।

# यार्ड से 10 करोड़ रु की आयरन ले उड़े बदमाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन के पास बने आयरन यार्ड में हथियारबंद बदमाशों ने कर्मचारियों को बंधक बनाकर मौके से 50 से अधिक हाइवा में आयरन लोड कर चोरी का मामला प्रकाश में आया है।

जहाँ पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया की महेंद्र गोयनका ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया की उनका गोसलपुर में स्टेशन के पास आयरन ओर का यार्ड है। वही जब कर्मचारी यार्ड में थे तभी 12 से 15 हथियारबंद बदमाश यार्ड में आये और हथियार की नोक पर कर्मचारियों को बंधक बनाते हुए 50 से अधिक हाइवा में आयरन ओर लोड कर मौके से फरार हो गए,वही महेंद्र गोयनका ने बताया की करीब 10 करोड़ की आयरन ओर बदमाशो ने चोरी की है। जहां कुछ संदेहियों के नाम भी पीड़ित के द्वारा पुलिस को बताए गए है। आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है।

# क्राइस्ट चर्च के रिटायर्ड बाबू की हत्या कर परियट में फेंका गया था शव

**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया थाना क्षेत्र में गत 8 नवंबर को ललपुर परियट नदी में मिले पचपेढ़ी सिविल लाइन निवासी क्राइस्ट चर्च के रिटायर्ड बाबू फिलिप एलेक्जेन्डर के शव मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है।

उल्लेखनीय है कि 66 वर्षीय थामस के भाई ने पुलिस को बताया था कि उसका बड़ा भाई थामस एलेक्जेन्डर क्राईस चर्च स्कूल तैयबली के पास ओमती में में बाबू थे, जो रिटायर हो चुके हैं। थामस एलेक्जेन्डर लगभग 6 माह से मानसिक रोग से पीड़ित थे। जिनका इलाज चल रहा था। डिप्रेशन की बीमारी के कारण बिना बतायें घर से चले जाते थे। दिनांक 6 नवंबर को भी भाई थामस एलेक्जेन्डर कहीं चले गये थे। बड़े भाई की शादी नहीं हुयी थी, उसके साथ ही रहते थे। बड़े भाई थामस एलेक्जेन्डर की गुमने की रिपोर्ट 7 नवंबर को थाना सिविल लाईन में की थी। खमरिया फैक्ट्री में नौकरी के दौरान घाना में रहते थे और लालपुर घूमने जाते थे। शिकायत के तीसरे दिन 8 नंवबर को थामस एलेक्जेन्डर का शव लालपुर परियट नदी दुबे कृषि फार्म के पास नदी मे मिला था। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मामले को जांच में लिया था। जांच एवं पीएम रिपोर्ट से पुलिस को जानकारी लगी की किसी अज्ञात आरोपी द्वारा थामस एलेक्जेन्डर को धारदार हथियार से हत्या कर शव को परियट नदी में फेंक दिया था। जांच के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की तैयारियों तथा पार्किंग व्यवस्था का लिया जायजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने बुधवार को जेएनकेविवि परिसर में बैठक कर मतगणना की चल रही तैयारियों तथा पार्किंग व्यनवस्थाव का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आदित्ये प्रताप सिंह, उपजिला निर्वाचन अधिकारी मिशा सिंह, जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, सभी आरओ व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में ईव्हीशएम काउंटिंग तथा पोस्टाल बैलेट के काउंटिंग के लिये टेबल, चुनाव में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों की संख्यार,



उनके वाहन पार्किंग की व्यकवस्थो के साथ गणना ऐजेंट व अभ्यायर्थियों के वाहनों की पार्किंग आदि की व्ययवस्थाख के संबंध में आवश्यनक निर्देश दिये। पार्किंग के संबंध में कहा गया कि जेएनकेव्हीकव्हीआ परिसर में स्थित इंडियन कॉफी हाउस के पीछे पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

**मतगणना हॉल पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ मतगणना स्थ ल पहुँचकर व्यचवस्था्ओं का जायजा लिया तथा आवश्य क निर्देश दिये। उन्होकनें कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना दल, मतगणना एजेंट व अन्यौ संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य के दौरान असुविधा न हो। अत: सभी समुचित व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करें, जिससे मतगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# स्कूल शिक्षा विभाग व ट्रायवल विभाग से मांगा जवाब

## आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को सामान्य वर्ग में नियुक्ति दिये जाने पर अपील दायर

**जबलपुर, देशबन्धु।** आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग में उनकी पसंद के विपरीत नियुक्ति दिये जाने के मामले में एकलपीठ के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दायर की गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में स्कूल शिक्षा विभाग, ट्रायबल वेलफेयर विभाग और आयुक्त लोक शिक्षण को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है कि दमोह निवासी ऋचा ताम्रकार सहित कई जिलों के प्राथमिक शिक्षकों ने याचिका दायर की थी। जिसमें कहा गया था कि वह ओबीसी व ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवार हैं। आयुक्त लोक शिक्षण ने नियम विरूद्ध तरीके से उन्हें अनारक्षित वर्ग में परिवर्तित कर उनकी च्वाइस के विरद्व शिक्षा विभाग की जगह ट्रायबल विभाग में पदस्थ कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय को बताया गया कि एकलपीठ ने विधि की भूल करते हुए प्रकरण के तथ्यों के विपरीत निर्णय पारित कर याचिकाएं निरस्त कर दीं। आवेदकों की ओर से तर्क दिया गया कि याचिका में उठाए मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिये है कि आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को विधिक प्रक्रिया अपनाए बिना उनकी केटेगरी नहीं बदली जा सकती और उनकी पदस्थापना उनकी चॉइस के प्रतिकूल नहीं की जा सकती। जिस पर यह अपील दायर की गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

# सीएम राइज स्कूल के लिये जमीन आवंटन को चुनौती

## स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में पनागर के रैपुरा में सीएम राइज स्कूल के लिए जमीन आवंटन किये जाने को जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त लोक शिक्षण, कलेक्टर जबलपुर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित का मामला जबलपुर निवासी मधुसूदन कुर्मी की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि सीएम राइस स्कूलों में सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अपर परियोजना संचालक समग्र शिक्षा अभियान, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने फरवरी 2022 को परिपत्र जारी किया था। जिसके तहत प्रत्येक विद्यालय में दस किलोमीटर तक के क्षेत्र में उपलब्ध विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार सर्वसुविधायुक्त भवन, खेल मैदान, पार्किंग व्यवस्था की जानी है। परिपत्र के अनुसार जिला स्तर के सीएम राइस स्कूलों के लिए भूमि की आवश्यकता दस एकड़, ब्लाक स्तर के सीएम राइस स्कूलों के लिए भूमि की आवश्यकता सात एकड़ और संकुल स्तर के सीएम राइस स्कूलों के लिए भूमि की आवश्यकता पांच एकड़ वर्णित हैं। याचिकाकर्ता ने सूचना के अधिकार में जानकारी प्राप्त की। जिसमें जबलपुर जिले में प्रथम चरण में 10 सीएम राइस स्कूलों के लिए काम किया जा रहा है। जिसमें सीएम राइस स्कूल सिंगोद तहसील पनागर का नाम शामिल है। ग्राम रैपुरा पनागर से दो किलोमीटर दूरी पर स्थित है। पनागर तहसील कार्यालय




होने से यहां पहले से ही अनेकों स्कूल मौजूद हैं। इसके बावजूद सिंगोद की जगह रैपुरा में स्कूल खोला जा रहा है। सिंगोद स्कूल के कैचमेंट क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों ने अनेकों अभ्यावेदन सरकार और कलेक्टर सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को दिये, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह व रूप सिंह ने पक्ष रखा।

# सिविल जज भर्ती नियम में किये गये संशोधन को चुनौती

## हाईकोर्ट प्रशासन को जवाब पेश करने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर सिविल जज भर्ती नियम में किये गये। संशोधन की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। चीफजस्टिस रवि मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में हाईकोर्ट प्रशासन को अगली सुनवाई पर हरहाल में जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई एक दिसंबर को निर्धारित की है, हालांकि विस्तृत आदेश प्रतीक्षित है।

गौरतलब है कि नरसिंहपुर निवासी अधिवक्ता वर्षा पटेल ने याचिका दायर कर न्यायिक सेवा नियमों में किये गये संशोधन को कटघरे में रखा था। इसके साथ ही जयपुर के देवांश कौशिक व प्रदेश के अन्य जिलों के उम्मीदवारों ने भी याचिकाएं दायर कर नियमों को चुनौती दी है। जिनमें आवेदकों की ओर से कहा गया कि न्यूनतम 70 फीसदी अंक निर्धारित करना अवैधानिक है क्योंकि देश की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में भी इतने अंक नहीं आते हैं। आवेदकों की ओर से कहा गया कि अंकों को 70 की जगह 60 फीसदी किया जाये। वहीं अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि उक्त संशोधन के तहत एलएलबी में 70 फीसदी से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को तीन साल की वकालत का अनुभव के बाद सिविज जज परीक्षा के लिये योग्य माना है, जोकि अनुचित है। उन्होंने बताया कि सिविल जज के साक्षात्कार परीक्षा में 50 अंको में से न्यूनतम 20 अंक प्राप्त किए जाने पर ही सिविल जज के पद के योग्य मान्य किया गया है। याचिका में सिविल जज परीक्षा में ओबीसी तथा सामान्य वर्ग को एलएलबी में न्यूनतम 70 प्रतिशत योग्यता बाले नियम को आरक्षण नीति के विरूद्व बताया गया है। आवेदकों की ओर से कहा गया किउक्त नियमों में कहीं भी यह प्रावधान नहीं किया गया है कि अनारक्षित पदों को परीक्षा के प्रथम तथा द्वितीय चरण में कैसे भरा जायेगा। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये, जिसकी फिलहाल प्रतीक्षा है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ व अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर पैरवी कर रहे है।

# दो को मरते दम तक तो तीसरे को 20 साल की सजा

## नाबालिग से गैंगरेप करने के मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** चरगवां थाना क्षेत्र में एक नाबालिगा को जंगल में लेकर उसके साथ गैंगरेप करने वाले तीन आरोपियों को पाटन एडीजे कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार की अदालत ने आरोपी 23 वर्षीय बृजेश ठाकुर व पंचम ठाकुर को मरते दम तक (शेष प्राकृतिक जीवनकाल) की सजा सुनाई है। दोनों पर आठ-आठ हजार का जुर्माना भी लगाया है। वहीं एक अन्य आरोपी 24 वर्षीय बाली ठाकुर को बीस साल के सश्रम कारावास व तेरह हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 15 जनवरी 2023 की शाम करीब छह बजे पीड़िता नहर तरफ घूमने गई थी। उसी समय आरोपी पंचम ठाकुर अपने दोस्त बाली व बृजेश ठाकुर के साथ मोटर साइकिल से पहुंचा। पंचम ने पीड़िता को मौसी के घर छोड़ने का कहकर उसे अपने साथ चलने के लिये कहा। जिस पर पीड़िता आरोपियों के साथ बाईक पर बैठ गई। अदालत को बताया गया कि आरोपी पीड़िता को लेकर उर्रम के जंगल की ओर ले गये। जहां बाईक रोक-कर पंचम ने पीड़िता से कहा कि वह उसे पसंद करता है और शादी करना चाहता है। उसके मना करने पर आरोपी पंचम ने दुष्कर्म किया। रात में जब ठण्ड बढ़ने लगी तो पंचम लकड़ी लेने चला गया। जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी बाली ने पीड़िता के दोनों हाथ पकड़ लिये और बृजेश ठाकुर ने उसके साथ बलात्कार किया। आरोपियों ने गैंगरेप करने के बाद पीड़िता को उसकी मौसी के घर छोड़ा और उसे किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जब पीड़िता के मामा उसकी तलाश करते हुए मौसी के घर पहुंचे तब उसने अपनी आपबीती बतायी। जिसके बाद मामले की शिकायत चरगवां थाने में दर्ज करायी गई। सुनवाई पश्चात् अदालत ने तीनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा।

# छात्रा से अश्लीलता करने वाले ऑटो चालक को तीन साल की सजा

## स्कूल लाते ले जाते वक्त करता था अश्लील हरकते

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिग छात्रा को स्कूल लाते ले जाते वक्त अश्लील हरकतें करने वाले ऑटो चालक को पाक्सो की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी चंद्रशेखर उर्फ चंदू विश्वकर्मा को तीन साल के सश्रम कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता की मा ने घमापुर थाने में शिकायत दर्ज करायी कि उसने अपनी बेटी को स्कूल लाने ले जाने के लिये एक ऑटो लगाया है, जिसका चालक चंद्रशेखर उर्फ चंदू है। 4 जनवरी 2023 को ऑटो वाले चंद्रशेखर ने पीड़िता को स्कूल से लाकर घर छोड़ा। जिसके बाद पीड़िता डरी सहमी होकर अपनी मॉ के पीछे छिप गई। ऑटो चालक के जाने के बाद जब परिजनों ने पूछा तो पीड़िता ने अपनी आप बीती बयां की। शिकायत पर पुलिस ने छेड़खानी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आरोपी चंद्रशेखर को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओ मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

# नर्स पर चाकूओं से हमला कर पुलिस आरक्षक ने की आत्महत्या

## सात माह पहले दुष्कर्म का मामला हुआ था दर्ज

**जबलपुर/नरसिंहपुर।** जबलपुर संभाग स्थित नरसिंहपुर में पुलिस आरक्षक अनिल बेलवंशी ने स्टाफ नर्स पर चाकू से हमला कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हमले में घायल नर्स को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां पर नर्स की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है। बताया गया है कि नरसिंहपुर के साहू का बगीचा में रहने वाली स्टाफ नर्स उम्र 30 वर्ष के घर रात 8.30 बजे के लगभग आरक्षक अनिल बेलवंशी उम्र 33 वर्ष पहुंचा। जहां पर दोनों के बीच बातचीत के दौरान झगड़ा हो गया।



इस दौरान अनिल ने चाकू निकालकर नर्स के गले पर हमला कर दिया, हमला होते ही नर्स चीखकर गिर गई। हमला करने के बाद आरक्षक ने वहीं पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नर्स के कमरे से चीख पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाली अन्य नर्से पहुंच गई। देखा तो नर्स खून से लथपथ जमीन पर पड़ी छटपटा रही है, वहीं आरक्षक अनिल फांसी के फंसे पर झूल रहा है। घटना की जानकारी पुलिस को देकर नर्स को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया। इस संबंध में कोतवाली टीआई गौरव चाटे ने बताया कि इसी साल अप्रैल में नर्स ने आरक्षक के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया है। संभवत: इसी सिलसिले में आरक्षक बातचीत करने के लिए नर्स के घर पहुंचा था। बातचीत के दौरान दोनों के बीच झगड़ा हो गया। आरक्षक अनिल बेलवंशी बालाघाट का रहने वाला है, वहीं नर्स छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव की रहने वाली है।

# एसपी ऑफिस में आरक्षक ने खुद पर उड़ेला कैरोसिन

**कटनी, देशबन्धु।** रीठी थाने में पदस्थ एक आरक्षक सुनील बागरी के द्वारा आज प्रातः 11 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खुद पर कैरोसिन उड़ेलकर आत्महत्या का प्रयास किये जाने से हड़कम्प मच गया। संयोग से मौके पर पुलिसकर्मी मौजूद रहे और उन्होंने आनन-फानन में आरक्षक के हाथ से कैरोसिन की बोतल छीन ली, वरना कुछ भी हो सकता था।

बताया जाता है कि सुनील बागरी वरिष्ठ अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग था और उसके द्वारा अपनी बेटी के चौक समारोह के लिए छुट्टी की मांग की गई थी परंतु अधिकारी उसे छुट्टी देने की बजाय रिलीव भी नहीं किया जा रहा था। बताया जाता है कि घटना वाले दिन ही डीआईजी का कटनी दौरा भी होने वाला था। सुनील बागरी का उद्देश्य अपने अधिकारियों का ध्यान आकर्षण कराना भी था ताकि उन्हें यह पता लग सके कि पुलिस महकमे में अधिकारी अपने अधीनस्थों को किस तरह से मानसिक टार्चर कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि आरक्षक को यहां से ले जाकर झिंझरी चौकी में समझाया जा रहा है, जबकि डीआईजी भी कटनी पहुंच चुके थे।




## रीठी टीआई पर छुट्टी नहीं देने का आरोप, डीआईजी भी शहर में, महकमे में मचा हड़कम्प

### एसपी ने स्वीकृत किया अवकाश, टीआई ने अटकाया रोड़ा

सूत्र बताते हैं कि पुलिस कप्तान ने सुनील बागरी के पांच दिनी अवकाश को स्वीकृत कर लिया था परंतु रीठी थाना प्रभारी के द्वारा उसे रिलीव नहीं किया जा रहा था। बुधवार दोपहर आरक्षक ने एसपी ऑफिस परिसर में अपने साथ लाये केरोसिन की शीशी को अपने ऊपर उड़ेल लिया। इससे पहले कि वह आग लगा पाता, यहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

### सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट

आरक्षक सुनील बागरी ने सुबह सोशल मीडिया पर भी प्रताड़ना संबंधी पोस्ट डाली थी। आरक्षक अपने साथ मिट्टी का तेल लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा और अपने ऊपर मिट्टी तेल डालने का प्रयास करने लगा।

# एक हो रिटायरमेंट की उम्र, अलग-अलग नहीं

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने कर्मचारियों को अलग ,अलग 58,60,62,65 वर्ष की उम्र में रिटायरमेन्ट किये जाने को भेदभाव पूर्ण कार्यवाही बताया है। मध्य प्रदेश शासन के कुछ विभागों में कर्मचारियों को 65 वर्ष की उम्र में रिटायर किया जाता है वहीं कुछ विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों को 58,60,62 वर्ष की आयु में ही रिटायर कर दिया जाता है। जबकि सभी कर्मचारियों की नियुक्ति नियानुसार होती है। सभी कर्मचारियों को मंहगाई भत्ते, आवास भत्ते,शहरीभत्ते एवं सभी अन्य लाभ एक समान दिये जाते है। रिटायर मेंट पर पेंशन, उपादान, अवकाश नगदीकरण यहां तक की कर्मचारी के निधन पर अनुकंपा नियुक्ति भी एक समान नियमों के अनुसार दी जाती है, फिर अलग - अलग उम्र में रिटायर कर कर्मचारियों के साथ समानता का व्यौहार नही किया जा रहा है। अलग अलग उम्र में रिटायर करने से अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी असंतोष पनप रहा है।

# मावठा की बारिश से ठंड ने पकड़ी रफ्तार, ठिठुरे लोग

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** सोमवार की रात्रि व मंगलवार की सुबह हुई बरसात से एवं बादलों के छूटते ही ठंड ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है वर्तमान में लगातार दो दिनों से ठंड में अपेक्षाकृत काफी तेजी आ गई है। मौसम का मिजाज दिनप्रति ठंडा होता जा रहा है।आसमान में बादलों के छटते ही ठंड में इजाफा होता जा रहा है। मंगलवार की सुबह बढ़ी ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए।बढ़ी ठंड से बचने के लिए लोग धूप खिलने का इंतजार करते समय किंतु पूरे दिन धूप को तरस गए धूप नहीं निकली। ठंड से लोग जमकर ठिठुरते रहे। वर्तमान में ठंड की गति काफी इजाफा हुआ है व अब ठण्ड ने रफ्तार पकड़ लिया है। लोगों के ठण्ड से बचने कोट,ऊनी स्वेटर,मफलर के साथ हाथ पोश पहनने के बाद भी ठंड के कारण सुबह घर से बाहर निकलने वाले स्टैंडों पर काम के लिए जाने लोगों व अपडाउनर्स को व बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों को ठंड की वजह से परेशानियां झेलनी पड़ रही है। तिराहों-चौराहों पर खड़े लोग भी चाय की भट्टियों से चिपके रहे। ठंड के चलते शाम ढलते ही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। दिन भर ठंड का सितम बढ़ता जा रहा है।



सर्दी के मौसम में बाजारों में चाय-काफी व चाट की बिक्री बढ़ गई है। रेलवे स्टेशनों पर ठंड के बीच ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्री चाय का सहारा लेते हुए ठंड से राहत महसूस कर रहे हैं।

* गांधीग्राम से जुड़े हुए आसपास के 10 से 15 गांव के लोग गांधीग्राम आकार नियमित रूप से जबलपुर की यात्रा करते हैं।इनमें मुख्य रूप से कर्मचारी, अप डाउनर्स, पान कृषक, आदि जब यह सुबह के वक्त गांधीग्राम आते हैं तो यहां पर कूड़ा कंजई तिराहा,बस स्टैंड आदि में लोग ठंड में ठिठुरते नजर आए।

## सार-समाचार

### शिक्षक भगवती कोरी निलंबित

**दमोह, देशबन्धु।** विधानसभा आम चुनाव के तहत निर्वाचन संबंधी आदेशित ड्यूटी का निर्वहन नहीं करने तथा ड्यूटी करने से इंकार करने के आरोप में रिटर्निंग आफीसर 57 हटा के प्रतिवेदन पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम के तारतम्य में शासकीय माध्यमिक शाला मुराछ की माध्यमिक शिक्षक भगवती कोरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्रीमती कोरी का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हटा निर्धारित किया गया है एवं निलंबन अवधि में इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### आदिवासी महिला से छेड़छाड़ करने पर 10 वर्ष का कठोर कारावास

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी महिला के सांथ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म के एक मामले मे अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इस पूरे मामले के संबंध में जानकारी देते हुए अभियोजन पक्ष के मीडिया प्रभारी नीरज पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया है कि 10 अक्टूबर 2016 की रात करीब 2 बजे पीड़िता अपने घर के सामने गुड़ाखू कर रही थी। ठीक उसी समय गांव के जवाहर यादव ने आकर उससे पानी मांगा। जब वह पानी लाने के लिये मुड़ी तो आरोपी उसे छेड़ने लगा। विरोध के बावजूद जवाहर उसे उठाकर बाड़ी में ले गया। जहां गला दबाकर मारने की धमकी देकर महिला के सांथ दुष्कर्म किया। इसी बीच महिला का पति वहां आ पहुंचा, जिसे देखकर आरोपी भाग खड़ा हुआ।

#### इन धाराओं में मामला दर्ज

घटना की सूचना पर पुलिस ने जवाहर यादव के विरुद्ध धारा 376, 506, 3 (2) (अ), 3 (1) (प) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण के सूक्ष्म परिशीलन के दौरान 376 (1) का अपराध प्रमाणित होने पर विशेष न्यांयाधीश ने जवाहर यादव को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### शराब के नशे में 55 वर्षीय बुजुर्ग पर त्रिशूल से जानलेवा हमला

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत 55 वर्षीय बुजुर्ग से शराब के नशे में त्रिशूल से जानलेवा मामला करने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तम चौधरी पिता गुलाब चौधरी उम्र 55 वर्ष निवासी बनवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई की दिनांक 28/11/2023 समय लगभग रात्रि 8 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था तभी गांव का अर्जुन चौधरी पिता भगवान दास चौधरी शराब के नशे में आकर उसके साथ गली गुफ्तार करने लगा उसने गलियां देने से मना किया तो अर्जुन ने त्रिशूल से जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसके हाथ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई जब तक गांव के लोग दौड़े आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया पुलिस एवं परिजनों की मदद से घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती किया जंहा उसका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करके आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही हैं।

### दो सप्ताह से खराब 100 डायल

**गोसलपुर, देशबन्धु।** थाना गोसलपुर में लोगों की पुलिस सेवा के लिए तैनात इस हंड्रेड डायल की गाड़ी लगभग सप्ताह भर से बिगड़ी है जिसे मेंटेनेंस हेतु भेजा गया है किंतु इसका और कोई विकल्प न होने से लोग हंड्रेड डायल की सुविधा से वंचित देखे जा रहे हैं जिसके चलते अति आवश्यक स्थिति में पुलिस को सूचना देने में बड़े परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बताया जाता है आवश्यक स्थिति में दूर दराज गांव घटित कोई भी घटना के लिए लोग हंड्रेड डायल का सूचित कर पुलिस सहायता तुरंत प्राप्त कर लेते थे किंतु इस के खराब हो जाने से लोगों को इस सुविधा का लाभ नहीं प्राप्त हो रहा है गोसलपुर क्षेत्र में आए दिन अपराधिक घटनाएं पैर पसार रही है हाल ही में बीते दिनों हम लोग मैरिज गार्डन से लगभग 15 लाख रुपए की चोरी हो गई जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका।

### विपिन नकरा का निधन



**सिहोरा,देशबन्धु।** वार्ड नम्बर 6 निवासी कनक कलेक्शन के मालिक और तिलक राज नकरा के भतीजे श्री विपिन नकरा का 48 वर्ष की उम्र में निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार कुर्रो रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# बाजार मंदिर में हवन के साथ विधान का हुआ समापन

**पनागर, देशबन्धु।** शांतिनाथ महिला मंडल द्वारा आज आज बाजार मंदिर में विधान का समापन किया गया पूर्व में समाज के उपाध्यक्ष संतोष चौधरी जी के द्वारा विधान की समापन एवं हवन की संपूर्ण क्रिया संपन्न कराई गई जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें जिसमें हमारे वरिष्ठ महिलाएं पुरुष शामिल थे चमेली बाई बढ़कर राजकुमारी चौधरी सरला मोदी विमल मोदी सुकून किरण अध्यक्ष समीक्षा चौधरी सचिन रजनी मोदी शालिनी लग्जरी मनीष मोदी सविता स्वाति निशा भारती प्रिया प्रिया मोदी उषा चौधरी रागिनी चौधरी मनोज भैया आदि शामिल थे जो बहुत ही भक्ति भावपूर्वक सानंद संपन्न हुआ रात्रि को भजन संध्या आरती करके 48 दीपों द्वारा महा आरती की गई



# बाइक-स्कूटी भिड़े, एक की मौत

**कटनी, देशबन्धु।** झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम गुलवारा में आज सुबह करीब 11 बजे सड़क पर मृत पड़े जानवर से बचकर निकलने का प्रयास करते हुए एक बाइक सवार युवक और स्कूटी सवार महिला की टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। स्कूटी सवार महिला को चोटें आने के कारण स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल भिजवाया है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम गनियारी में एक बाइक सवार युवक और सामने से आ रही स्कूटी सवार महिला की गाड़ियां सीधे आपस में टकरा गई। बताया जाता है कि सड़क में एक जानवर मरा हुआ पड़ा था जिससे बचकर निकलने का प्रयास करते हुए वाहन चालकों की आपस में टक्कर हो गई।



घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई है, जबकि महिला घायल है।

# जमीनी विवाद में मारपीट के दौरान देवर ने मुंह से काट डाला भाभी का अंगूठा

## करौंदी पड़रिया का मामला

**दमोह, देशबन्धु!** दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तेजगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत करौदी पड़रिया में रविवार दोपहर सामने आए विवाद में एक परिवार में पुराने जमीनी विवाद पर देवर व देवरानी का उनकी भाभी से विवाद हो गया और यह विवाद इतना बड़ा कि देवर ने अपनी भाभी से मारपीट शुरु कर दी और मारपीट के दौरान उसने भाभी का हाथ का अंगूठा मुंह से काटकर अलग कर दिया। शोर व चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जहां घायल महिला तेजगढ़ थाने पहुंचे और अपने देवर और देवरानी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया और पुलिस द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में भर्ती कराया गया, जहां से उसे दमोह रैफर किया गया है।

**पति नहीं था घटना के समय** - वहीं घायल अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र पहुंची महिला आशाबाई पति पुल्नदंर लोधी 33 वर्ष निवासी करौदी पड़रिया थाना तेजगद ने बताया कि अपने घर काम करते समय देवर कुशल लोधी और देवरानी उमा लोधी पहुंचीं और कहासुनी करने लगी। विवाद के दौरान उन्होंने अंगूठा काट दिया। महिला अपना कटा हुआ अंगूठा लेकर थाने फिर और स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। वहीं महिला के अनुसार घटना के समय उसके पति घर पर नहीं थे, जो दमोह गए थे और इसी दौरान उसके अकेले होने पर उसके साथ इस तरह से मारपीट व घटना को अंजाम दिया गया।





**पंचायत ने सुलझाया था विवाद** - जानकारी अनुसार पहले भी दोनो पक्षों में जमीनी को लेकर विवाद हुआ था और मामला थाने और कोर्ट तक पहुंच चुका था लेकिन समाज और रिश्तेदारों ने पंचायत बैठाकर पुरानी जमीनी विवाद को सुलझाया दिया था और राजीनामा करा दिया था। जिसके बाद कुछ माह तक सबकुछ ठीक रहा लेकिन देवर कुशल लोधी हर बार जान से मारने की धमकी देता आया है और इस तरह की घटना सामने आई। वहीं महिला के अंगूठा काटे जाने के बाद उसे प्राथमिक उपचार उपरांत दमोह रेफर किया गया है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ आरआर बागरी ने बताया कि महिला का अंगूठा अब नहीं = जोड़ सकता है क्योंकि महिला के अगूंठा से खून की चाल और नस सबकुछ बाहर आ चुकी है। पुलिस द्वारा मामला जांच में लिया गया है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुराचार

## स्लीमनाबाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटनी, देशबन्धु।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में नाबालिक के साथ दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार किया। नाबालिग लड़की ने शिकायत दर्ज करायी कि उसके साथ भगनवारा निवासी सोनू यादव ने दुष्कर्म किया है। लड़की की शिकायत पर स्लीमनानाबाद पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) स्लीमनाबाद अखिलेश गौर के मार्ग दर्शन में फरार आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया था। थाना स्लीमनाबाद प्रभारी उनि. नितिन कमल द्वारा टीम गठित कर आरोपी की तलाश पतासाजी की गई। आरोपी सोनू यादव पिता कमलेश यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम भगनवारा थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी के दस्तयाब होने पर पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गयी तो सोनू ने जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय कटनी ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद उनि. नितिन कमल , महिला उनि. नेहा मौर्य महिला आर. नेहा भट्ट प्रधान आरक्षक रामनरेश शुक्ला, तेज प्रकाश आरक्षक मनीष, राजा, सोने सिह, रजनीश, अचल बृजेश की सराहनीय भूमिका रही।




# खड़े ट्रक से टकराया मैजिक, महिला सहित तीन की मौत, पांच घायल

## कोहरा बना हादसे का कारण : इलाहाबाद से बिलासपुर जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, यात्री सुरक्षित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के घने कोहरे में एक मैजिक वाहन खड़े ट्रक में घुस गया। इसमें मैजिक वाहन में सवार एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा वेंकटनगर-जैतहरी मुख्य मार्ग पर हुआ। वहीं घने कोहरे से इलाहाबाद से बिलासपुर जा रही प्रयाग बस क्र. एमपी 18 पी 8199 वेंकटनगर पेंड्रा मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बस में यात्री भी सवार थे, जिन्हें कोई चोटे नही आई है।

जैतहरी थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के घने कोहरे में ग्राम लपटा के पास एक मैजिक वाहन खड़े ट्रक में घुस गया। इस भीषण सड़क हादसे में दो लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया था, जबकि महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पांच घायलों को अनूपपुर जिला अस्पताल रेफर किया है। वेंकटनगर की ओर से जा रहा मैजिक वाहन एमपी 65-जीए 2764 (छोटा हाथी), ट्रक एमपी 65-एच 0296 से भिड़ंत हो गई। घटनास्थल पर 45 वर्षीय प्रवीण मिश्रा उर्फ श्यामजी पिता शालिग्राम मिश्रा, 50 वर्षीय मोहम्मद सलीम दोनों निवासी जैतहरी की मौत हो गई। साथ ही महिला सहित छह घायल हुए थे। सभी को जैतहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां उपचार के दौरान 59 वर्षीय मुन्नी बाई राठौर की मौत हो गई। घायलों में गया प्रसाद राठौर, अनिल सोनी, निलेश नामदेव, लीलावती, इंद्रावती सभी निवासी जैतहरी घायल हैं।मृतक प्रवीण अग्निहोत्री छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा से बाजार कर जैतहरी लौट रहें थे। भिलाई छत्तीसगढ़ से लोहा भर कर ट्रक भी जैतहरी आ रहा था। कोहरे की वजह से चार पहिया वाहन को ट्रक दिखाई नहीं दिया। इसकी वजह से टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जैतहरी थाना प्रभारी प्रकाशचंद्र कोल एवं वेंकटनगर चौकी प्रधान आरक्षक सतीश मिश्रा सहित डायल 100 के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के संबंध में जांच में जुटी हुई है। हादसा इतना भीषण था कि मुख्य मार्ग पर करीब आधा घंटे तक जाम लगा रहा। इसके बाद वाहन से दोनों शवों को बाहर निकाल कर डायल 100 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी भेजा गया। जानकारी अनुसार हादसे में प्राण गंवाने वाले प्रवीण के पिता शालिग्राम खाट पर कपड़ा बेचते थे। प्रवीण के घर में पत्नी एक बेटी और 6 वर्षीय का बेटा है। प्रवीण अकेले अपने घर का भरण पोषण करने वाले थे। कपड़ा बेचने के लिए रोज अलग-अलग जगह के बाजार में दुकान लगाते थे।






**वेंकटनगर में प्रयाग बस हुई दुर्घटनाग्रस्त** - दूसरी घटना में वेंकटनगर में मंगलवार- बुधवार की रात इलाहाबाद से बिलासपुर जा रही प्रयाग बस क्र एमपी 18 पी 8199 वेंकटनगर पेंड्रा मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बस में यात्री भी सवार थे, जिन्हें कोई चोटे नही आई है। बस चालक ने बताया कि बस वेंकटनगर के पास मोड़ पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर की वजह से अनियंत्रित होकर बस ड्राइवर ने बस को रोड से नीचे उतार दिया। जिससे गंभीर हादसा होने से बच गया। बस में बैठे सभी यात्री सुरक्षित है, जिन्हें पीछे से आ रही अन्य बस में बैठा कर रवाना किया।

## बंगलादेश में बीएनपी ने दो केंद्रीय नेताओं को निष्कासित किया

**ढाका, ( एजेंसियां )।** बंगलादेश में बंगलोदश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपने अध्यक्ष की सलाहकार परिषद के सदस्य सैयद एके एकरामुज्जमां और राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य शाह मोहम्मद अबू जफर को निष्कासित कर दिया है। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव एडवोकेट रूहुल कबीर रिजवी ने मंगलवार को जारी अपने बयान में इसकी पुष्टि की। बयान के मुताबिक पार्टीविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दोनों नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से निष्कासित कर दिया गया। एकरामुज्जमां 12वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में ब्राह्मणबारिया-1 निर्वाचन क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अबू जफर 20 नवंबर को बंगलादेश नेशनलिस्ट मूवमेंट (बीएनएम) में शामिल हो गए। वह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। बीएनपी पहले ही 12वें संसदीय चुनाव के कार्यक्रम को खारिज कर चुकी है।

# यूएनजीए में भारत ने हमास-इजरायल हमले में नागरिकों की मौत की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र , ( आईएएनएस )।** फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भारत ने हमास आतंकवाद और इजरायल की जवाबी कार्रवाई में बड़े पैमाने पर हुई नागरिकों की मौत की निंदा की, लेकिन सीधे तौर पर दोनों का नाम नहीं लिया। फिलिस्तीन के लिए दो- देश समाधान और मानवीय सहायता के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए, भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को कहा, 7 अक्टूबर को इजरायल में हुए आतंकवादी हमला चौंकाने वाला था। इसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा करते है।

आतंकवाद और बंधक बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। इजरायल की जवाबी कार्रवाई से पैदा हुए संकट पर कंबोज ने कहा, हम आज ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब मध्य पूर्व में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण सुरक्षा स्थिति बिगड़ रही है, बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान जा रही है। यह एक चिंताजनक मानवीय संकट

यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। हमास के हमले में इजरायल में 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए और करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया गया। हमास के नियंत्रण वाले गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मुख्य रूप से हवाई बमबारी से इजरायल की जवाबी कार्रवाई में 14,800 से ज्यादा लोगों की जान गई है।



कम्बोज ने हमास-इजरायल संघर्ष में युद्धविराम और कुछ बंधकों की रिहाई का स्वागत किया और बाकि बचे लोगों की रिहाई का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मानवीय सहायता की समय पर और निरंतर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए मानवीय ठहराव एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा, भारत ने गाजा को 16.5 टन दवा और चिकित्सा आपूर्ति सहित 70 टन मानवीय सहायता भेजी है। हाल ही में भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव पर मतदान न करने पर कई अटकलें लगाई गई थी। कहा गया था कि भारत फिलिस्तीन मुद्दे से दूरी बना रहा है। इस गलतफहमी को दूर करने के लिए कंबोज ने दो-देश समाधान के समर्थन को दोहराया। कंबोज ने कहा, भारत ने हमेशा इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे पर बातचीत के माध्यम से दो-देश समाधान का समर्थन किया है, जिससे फिलिस्तीन के एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य राज्य की स्थापना हो सके, जो इजराइल के साथ शांति, सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर रह सके उन्होंने कहा, फ़िलिस्तीनी लोगों के साथ हमारा दीर्घकालिक संबंध, गहरे ऐतिहासिक और लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है और फिलिस्तीन के लोगों को देश का दर्जा, शांति और समृद्धि के उनके प्रयासों में हमारा लगातार समर्थन है। उन्होंने कहा, भारत हमारी द्विपक्षीय विकास साझेदारी के माध्यम से फिलिस्तीनी लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा और फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखेगा। कम्बोज ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन को कश्मीर से जोड़ने के पाकिस्तान के प्रयासों पर भी हमला बोला। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा,अफसोस के साथ, एक साथी प्रतिनिधि द्वारा दिए गए दुर्भाग्यपूर्ण और भ्रामक बयानों को संबोधित करना आवश्यक है।

विकृति और द्वेष के इस तरह के पैटर्न को केवल उस मानसिकता के प्रति हमारी गहरी सहानुभूति से ही पूरा किया जा सकता है जो इन असत्यों को कायम रखती है। उन्होंने कहा, भारत अपने जवाब देने के अधिकार का प्रयोग कर संयुक्त राष्ट्र का समय बर्बाद नहीं करेगा। साथ ही टिप्पणी की, कि नई दिल्ली की स्थिति को जवाब देने के पिछले अधिकारों में देखा जा सकता है। भारत ने दोहराया है कि कश्मीर भारत का एक अपरिवर्तनीय हिस्सा है और केंद्र शासित प्रदेश के लोगों ने अपने वोटों के माध्यम से भारत में इसके विलय की पुष्टि की है। पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सत्र में बोलते हुए, पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने कश्मीर मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था, जब लोगों को विदेशी कब्जे से दबाया जाता है और उन्हें आत्मनिर्णय के अधिकार से जबरन वंचित किया जाता है, जैसा कि आज फिलिस्तीन और जम्मू-कश्मीर में हो रहा है, तो कोई भी विकास शांति नहीं ला सकता है। पिछले महीने असेंबली की स्पेशल पॉलिटिकल एंड डिकोलोनाइजेशन कमेटी की बैठक में पाकिस्तान के काउंसलर नईम सबर ने कश्मीर को भारत का हिस्सा होने पर आपत्ति जताई थी।

## आज का इतिहास

1731- बीजिंग में भूकंप से लगभग 1 लाख लोग मारे गए।
1858- वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु का जन्म हुआ।
1874- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का जन्म हुआ।
1909 - पश्चिम बंगाल के जाने माने विद्वान रमेश चन्द्र का निधन।
1931- भारतीय इतिहासकार रोमिला थापर का जन्म।
1936 - लंदन का क्रिस्टल पैलेस आग से तबाह हो गया। यह 1851 की द ग्रेट एग्जीबीशन का आयोजन स्थल था।
1939 - फिनलैंड पर सोवियत सेनाओं ने हमला किया। दरअसल फिनलैंड ने तत्कालीन सोवियत संघ को अपने यहां नौसैनिक अड्डा बनाने और अन्य सुविधाएं देने से इनकार कर दिया था।
1961- तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया।
1965 - मशहूर राजनीतिक कार्टूनिस्ट के शंकर पिल्लै ने दिल्ली में गुड़ियों के अनोखे संग्रहालय की स्थापना की।
1966 - कैरेबियाई द्वीपीय राष्ट्र बारबाडोस ने ब्रिटेन से पूर्ण स्वतंत्रता हासिल की। देश ने 1961 में आंतरिक स्वशासन कायम कर लिया था।

## सुडोकू 6391

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## न्यूयॉर्क सबवे ट्रेन में गोलीबारी, 2 घायल

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** न्यूयॉर्क शहर में चलती मेट्रो ट्रेन में एक नाबालिग लड़के और एक आदमी को गोली मार दी गई, जिसके चलते वे घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना मंगलवार शाम करीब 5.40 बजे ब्रुकलिन में मैनहट्टन जाने वाली सी ट्रेन में हुई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। गोलीबारी के कारण यात्रियों को लगभग दो घंटे तक असुविधा का सामना करना पड़ा। दोनों पीड़ितों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है। आरोपी अभी गिरफ्त से दूर है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के अनुसार, 8 नवंबर तक न्यूयॉर्क में 900 से ज्यादा गोलीबारी की घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें ब्रुकलिन में 308 घटनाएं शामिल थीं। अप्रैल 2022 में, फ्रैंक जेम्स नाम के एक व्यक्ति ने ब्रुकलिन में एक मेट्रो में 10 यात्रियों को गोली मार दी, जिसकी व्यापक रूप से रिपोर्ट की गई।

## जापान में अमेरिकी मिलिट्री का प्लेन क्रैश

अमेरिकी मिलिट्री का एक विमान बुधवार को क्रैश हो गया। इंजन में आग लगने के बाद यह जापान के याकुशिमा द्वीप के पास समुद्र में गिरा। विमान में 8 लोग सवार थे। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने कहा- विमान यामागुची के इवाकुनी बेस से ओकिनावा के कडेना बेस की ओर जा रहा था। दोपहर 2:40 (भारतीय समय के मुताबिक, 11:10 बजे) विमान रडार से गायब हो गया था। इसके 7 मिनट बाद ही कोस्ट गार्ड को प्लेन के क्रैश होने की खबर मिली। जापानी मीडिया के मुताबिक, क्रैश की खबर मिलते ही 2 हेलीकॉप्टर और 6 बोट रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए भेजी गई हैं। जापान में इसके पहले भी वायु सेना से जुड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 2019 में एक एफ-35 स्टील्थ जेट समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जब पायलट रास्ता भटक गए थे। इस क्रैश के बाद विमान के पायलट और रहस्यों का पता लगाने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

## संयुक्त राष्ट्र दूत ने सीरिया में तनाव कम करने का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के उप विशेष दूत नजत रोचडी ने सीरिया में तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया है और चेताया है कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष वहां भी फैल सकता है। उन्होंने मंगलवार को सुरक्षा परिषद को बताया, हम सीरिया में संभावित रूप से व्यापक तनाव बढ़ने की संभावना के बारे में गहराई से चिंतित हैं। कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र और इज़रायल में दुःखद विकास के प्रभाव सीरिया के अंदर महसूस किए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को, इजरायल एक बार फिर दमिश्क हवाई अड्डे पर हमला किया, जिससे इस हवाई अड्डे से संचालित होने वाली संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी वायु सेवा एक बार फिर अस्थायी रूप से बंद हो गई। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना प्रतिबंधित है।

# महिला ने कार दुर्घटना को लेकर यूएस टाउनशिप, उसके भारतीय-अमेरिकी मेयर पर मुकदमा दायर किया

**न्यूयॉर्क, ( आईएएनएस )।** एक महिला ने अमेरिकी राज्य न्यू जर्सी की एक टाउनशिप और उसके भारतीय-अमेरिकी मेयर के खिलाफ 2022 की कार दुर्घटना के लिए मुकदमा दायर किया है। इस दुर्घटना में उसे गंभीर और स्थायी चोटें आई थी। मुकदमे में दावा किया गया है कि एडिसन के मेयर सैम जोशी एक टाउनशिप वाहन में पूर्व की ओर यात्रा कर रहे थे।




उन्होंने 9 दिसंबर 2022 को तल्माडगे रोड पर दक्षिण की ओर जा रही सोबिया कैसर को टक्कर मार दी थी। समाचार प्लेटफॉर्म पैच डॉट कॉम ने सोमवार को बताया कि कैसर ने आरोप लगाया कि जोशी लापरवाह थे और टाउनशिप को सैम जोशी को वाहन नहीं सौंपना चाहिए था। कैसर ने कहा कि दुर्घटना के कारण उसे गंभीर और स्थायी चोटें आईं और वह क्षतिपूर्ति, ब्याज, मुकदमे की लागत, जूरी द्वारा मुकदमा और किसी भी बीमा समझौते या पॉलिसी की मांग कर रही हैं। मुक़दमे में कहा गया, उसे मेडिकल खर्च (व्यय) उठाना पड़ा और भविष्य में भी चिकित्सा व्यय उठाना पड़ेगा। उसे अक्षम कर दिया गया है और भविष्य में भी उसे अपने आवश्यक मामलों और व्यवसाय में शामिल होने से रोका जाएगा।

टाउनशिप के एक प्रवक्ता ने पैच को बताया कि मेयर जोशी ने सार्वजनिक रूप से खुलासा किया है कि पिछले साल हुई एक छोटी कार दुर्घटना के तुरंत बाद वह घायल हो गए थे। प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने इसे व्यस्त छुट्टियों के मौसम के दौरान निवासियों को सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक सीखने योग्य क्षण के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि टाउनशिप वकील मुकदमे की समीक्षा कर रहे हैं। और एक ऐसे नतीजे पर पहुंचने के लिए उचित प्रतिक्रिया देंगे जो सभी पक्षों के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत हो और एडिसन करदाताओं की रक्षा करता हो। टाउनशिप के पहले भारतीय-अमेरिकी मेयर के रूप में चुने गए जोशी, गुजरात से हैं और उनका जन्म और पालन-पोषण एडिसन में हुआ था। उन्हें 27 साल की उम्र में एक बड़े काउंसिल सदस्य के रूप में चुना गया, जिससे वह एडिसन के इतिहास में सबसे कम उम्र के निर्वाचित अधिकारी बन गए। टाउनशिप के पहले भारतीय-अमेरिकी मेयर के रूप में चुने गए, जोशी गुजरात से हैं और उनका जन्म और पालन-पोषण एडिसन में हुआ था।

उन्हें 27 साल की उम्र में एक बड़े काउंसिल सदस्य के रूप में चुना गया, जिससे वह एडिसन के इतिहास में सबसे कम उम्र के निर्वाचित अधिकारी बन गए। 2017 में एडिसन टाउनशिप काउंसिल में शामिल होने के बाद से, जोशी ने करों को कम रखने, महिलाओं और अल्पसंख्यक स्वामित्व वाले व्यवसायों को अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद करने और पूरी टाउनशिप में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए काम किया है।

## वर्ग पहेली 6391




**बायें से दायें:-**

१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतु पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पाप रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**

१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन मुश्किल
२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

## वर्ग पहेली-6390



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# गाजा में 24 घंटे के अंदर 160 शव बरामद

**गाजा, ( आईएएनएस )।** हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने कहा कि बुधवार को बीते 24 घंटों में गाजा पट्टी में बचाव टीमों ने इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों के कम से कम 160 शव बरामद किए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जीएमओ ने कहा कि मैनुअल और प्राथमिक उपकरणों का उपयोग करविभिन्न स्थानों से शव बरामद किए गए।

24 नवंबर को जारी युद्ध विराम लागू होने के बाद से गाजा में हवाई हमले, गोलाबारी और जमीनी झड़पें काफी हद तक बंद हो गई हैं। कार्यालय ने यह भी कहा कि, 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से, गाजा में 15,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें लगभग 6,150 बच्चे और 4,000 महिलाएं शामिल हैं। जीएमओ हताहतों की संख्या की रिपोर्ट कर रहा है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने उत्तर में अस्पतालों में सेवाओं और संचार के पतन के बाद 11 नवंबर को काम करना बंद कर दिया था। जैसा कि कथित तौर पर इजरायल और हमास द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी, शुरुआती चार दिवसीय युद्ध विराम को मंगलवार से अतिरिक्त 48 घंटों के लिए बढ़ा दिया गया है। मंगलवार को गाजा में बंधक बनाए गए 10 इजरायली और दो विदेशी नागरिकों और इजरायली जेलों में बंद 30 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा कर दिया गया। मुक्त कराए गए बंधकों में नौ



महिलाएं और एक लड़की शामिल है।

फिलिस्तीनी बंदियों में 15 महिलाएं और 15 लड़के थे। विराम की शुरुआत के बाद से, 180 फिलिस्तीनियों, 61 इजरायलियों और 20 विदेशी नागरिकों को रिहा किया गया है। इजरायल ने कहा कि हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए जबकि 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया।

**राजनीति**

*अब तक सिर्फ चार चुनावों में ही अन्य दलों के मुकाबले मिले कम मत*

# राजस्थान में अब तक हुए विस चुनाव में कांग्रेस का रहा दबदबा

**जयपुर, (एजेंसियां)। राजस्थान में आजादी के बाद से अब तक हुए पन्द्रह विधानसभा चुनावों में दस बार सरकार बनाकर कांग्रेस ने अपना दबदबा कायम किया हैं और अब तक उसे केवल चार चुनावों में ही अन्य दलों के मुकाबले कम मत मिले हैं वहीं वर्ष 1980 के चुनाव से मुकाबले में आई भाजपा ने पिछले नौ चुनावों में चार बार सरकार बनाने में।** सफल रही है और तीन बार सबसे अधिक मत हासिल करने में कामयाब रही। अब तक हुए इन चुनावों में आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए चुनाव में जनता पार्टी ने भी जोरदार जीत दर्ज करते हुए राज्य में सरकार बनाई। कांग्रेस ने इन पन्द्रह चुनावों में छह बार वर्ष 1952, 1957, 1972, 1980, 1985 एवं 1998 के चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया, इसमें वर्ष 1998 में कांग्रेस ने पहली बार 150 सीटों के साथ



■ भाजपा तीन बार सबसे अधिक मत हासिल करने में रही कामयाब

धमाकेदार जीत दर्ज की और अशोक गहलोत पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस ने चार बार वर्ष 1962, 1967, 2008 एवं 2018 में किसी दल या निर्दलीय सदस्यों के सहारे सरकार बनाई। आजादी के बाद हुए वर्ष 1952 में 190 सीटों के लिए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 102 सीटें जीतकर पहली बार सरकार बनाई।

इसके बाद हुए वर्ष 1957 में 176 सीटों के लिए हुए दूसरे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 119 सीटें जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। इसके बाद वर्ष 1962 के चुनाव में कांग्रेस 176 विधानसभा सीटों वाली विधानसभा में 88 सीटें ही जीत पाई जो बहुमत के आंकड़े से एक कम थी। इसके बाद वर्ष 1967 में हुए चौथी विधानसभा के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस विरोधी लहर के बावजूद विधानसभा की 184 में से 89 सीटें हासिल की।

हालांकि स्पष्ट बहुमत से कुछ सीटें दूर रही लेकिन सरकार बनाने में कामयाब रही। इसके बाद वह वर्ष 2008 के चुनाव में वह सौ सीटों के आंकड़े को नहीं छू पाई और वह 96 सीटें ही जीत सकी लेकिन अशोक गहलोत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के छह विधायकों एवं निर्दलीयों की मदद से दूसरी बार मुख्यमंत्री बने और राज्य में कांग्रेस की नौवीं सरकार बनाने में सफल रहे। इसके बाद गत विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से केवल एक सीट दूर रही, उसे सौ सीटें मिली लेकिन उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल की एक सीट आने से उसे सरकार बनाने में कोई दिक्कत नहीं आई और गहलोत तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। हालांकि बसपा के छह विधायकों और कुछ निर्दलीय सदस्यों का भी समर्थन हासिल कर लिया और बाद में इन्हें कांग्रेस में शामिल कर लिया गया।

जिन सदस्यों को कांग्रेस में शामिल किया उनमें अधिकतर को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने टिकट देकर फिर से चुनाव भी लड़ाया। इससे पहले कांग्रेस ने वर्ष 1972 में 145 सीटें जीती।

# खेल जगत

## मैक्सवेल की तकनीक को देखकर दंग रह जाता हूं : आर श्रीधर



**गुवाहाटी।** भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर तीसरे टी20 मैच में ग्लेन मैक्सवेल की 47 गेंद में खेली गई शतकीय पारी से हैरान हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर पांच विकेट से जीत हासिल की। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में मैक्सवेल ने नाबाद 104 रन बनाए जिसमें उनका शतक केवल 47 गेंदों में आया। इस तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। आर श्रीधर ने कहा, आप मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी से ही इस तरह की पारी की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि ऋतुराज की पारी और जेसन बेहरनडॉर्फ के 4 ओवर में (1/12) अन्य शानदार प्रदर्शन थे लेकिन मैक्सवेल की पारी ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। पूर्व फील्डिंग कोच ने कहा, उसे यह विश्वास है कि जब वह बल्लेबाजी करने जाता है तो वह हर समय ऐसा ही कुछ करेगा। मैक्सवेल अपने बल्ले की स्विंग के माध्यम से जिस तरह की शक्ति उत्पन्न करते हैं वह काफी आश्चर्यजनक है।

# बीसीसीआई ने द्रविड का कोचिंग कार्यकाल बढ़ाया

- द्रविड़ भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के हेड कोच बने रहेंगे
- द्रविड़ ने बीसीसीआई के भारतीय टीम के हेड कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार किया

नई दिल्ली। राहुल द्रविड़ का भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में करार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को बढ़ाने की घोषणा की। द्रविड़ ने भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के हेड कोच बने रहेंगे और उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) के भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच बने रहने के करार को बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। बीसीसीआई ने द्रविड़ के साथ भारतीय क्रिकेट टीम के सपोर्ट स्टाफ - विक्रम राठौर (बल्लेबाजी कोच), पारस म्हाम्बे (गेंदबाजी कोच), टी दलीप(फील्डिंग कोच) का भी करार बढ़ाने की घोषणा की। बीसीसीआई हालांकि अभी यह साफ नहीं किया कि द्रविड़ का यह बढ़ा करार कितने समय के लिए है। फिलहाल माना यह जा रहा है कि यह कम से कम जून, 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट कप के लिए होगा ही। द्रविड़ की भारत के हेड कोच में लगातार दूसरी पहला पड़ाव टीम इंडिया का दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा। भारतीय टीम 10 दिसंबर से शुरू होने वाले अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर उसके घर में उसके खिलाफ तीन टी-20 और तीन वन डे के बाद दो टेस्ट सेंचुरियन(26 दिसंबर से) और कैप टाउन(3 जनवरी) में खेलेगी।,भारत इसके बाद मध्य जूने में टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगा।



भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, % टीम इंडिया के साथ मेरे बीते दो बरस यादगार रहे। हमने साथ मिलकर उतार-चढ़ावों को देखा। टीम इंडिया क साथ इस पूरी यात्रा में पूरे समूह में समर्थन और सौहार्द शानदार रहा। अब वनडे विश्व कप के बाद अब हमारे सामने नई चुनौतियां हैं और हमें सर्वश्रेष्ठ करने को प्रतिबद्ध है। हमने भारतीय क्रिकेट टीम के ड्रेसिंग रूम में ऐसी संस्कृति और माहौल बनाया कि हम जीत के साथ मुश्किलों में डटे रहे। हमारी भारतीय क्रिकेट टीम के पास प्रतिभा और कौशल लाजवाब है। हमारा जोर सही प्रक्रिया का पालन करते और अपनी तैयारियों पर काबिज रहने पर है और जिसका सीधा असर कुल नतीजों पर पड़ता है। मैं बीसीसीआई और उसके पदाधिकारियों का आभारी उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मेरे दर्शन का समर्थन किया। बतौर हेड कोच आपको बहुत वक्त घर से बाहर ही रहना पड़ता है और इसके लिए मैं अपने परिवार और समर्थन के लिए उसका भी आभारी हूं। पर्दे के पीछे परिवार की भूमिका बेशकीमती है। अब वन डे विश्व कप के बाद अब हमारे सामने नई चुनौतियां हैं और हमें सर्वश्रेष्ठ करने को प्रतिबद्ध हैं।%

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी ने कहा, %द्रविड़ की बतौर हेड कोच दूरदर्शिता, उनका पेशेवराना रुचि और जीवट टीम इंडिया की कामयाबी के मजबूत स्तंभ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में आप हमेशा कसौटी पर होते हैं। मैं द्रविड़ की चुनौतियों को स्वीकार करने के साथ उन पर खरा उतरने के लिए उनकी सराहना करता हूं। भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन द्रविड़ के रणनीतिक मार्गदर्शन का प्रमाण है। मैं बेहद खुश हूं कि द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। यह द्रविड़ और बीसीसीआई के बीच एक दूसरे के लिए सम्मान के साथ यह भी बताता है कि दोनों की सोच भी एक है। मुझे जरा सा भी संदेह नहीं कि द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारतीय टीम शिखर पर चढ़ना जारी रखने के साथ नए मानदंड भी बनाएगी।

### तीनों फॉर्मेट में टॉप रैंकिंग द्रविड़ की दूरदर्शिता व मार्गदर्शन का नतीजा : जय शाह

बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा, राहुल द्रविड़ के भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच की नियुक्ति के समय भी मैंने कहा था इस भूमिका को संभालने के लिए उनसे बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है। द्रविड़ ने उत्कृष्टता के लिए अपनी गजब की प्रतिबद्धता से खुद को फिर साबित किया है। भारतीय क्रिकेट तीनों फॉर्मेट में बेहद मजबूत टीम है और तीनों फॉर्मेट में हमारी टॉप रैंकिंग सीधे ही द्रविड़ की दूरदर्शिता , मार्गदर्शन और टीम के लिए बनाए खाके का नतीजा है। आईसीसी वन डे विश्व कप में हमारी भारतीय टीम ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार से पहले अपने सभी दस मैच जीते। वन डे विश्व कप में हमारी भारतीय टीम अभियान गजब का रहा और इसके लिए हमारी टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ की टीम के अपनी चमक दिखाने के लिए सही मंच स्थापित के लिए सराहना तो की ही जानी चाहिए।

# बाबर आजम के खिलाफ गेंदबाजी करना रोमांचक होगा : टॉड मर्फी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले युवा ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों के कौशल को स्वीकार किया, और साथ ही कहा कि उनके लिए पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम को गेंदबाजी करना रोमांचक होगा।

मर्फी ने संवाददाताओं से कहा, पाकिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना एक चुनौती होगी। बाबर आजम एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, और पाकिस्तान के शीर्ष क्रम में महान स्तर के खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन नहीं है कि बाबर आजम पीएम इलेवन के खिलाफ खेल रहे हैं या नहीं, लेकिन उन्हें गेंदबाजी करना रोमांचक होगा। टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलना हमेशा शानदार होता है। पाकिस्तान के खिलाफ खेलना एक बड़ी चुनौती होगी। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और मैं इस बयान से सहमत नहीं हूं कि उनके पास कमजोर गेंदबाजी आक्रमण है। ।

इस साल फरवरी में भारत के खिलाफ टेस्ट में पहली बार सात विकेट लेने वाले मर्फी कंधे में दर्द के कारण विक्टोरिया के पिछले दो शेफील्ड शील्ड मैचों में नहीं खेल पाए थे, जो तस्मानिया के खिलाफ मैच में 45 ओवर गेंदबाजी करते समय बढ़ गया था। उन्होंने कहा कि वह अभी भी एक ऑफ स्पिनर के रूप में अपने ऊपर काम के बोझ से अभ्यस्त होने की कोशिश कर रहे हैं।

यह काफी बड़े 12 महीने रहे हैं और कुछ ऐसा है जिसका मुझे सामना नहीं करना पड़ा, इसलिए यह बस इसके माध्यम से खुद को प्रबंधित करने की कोशिश करने के बारे में है। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के साथ चुनौतियां भी आई हैं और मुझे लगता है कि कंधा भी उनमें से एक है। यूके सीरीज़ के बाद यह थोड़ा भड़क गया था, फिर कुछ शील्ड गेम्स के साथ उच्च कार्यभार



और कुछ एक दिवसीय क्रिकेट, यह थोड़ा थका हुआ था। इसलिए इस अवसर का उपयोग इसे व्यवस्थित करने और इसे फिर से मजबूत करने का प्रयास करने के लिए किया गया, उम्मीद है कि गर्मियों में बोर्ड भर में काफी व्यस्तता रहेगी और फिर साल खत्म करने के लिए कुछ शील्ड क्रिकेट भी। (मैंने) मन में रखा था कि यह एक है लंबी गर्मी है और मैं खुद को जल्दी जलाना नहीं चाहता।

मर्फी का यह भी मानना है कि पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण कागज पर कमजोर नहीं दिखता है और एक स्पिनर के रूप में उनके विकास में अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की भूमिका को स्वीकार किया है। पाकिस्तान के खिलाफ खेलना एक बड़ी चुनौती होगी। पाकिस्तान के पास एक अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और मैं इस बयान से सहमत नहीं हूं कि उनके पास कमजोर गेंदबाजी आक्रमण है।

नाथन लियोन एक शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ी हैं। वह हमेशा बहुत ज्ञान प्रदान करते हैं, और उनके साथ खेलना एक सीखने का महान अनुभव है। यह हमेशा परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के सामने खेलने का एक शानदार अवसर है। माहौल और समर्थन बताते हैं कि यह एक विशेष अनुभव है।

# शिवा थापा और अमित पंघाल ने जीत के साथ की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के बाद जुलाई से अगस्त 2024 में छह मैचों की सफेद गेंद श्रृंखला के लिए देश का दौरा करेगा। एसएलसी द्वारा जारी पुरुष अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के अनुसार, श्रीलंका 2024 में 10 टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20 सहित 52 मैच खेलेगा।

हालांकि, एसएलसी को आईसीसी के निलंबन के तहत रखा गया है। फिर भी वे अपनी पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे। श्रीलंका अपने अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर की शुरुआत जनवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल होंगे।

फिर, जनवरी-फरवरी के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ एक श्रृंखला होगी जिसमें एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल होंगे।

2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज और यूएसए जाने से पहले टीम सभी प्रारूपों के दौरे के लिए बांग्लादेश जाएगी। सफेद गेंद वाले मैचों के लिए भारत की मेजबानी करने के बाद श्रीलंका तीन टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड की यात्रा करेगा और उसके बाद सितंबर में दो टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। वेस्टइंडीज अक्टूबर में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए श्रीलंका आएगा। जबकि, न्यूजीलैंड भी इतने ही मैच खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इसके बाद श्रीलंका दो टेस्ट मैच खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएगी और न्यूजीलैंड में तीन वनडे और इतने ही टी20

# विलियमसन ने की विराट की बराबरी, जड़ा 29वां टेस्ट शतक

**सिलहट।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन ने बुधवार को सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए अपना 29वां टेस्ट शतक जड़कर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट शतक की बराबरी की। केन विलियमसन अपने 95वें टेस्ट मैच में 29 टेस्ट शतकों तक पहुंच गए, जो कि विराट कोहली से 16 मैच कम है। विराट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 111 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। विलियमसन ने महान डॉन ब्रैडमैन की भी बराबरी की, जिनके संन्यास के समय 52 टेस्ट मैचों में 29 शतक थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने 189 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 205 गेंदों में 104 रन बनाकर तैजुल इस्लाम के हाथों अपना विकेट गंवाया।

इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और श्रीलंका के बाद टेस्ट क्रिकेट में विलियमसन का यह लगातार चौथा शतक था। 2010 में न्यूजीलैंड के लिए डेब्यू करने वाले विलियमसन टेस्ट प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं, जिनके नाम सबसे ज्यादा शतक हैं। 310 रन पर ऑल आउट होने के बाद बांग्लादेश के गेंदबाजों ने दूसरे दिन की शुरुआत में ही अच्छा प्रदर्शन किया। वे शीर्ष तीन कीवी बल्लेबाजों को सिर्फ 98 रन पर आउट करने में सफल रहे। विलियमसन और डेरिल मिचेल की साझेदारी ने टीम को मुश्किल से निकाला। हालांकि, 66 रनों की ठोस साझेदारी के बाद मिचेल ने 41 रन बनाकर ताइजुल इस्लाम के हाथों अपना विकेट खो बैठे। ताइजुल बांग्लादेश के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे, क्योंकि दिन का खेल खत्म होने तक उनके नाम 4 विकेट थे। विलियमसन अपना शतक बनाने के बाद इस्लाम की गेंद पर बोल्ड हो गए और न्यूजीलैंड को बोर्ड पर रन जोड़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड का स्कोर 8 विकेट पर 266 रन था।



# सफेद गेंद के खेल से ब्रेक लेंगे विराट कोहली, टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, जो 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था, कथित तौर पर सफेद गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक ले रहे हैं, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे पर दो टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 35 वर्षीय कोहली ने बीसीसीआई को बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सफेद गेंद वाले मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, जो तीन मैचों की टी20 सीरीज के साथ शुरू होगी और उसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी। यह दौरा क्रमशः सेंचुरियन और केपटाउन में बॉक्सिंग डे और नए साल के टेस्ट के साथ समाप्त होगा। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया,उन्होंने (कोहली ने) बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को सूचित किया है कि उन्हें सफेद गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक की जरूरत है और वह उनसे इस बारे में संपर्क करेंगे कि वह आगे कब सफेद गेंद क्रिकेट खेलना चाहते हैं। फिलहाल उन्होंने बीसीसीआई को सूचित कर दिया है कि वह रेड-बॉल क्रिकेट खेलेंगे,



जिसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध हैं। %%

कोहली ने घरेलू मैदान पर पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया और 11 पारियों में तीन शतकों सहित 765 रन बनाए और एक बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक एकदिवसीय शतकों के मामले में महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया और वर्तमान में लंदन में छुट्टियों पर हैं। विश्व कप से पहले, कोहली और रोहित शर्मा को सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे से ब्रेक दिया गया था, जिसके बाद दोनों राजकोट में श्रृंखला के अंतिम मैच के लिए लौट आए।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कप्तान रोहित के 10 दिसंबर से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सफेद गेंद के मैचों के लिए उपलब्ध होने पर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। कोहली की तरह, रोहित भी विश्व कप के बाद यूनाइटेड किंगडम में ब्रेक पर हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह भारतीय टीम के भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए जल्द ही रोहित और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर से बात करेंगे।

# निश्चित तौर पर ऐसा लगता है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज का अवमूल्यन हो गया है : माइकल हसी

**गुवाहाटी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल हसी का मानना है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज का भारी अवमूल्यन हुआ है, खासकर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के समापन के बाद इसके आयोजन के समय के कारण। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 श्रृंखला अहमदाबाद में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में दोनों टीमों के खेलने के ठीक चार दिन बाद शुरू हुई, जिसे पर्यटकों ने जीता। पिछले साल भी इंग्लैंड के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था, जब उन्होंने 2022 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के ठीक चार दिन बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी वनडे सीरीज़ शुरू की थी। गुवाहाटी में तीसरे टी20 के अंत में, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीता, विश्व कप के छह खिलाड़ी, ट्रैविस हेड को छोड़कर, क्रिस ग्रीन, जोश फिलिप, बेन मैकडरमोट और बेन ड्वारशुइस के साथ स्वदेश लौट आएंगे, जो बाकी रायपुर और बेंगलुरु में दो मैचों के लिए मौजूद रहेंगे। यह विश्व कप को सस्ता नहीं बनाता है लेकिन यह निश्चित रूप से इस श्रृंखला को सस्ता कर देता है। ऐसे कई लोग होंगे जो विश्व कप (दोनों देशों के लिए) में थे, संभवतः उनकी टी20 टीमों में होंगे। वे या तो टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए या बस छुट्टी लेने के लिए घर गए थे।

हसी ने एसईएन रेडियो पर कहा,यह आश्चर्यजनक है कि एक कैलेंडर में इतना क्रिकेट खेलने के लिए कितना (क्रिकेट बोर्ड) पैक होता है।

## सार संक्षेप


### अगर टेस्ट टीम में चुना जाता है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखेंगे : मिचेल मार्श

**गुवाहाटी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा है कि अगर उन्हें पाकिस्तान के साथ पर्थ में होने वाले टेस्ट में चुना जाता है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखेंगे। मार्श ऑस्ट्रेलिया की विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा थे जहां उन्होंने इस टूर्नामेंट में दो शतकों समेत 441 रन बनाए इसमें 177 रनों उनकी नाबाद पारी भी शामिल है। इससे पहले उन्होंने ऐशेज में कैमरन ग्रीन के चोटिल होने के बाद मौका दिया गया था मार्श ने कहा, पिछले संघर्षों के बाद मैं यहां पर अपने क्रिकेट का लुत्फ़ लेने आया हूं। हां बल्किुल मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना पसंद है। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की थी जिसके बाद मुझे ऐशेज में खेलने का मौक़ा मिला, मैरा बर्ताव यही है कि जो होना होगा, वह होगा। तो मैं जो कर सकता था मैंने वह सब किया। उन्होंने कहा, हमारे पास कई विकल्प हैं, तो जो खेलेगा अपना काम करेगा। अगर मार्श को टीम में लिया जाता है तो वह ऑप्टस स्टेडियम में अपेक्षित उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाजों से मुकाबला करने की संभावना को लेकर उत्साहित हैं। यह 60 हजार सीटों वाले स्टेडियम पर चौथा टेस्ट मैच होगा। मार्श के लिए उस मैदान पर पहला टेस्ट मैच होगा, लेकिन बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए वह कई बार इस स्टेडियम में खेले हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं वह नहीं बदलेगा।

### वॉर्नर के टेस्ट संन्यास से बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल हो सकता है : मैक्डोनाल्ड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने संकेत दिया है कि डेविड वार्नर के जनवरी में टेस्ट से संन्यास के बाद बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करते हुए कैम ग्रीन को टीम में शामिल किया जा सकता है। मैक्डोनाल्ड ने स्थानीय रेडियों से बातचीत मे यह बात कही।

# अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं को भारत में प्रसारित किया जाना चाहिए : नीरज चोपड़ा



**बेंगलुरु।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने बुधवार को ट्रैक और फील्ड को और अधिक आकर्षक बनाने पर जोर दिया और भारतीय अधिकारियों से इसे भारतीय प्रशंसकों के लिए जेब के अनुकूल बनाने के लिए कहा।

आरसीबी इनोवेशन लैब की लीडर्स मीट में वैश्विक खेल नेताओं की सभा को संबोधित करते हुए, नीरज ने भारतीय दर्शकों के बीच ट्रैक और फील्ड की लोकप्रियता को प्रभावित करने वाली बाधाओं पर अपने विचार साझा किए।

नीरज ने कहा, सबसे पहले, मुझे लगता है कि जिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हम प्रतिस्पर्धा करते हैं जैसे डायमंड लीग, कॉन्टिनेंटल टूर्स और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, उन्हें भारत में प्रसारित किया जाना चाहिए। वर्तमान में, हमें केवल हाइलाइट्स देखने को मिलते हैं, हालांकि लोग एथलेटिक्स देखना चाहते हैं, वे रात में 1-2 बजे तक जागते हैं, और एथलीट के खेलने का इंतजार करते हैं, लेकिन देखने में सक्षम नहीं होने के बाद उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। नीरज का यह भी मानना है कि खेल ज्ञान और जागरूकता के लिए भारतीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं को टेलीविजन पर प्रसारित किया जाना चाहिए।

टीवी पर एथलेटिक्स स्पर्धाओं के प्रसारण से अधिक लोग उन प्रतियोगिताओं को देखना, समझना और उनके बारे में जागरूकता बढ़ाना शुरू कर सकेंगे जिनमें हम प्रतिस्पर्धा करते हैं।

हरियाणा में जन्मे एथलीट के लिए अब तक का साल असाधारण रहा है, उन्होंने इस साल एशियाई खेल 2022 और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीता है, और उनसे अगले साल पेरिस ओलंपिक में अपनी टोक्यो ओलंपिक की सफलता को दोहराने की उम्मीद है।

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का खेल पारिस्थितिकी तंत्र कितना विकसित हुआ है और भारत में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी कैसे एथलेटिक्स के लिए गेम-चेंजर हो सकती है।

प्रशंसकों की भावनाओं को दोहराते हुए, टोक्यो स्वर्ण पदक विजेता ने कहा, अगर केन्या और ग्रेनेडा जैसे देश नियमित रूप से विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर सकते हैं, तो भारत में भी ऐसा करने की काफी क्षमता है। जब भी मैं विश्व एथलेटिक्स संगठन के लोगों से मिलता हूं तो वे भारत में इस तरह के टूर्नामेंट की मेजबानी करने में रुचि व्यक्त करते हैं, मुझे उम्मीद है कि अगर भारत ऐसे प्रतिस्पर्धी आयोजनों की मेजबानी कर सकता है तो अधिक लोग व्यक्तिगत रूप से ऐसी चैंपियनशिप देख सकते हैं और प्रेरित हो सकते हैं।

25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने जीवन के सबसे यादगार पलों को याद किया। उन्होंने पोलैंड में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में जूनियर विश्व रिकॉर्ड थ्रो का जिक्र किया, जिसके बाद टोक्यो ओलंपिक हुआ, जो उनके करियर के मुख्य आकर्षण के रूप में उनके लिए जीवन बदलने वाला क्षण था।

साथ ही, त्योहार की छुट्टी से वापस आने पर अपनी प्रशिक्षण तैयारियों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, मेरी तैयारी पिछले कुछ दिनों में जमा हुई अतिरिक्त चर्बी को हटाने के साथ शुरू होगी। जब मैं अपने गृह नगर में था तो मैंने ढेर सारा दूध, घी, चूरमा और मिठाइयाँ खाईं। मैंने इसे नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की लेकिन नहीं कर सका। लेकिन मुझे पता है कि जब मैं अपना प्रशिक्षण शुरू कर दूंगा तो मैं 2-3 सप्ताह के समय में आगे बढ़ने में सक्षम हो जाऊंगा।

## सुडोकू 6391 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

| SENSEX | BSE | 66901.91 ▲ 727.71 | 20096.60 ▲ 206.90 | MCX | Gold | 62448 ▲ 63 | silver | 75420 ▲ 121 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |



## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे चढ़कर 83.32 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों की आवक जारी रहने के बीच रुपये ने लगातार दूसरे दिन अपनी रफ्तार जारी रखी और बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त के साथ 83.32 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की कमजोरी से रुपये को समर्थन मिला। दूसरी ओर तेल उत्पादक देशों की महत्वपूर्ण बैठक से पहले कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से रुपये की बढ़त सीमित हुई।



## शॉपिंग मॉल क्षेत्र अगले तीन से चार वर्षों में 35 प्रतिशत बढ़ेगा- क्रिसिल रेटिंग्स

**कोलकाता।** देश में शॉपिंग मॉल का क्षेत्र अगले तीन से चार वर्षों में 35 प्रतिशत बढ़ सकता है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग ने बुधवार को यह बात कही। एजेंसी की ओर से बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में खुदरा बिक्री में मजबूत सुधार से मॉल के क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिला है। खुदरा क्षेत्र में तीन से 3.5 करोड़ वर्ग फुट की वृद्धि होने की संभावना है, जो मौजूदा क्षेत्र का एक तिहाई है। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में मांग के लचीलेपन के कारण खुदरा सुधार बरकरार रहने की उम्मीद है। मॉल और नई परिसंपत्तियों में निवेशकों की निरंतर रुचि से क्षेत्र वृद्धि को बढ़ावा मिलेगी। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने रिपोर्ट में कहा कि मॉल में अगले तीन से चार वर्षों में 20,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। ''इतनी बड़ी संख्या में बढ़ोतरी के दो कारण हैं। सबसे पहले नई आपूर्ति पर काम फिर से शुरू करना जो वैश्विक महामारी के दौरान रुक गई थी। दूसरा मॉल में मजबूत खुदरा बिक्री और उसके बाद मॉल मालिकों का मजबूत परिचालन प्रदर्शन। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में मॉल मालिकों का राजस्व वैश्विक महामारी से पहले के स्तर से करीब 125 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है।

# जोरदार तेजी से झूमा शेयर बाजार

**- सेंसेक्स 67 हजार के करीब, निफ्टी 20 हजार के पार**
**- निवेशकों को 2.11 लाख करोड़ का मुनाफा**



***मुंबई।*** *भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को तूफानी तेजी दर्ज की और बाजार लगातार दूसरे दिन पॉजिटिव नोट में बंद हुए। बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त लेकर बंद हुए। एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक,आई सीआई सीआई बैंक और कोटक बैंक के जैसे बैंकिंग शेयरों में जबरदस्त खरीदारी तथा इंडेक्स में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों में तेजी से शेयर बाजार में झूम उठा। साथ ही बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप रिकॉर्ड ऑल टाइम पर लेवल पहुंच गया है जिससे शेयर बाजार में खरीदारी को समर्थन मिला।*

**बाजार में तूफानी तेजी-** तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 727.71 अंक या 1.10 प्रतिशत का उछाल लेकर 66,901.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,946.28 अंक स्तर तक भी पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 27 के शेयर ग्रीन निशान में बंद हुए जबकि तीन कंपनियों के स्टॉक लाल निशान में रहे।

**निफ्टी 18 सितंबर के बाद 20 हजार के पार-** इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 206.90 अंक या 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,096.60 अंक पर बंद हुआ। यह इस साल 18 सितंबर के बाद पहली बार 20 हजार के अंक पार बंद हुआ है। निफ्टी की 40 कंपनियों के शेयर हरे जबकि 10 लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे ज्यादा 3.92 प्रतिशत का उछाल आया। साथ ही महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, एचडीएफसी बैंक,आईसी आई सीआई बैंक, टाटा मोटर्स, टीसीएस जैसे शेयर भी बढ़त लेकर बंद हुए। दूसरी तरफ, नेस्ले इंडिया का शेयर सबसे ज्यादा 0.57 प्रतिशत की गिरावट लेकर बंद हुआ। इसके अलावा टाइटन, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरावट में बंद हुए।

**बाजार में तेजी की वजह-** अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व के गवर्नर क्रिस्टोफर वालर ने महंगाई में नरमी जारी रहने पर आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती की संभावना जताई है। उनके इस बयान के बाद इंडेक्स में हाई वेटेज रखने वाल आईटी और फाइनेंशियल स्टॉक्स में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बाद विदेशी निवेशकों की घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी वापस लौट आई है जिसका असर बाजार में देखने को मिला। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के मार्किट कैप 331 लाख करोड़ रुपये के ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया। इसका भी निवेशकों पर पॉजिटिव असर पड़ा है। बैंक, फाइनेंशियल सर्विस जैसे शेयरों में उछाल।

## पहली बार मार्केट कैप 4 ट्रिलियन डॉलर के पार

भारतीय बाजार ने बुधवार को पहली बार ऐतिहासिक 4 ट्रिलियन मार्केट कैप मील का पत्थर छुआ। वर्तमान में, 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक एमकैप क्लब में केवल तीन देश हैं अमेरिका, चीन और जापान। हांगकांग भी इस क्लब का हिस्सा है, हालांकि, एक बड़ा योगदान अन्य जगहों की कंपनियों का है, मुख्य रूप से चीन का।

बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार मूल्य वर्तमान में 333 ट्रिलियन रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है, जो 4 ट्रिलियन डॉलर में तब्दील होता है। लगभग 48 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ अमेरिका अब तक दुनिया का सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है। इसके बाद चीन (9.7 ट्रिलियन) और जापान (6 ट्रिलियन) का स्थान है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, इस कैलेंडर वर्ष में अब तक भारत का मार्केट कैप लगभग 15 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के मार्केट कैप में 5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। टॉप-10 मार्केट कैप क्लब में अमेरिका एकमात्र बाजार है जो भारत की तुलना में 17 फीसदी की तेज गति से बढ़ा है। संयुक्त विश्व बाजार पूंजीकरण इस वर्ष 10 प्रतिशत बढ़कर 106 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।

## शादियों के मौके पर बन सकती है आपकी पूंजी, टैक्स भी नहीं लगेगा



*शादी का मौसम या मौका दुल्हा-दुल्हन की आयकर फाइल बनाने का सबसे उपयुक्त समय होता है. मात्र कागजात बनाकर और सही ढंग से रिकार्ड कर पूंजी या आय बनाई जा सकती है जिस पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. यानि न हींग लगे न फिटकरी और रंग चोखा ही चोखा.*

**कैसे और क्या कहते हैं आयकर के प्रावधान**

1. शादी के मौके पर प्राय: यह देखा जाता है कि कागजात और रिकॉर्ड नहीं रखने के कारण शादी में मिली कैश एवं कांइड गिफ्ट हम साबित नहीं कर पाते.

2. क्यों कि अभी शादी का मौसम चल रहा है तो, क्यों न हम रिकॉर्ड रखने की प्रक्रिया को भी इवेंट मैनेजमेंट का हिस्सा बना लें.

3. आयकर प्रावधान के अनुसार शादी के मौके पर मिली किसी भी प्रकार की गिफ्ट, उपहार, प्रापर्टी, आदि पूर्णत: आयकर मुक्त होती है चाहे कितनी भी उसकी कीमत क्यों न हो.

4. शायद इसीलिए आप देखते हैं कि बड़ी शादियों में लोग खुलकर गिफ्ट बाज़ी करते हैं, पूंजी बनाते हैं, पैसे को एक नंबर का बनाते हैं और आयकर से भी बच जाते हैं.

5. लेकिन जो बात मूलत: ध्यान रखने योग्य है, कि आयकर मुक्त का लाभ सिर्फ और सिर्फ शादी कर रहे जोड़े को ही मिलेगा - अन्य किसी भी रिश्तेदार या माता-पिता भाई-बहन को नहीं.

6. दूसरी मुख्य अन्य किसी मौके पर या और किसी से मिली थर्ड पार्टी गिफ्ट यदि सकल मूल्य साल में 50000 रुपए से अधिक है तो आय मानी जावेगी और उस पर टैक्स देना होगा.

7. मतलब यह है कि रिश्तेदार से मिले उपहार हमेशा आयकर मुक्त होते हैं लेकिन शादी के मौके पर हर किसी से मिलें उपहार भी करमुक्त होते हैं.

8. यह बात भी ध्यान रखनी होगी कि उपहार शादी के समय के आसपास मिला हो, कहने का मतलब हफ्ते दस दिन आगे पीछे उचित समय होता है. बहुत अधिक देरी या समय में अंतर इसे आय मान्य करेगा.

9. दुल्हा-दुल्हन का पेन आधार नंबर हो और लिंक भी हो तो ज्यादा अच्छा एवं बैंक खाता भी एक्टीवेट हो.

10. सबसे आखिरी और मुख्य बात शादी के मौके पर मिली गिफ्ट, उपहार, प्रापर्टी, आदि के उचित कागजात और रिकॉर्ड भी हो- जैसे गिफ्ट देने वालों के नाम पते, प्रापर्टी या निवेश के कागजात, बैंक स्टेटमेंट, कैश गिफ्ट का रिकॉर्ड, उपहारों के इनवाइस वारंटी पेपर, इत्यादि. कभी जरूरत पर काम में आ सकते हैं.

आजकल डेस्टीनेशन वेडिंग का प्रचलन है, ऐसे में इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी को अन्य प्रबंधन के अलावा गिफ्ट रिकॉर्ड कीपिंग का काम भी दिया जा सकता है जिससे दुल्हा-दुल्हन और रिश्तेदार शादी इंजाय करें.

तभी सही मायनों में हम कहेंगे कि गिफ्ट भी मिलें, टैक्स भी नहीं लगे, पूंजी भी बनें और दुल्हा-दुल्हन की आयकर फाइल का आधार भी मजबूत बनें. मात्र कुछ सावधानी और रिकॉर्ड प्रक्रिया से शादी के माहौल को खुशनुमा बनाते हुए हम कह सकते हैं कि न हींग लगे न फिटकरी और रंग चोखा ही चोखा

**- सीए अनिल अग्रवाल जबलपुर**

## जोमैटो के 29 करोड़ शेयर बिकने की खबर, कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से जुड़ी एक बड़ी खबर आ रही है। खबर है कि चीन के पेमेंट्स ग्रुप अलीपे ने बुधवार को जोमैटो के कम से कम 29 करोड़ शेयर एक बड़ी ब्लॉक डील में बेचे हैं। यह शेयर 112 रुपये प्रति शेयर के दाम पर बेचे गए हैं। एन्ट ग्रुप मालिकाना हक वाले अलीपे के इस डील में अपनी पूरी 3.44 पर्सेंट हिस्सेदारी बेचने की खबर है। जोमैटो के शेयर बुधवार को 4 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी के साथ 119.25 रुपये पर पहुंच गए हैं।

**10 महीने में शेयरों में 150 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी-** जोमैटो के शेयरों में इधर ताबड़तोड़ तेजी आई है। कंपनी के शेयर पिछले 10 महीने में 150 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। जोमैटो के शेयर 25 जनवरी 2023 को 44.35 रुपये पर थे। जोमैटो के शेयर 29 नवंबर 2023 को 119.25 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# शादी के सीजन में बढ़ी मांग से सोना-चांदी में उछाल



**नई दिल्ली।** देश के सर्राफा बाजारों में शादी के सीजन ने नई जान फूंक दी है। शादी का सीजन शुरू होने के बाद से ही सोने की कीमत में तेजी का सिलसिला लगातार जारी है। आज चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत उछल कर 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार चली गई। चेन्नई की तरह ही देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर चढ़ कर कारोबार कर रहा है।

24 कैरेट सोने की तरह ही जेवराती यानी 22 कैरेट सोने की कीमत में भी तेजी दर्ज की गई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच गया है। शादी के सीजन की वजह से देश के सर्राफा बाजार में खुदरा कारोबार में काफी तेजी आई है, जिसकी वजह से सोने की कीमत में लगातार उछाल आ रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में तेज इजाफा हो रहा है। दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 79,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 64,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 63100 चांदी रिफाइन - 76000

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 63100 चांदी रिफाइन - 76000

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
| --- | --- |
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.22 |
| एक यूरो | 91.49 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105 .75 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55.11 |
| एक जापानी येन | 00.56 |

## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 86 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 104 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-114 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।

# यूपीआई पेमेंट : साइबरक्राइम पर सरकार सख्त, 70 लाख फोन नंबर हुए ब्लॉक, अब तक 900 करोड़ रुपये बचाए गए




***नई दिल्ली।*** *देश में साइबर क्राइम के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। वित्तीय साइबर क्राइम पर लगाम लगाने को लेकर मंगलवार (28 नवंबर 2023) को आयोजित हुई बैठक में कई बड़े फैसले किए गए। राजधानी दिल्ली में वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में यह बैठक हुई।*

इस बैठक में जानकारी दी गई कि सरकार ने साइबर क्राइम रोकने के लिए अब तक 70 लाख संदिग्ध फोन नंबर ब्लॉक किए हैं। इसके अलावा साइबर क्राइम से जुड़ी सभी एजेंसिया अब पहले से बेहतर तरीके से मिल-जुलकर काम करेंगी। आपको बताते हैं उन बड़ी बातों के बारे में जिनका फैसला इस बैठक में हुआ। बैठक में टेलीकॉम विभाग ने बताया कि 70 लाख संदिग्ध फोन नंबर को ब्लॉक किया गया है। साइबर क्राइम रोकने के लिए अब तक 1.28 लाख आईएमईआई नंबर भी ब्लॉक किए गए हैं। 2021 से अब तक 3.5 लाख लोगों से 900 करोड़ रुपए का ऑनलाइन फ्रॉड होने बचाया गया। 2023 यानी इस साल अब तक 600 करोड़ रुपए का ऑनलाइन फ्रॉड होने से बचाया गया।

बैठक में फैसला हुआ कि साइबर फाइनेंशियल फ्राड पर पेमेंट एग्रिगेटर्स के साथ अगली बैठक जनवरी के मध्य में होगी। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए भविष्य में भी संदिग्ध पाए जाने वाले आईएमईआई नंबर को ब्लॉक किया जाएगा। पब्लिक सेक्टर के सभी बैंक साइबर फ्रॉड के लिए नोडल ऑफिसर तैनात किए जाएंगे। साइबर फ्रॉड रोकने के लिए सभी एजेंसियां पहले से बेहतर तरीके से मिल जुलकर काम करेंगी। इस बैठक में रिजर्व बैंक के अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एमडी , बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी शामिल हुए। फाइनेंशियल साइबर सिक्योरिटी पर भी इस बैठक में रणनीति बनाई गई।

इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर ने इस बैठक में प्रेजेंटेशन दिया। डिजिटल पेमेंट फ्रॉड की चुनौतियों पर इस बैठक में बातचीत हुई। दूसरा प्रेजेंटेशन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने दिया। बैंक में लागू प्रोएक्टिव रिस्क मॉनिटरिंग सिस्टम पर प्रेजेंटेशन भी इस बैठक में हुआ।

हाल ही में यूको बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा में हुई घटना के बाद बुलाई गई बैठक। टेलीकॉम सचिव, रेवेन्यू सेक्रेटरी, इकोनॉमिक अफेयर्स सचिव, एनपीसीआई सीईआई भी इस बैठक में हिस्सा लिया।

## एचडीएफसी बैंक ने पूरे भारत में 100+ बीसी एजेंट केंद्रों के अपने दूसरे बैच का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी निजी बैंक, एचडीएफसी बैंक ने भारत के कई राज्यों में 100+ बीसी केंद्रों के एक नए बैच का उद्घाटन किया है। यह कदम वित्तीय समावेशन और देश के वंचित क्षेत्रों में बैंकिंग को सुलभ बनाने के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ये केंद्र एक छोटी शाखा के रूप में कार्य करेंगे, जिसमें ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) ग्राहकों को डिजिटल रूप से बैंकिंग उत्पादों का लाभ उठाने में सहायता करेंगे। वीएलई, जो मौजूदा सूक्ष्म-उद्यमी हैं और सरकार-से-उपभोक्ता (जी2सी) सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, अब अतिरिक्त रूप से देश के दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं प्रदान करेंगे। इन केंद्रों का उद्घाटन स्थानीय सरपंच, ग्राम प्रधान, मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों, युद्ध के दिग्गजों, स्कूलों/कॉलेजों के प्राचार्यों आदि की उपस्थिति में किया गया।

एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है। 30 सितंबर, 2023 तक देश भर के 3,836 शहरों/कस्बों में इसका व्यापक नेटवर्क 14902 बीसी केंद्रों, 7,945 शाखाओं, 20,596 एटीएम पर था।

बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट केंद्रों की शुरूआत अपनी पहुंच का विस्तार करने और विविध बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार बढ़ते ग्रामीण ग्राहक आधार का बैंक की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## सर्वोटेक पॉवर सिस्टम्स को बीपीसीएल से 2649 ईवी चार्जर्स का ऑर्डर मिला

***नई दिल्ली।*** *देश में ईवी चार्जर्स की लीडिंग मैन्युफैक्चरर सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) से 2649 एसी ईवी चार्जर के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी पूरे देश में स्टेटिकली 2649 एसी ईवी चार्जर्स की मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई और इंस्टॉलेशन के लिए जिम्मेदार होगी, बीपीसीएल ई-ड्राइव प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रमुख भारतीय शहरों में पेट्रोल पंप्स को सुसज्जित करेगी, साथ ही ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस के व्यापक कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

इस प्रोजेक्ट के लिए ईवी चार्जर की रेंज में 3 किलोवाट और 7 किलोवाट के चार्जर्स शामिल हैं। इन एसी चार्जर्स का निर्माण और उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है, इसके साथ ही चार्जर्स की सप्लाई 15 दिसंबर से शुरू होगी और तीन महीने के भीतर पूरी हो जाएगी। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पहले ई-मोबिलिटी लैंडस्केप को बदलने के लिए मिलकर काम किया था। कंपनी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ई-ड्राइव प्रोजेक्ट के लिए देश-भर में विभिन्न स्थानों पर 30 किलोवाट डीसी फास्ट ईवी चार्जर्स की 800 यूनिट्स को सप्लाई और इंस्टॉल किया। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स एसी ईवी चार्जर्स की इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और देखरेख करेगा और इस पहल का उद्देश्य ई-मोबिलिटी टचप्वाइंट स्थापित करना है जो लेन-देन को सुव्यवस्थित करता है, उपलब्धता बढ़ाता है, खोज की सुविधा देता है और ईवी यूजर्स के लिए नेविगेशन को सरल बनाता है, जिससे ईवी चार्जिंग नेटवर्क तक सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित होती है। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड की डायरेक्टर सारिका भाटिया ने इस एनाउंसमेंट पर कमेंट करते हुए कहा कि, हम भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप में भारत की ई-मोबिलिटी क्रांति का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ऑन-द-म्या चार्जिंग को सक्षम करने वाला एक एनर्जी कॉरिडोर स्थापित करने हेतु मिलकर काम कर रहा है। कंपनी के अत्याधुनिक एसी ईवी चार्जर ई-मोबिलिटी सेक्टर में भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को साकार करने में योगदान देंगे।

देशबन्धु

## ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु
**आवश्यकता है**
उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट
Posts-Computer Operator
Accountant, Office Ass.,
HR, Advisor, Health
Advisor, Admin.
MO: - 7880251021
8767693588

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## शासकीय दिव्यांग छात्रावास में रहने वाली नाबालिग छात्रा से चौकीदार ने किया दुष्कर्म




**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिव्यांग जन छात्रावास में रहने वाली नाबालिग छात्रा के साथ चौकीदार के द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस के साथ दमोह सीएसपी अभिषेक तिवारी छात्रावास पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शासकीय दिव्यांगजन छात्रावास में रहने वाली 9 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ चौकीदार के द्वारा दुष्कर्म करने की जानकारी को प्राप्त हुई थी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और तत्काल ही छात्रावास पहुंचकर मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह आरोपी पिछले चार-पांच वर्षों से छात्रावास में चौकीदारी कर रहा था, जिसके द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है एवं अन्य साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। नाबालिग छात्रा मूक बधीर बताई जा रही है।

## सुबह की बारिश से बदला तापमान, ठंडक बढ़ी

### आधा दर्जन संभाग में बूंदा-बांदी का पूर्वानुमान



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में सुबह से तेज बारिश हुई जो समय ढलते ही मध्यम हो गई। जिसके साथ ही मौसम ने करवट बदली और माहौल ठंडा हो गया। जिससे प्रतीत हो रहा है कि शहर में कड़ाके की ठंडक पड़ने वानी है। इसके चलते दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जबलपुर में दिन में ठंडक का एहसास इसी से किया जा सकता है कि क्योंकि सामान्य से 7 डिग्री कम तापमान रहा। वहीं अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालाकि बुधवार को सुबह न्यूनतम तापमान 16.5 जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। बुधवार की सुबह जबलपुर में तेज बारिश की साथ मध्यम बारिश हुई, जिससे कई क्षेत्रों में पानी भर गया था। अभी उत्तर से पूर्व की ओर चलने वाली हवाएं 3 से 4 किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। आमसान से जैसे ही बादलों का डेरा हटेगा उसी के साथ तेज ठंड पड़ने से इंकार नहीं किया जा रहा है। जबलपुर में 29 नवंबर 014.0 मिली बारिश रिकॉर्ड की गई है।

संभाग के साथ जिलों में रुक-रुक कर हो रही बारिश से ठंड का असर तेज हो गया है। मावठा गिरने के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम ही रही. वहीं डिंडौरी व सागर में ठंड के असर को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। इसके अलावा जबलपुर, सागर, शहडोल व नर्मदापुरम संभाग में बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विशेषज्ञों की माने तो बालाघाट के मलाजखंड में 21 मिलीमीटर व नर्मदापुरम के पचमढ़ी में आधा इंच पानी गिरा है, भोपाल में दिनभर बूंदाबांदी होती रही, वहीं सिवनी में 7 मिमी, मंडला में 8 मिमी, जबलपुर में 2 मिमी व छिंदवाड़ा में 4 मिमी बारिश हुई है। छिंदवाड़ा में दूसरे दिन भी प्रदेश में सबसे ठंडा रहा, यहां पर 18.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है, सिवनी में भी तापमान 18 डिग्री के करीब रहा। नर्मदापुरम में 24.9 डिग्री दमोह में 21 डिग्री, जबलपुर में 20 डिग्री, खजुराहो में 24.4 डिग्री तापमान रहा. विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवात व ट्रफ लाइन गुजरने से स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव है, जिसके चलते प्रदेश में आंधी, बारिश व ओले गिर रहे है, दिसम्बर के पहले सप्ताह में भी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग की माने तो 29-30 नवंबर को एक और वेस्टर्न पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। मध्य राजस्थान के ऊपर चक्रवाती घेरा भी एक्टिव होगा जिससे प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्से सागर, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर व भोपाल संभाग में बारिश का दौर जारी रहेगा। दिन का तापमान गिरेगा लेकिन रात में नमी के कारण तापमान स्थिर रहने के आसार है।

## रादुविवि में फिलहाल प्रो. मिश्र संभालेंगे कुलपति का पद भार

### आचार संहिता के कारण चयन प्रक्रिया अटकी, मतगणना के बाद विवि को मिलेगा नया कुलपति

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नए कुलपति की घोषणा आचार संहिता के चलते अटक गई है। इसके लिये प्रदेश भर से आवेदन मंगाये थे। और चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। लेकिन विधान सभा चुनाव और आचार संहिता के लागू होने के कारण कुलपति की चयन प्रक्रिया थम गई है। लेकिन बिना कुलपति के विश्वविद्यालय को चलाना और निर्णय लेना संभव नहीं है। इसलिये राजभवन ने नई कुलपति के चयन प्रक्रिया को पूर्ण होने तक प्रो. कपिल देव मिश्र को कुलपति का प्रभार सौंप दिया है।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नए कुलपति की घोषणा आचार संहिता के चलते फिलहाल अटक गई है। राजभवन ने नई कुलपति के चयन प्रक्रिया को पूर्ण होने तक प्रो. कपिल देव मिश्र को कुलपति का प्रभार सौंप दिया है।

उक्त संदेश राजभवन से रादुविवि प्रशासन को प्राप्त हो गया है। जिसके स्पष्ट हो गया है कि नए कुलपति की घोषणा अब 3 दिसंबर के बाद ही हो पाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान कुलपति प्रो. कपिल देव का 29 नवंबर की शाम कार्यकाल पूर्ण होने जा रहा था। जिसके बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि राजभवन उन्हें ही कुछ दिनों का प्रभार दे सकता है और हुआ भी कुछ यही। बहरहाल नए कुलपति चयन की प्रकिया के तहत 5 नामों की पैनल लिफाफे में कैद हो कुलाधिपति की समक्ष पहुंच चुके हैं।

## देश सेवा का जज़्बा लिये अग्निवीर भर्ती में दौड़ी सैकड़ों महिला उम्मीदवार



**जबलपुर, देशबन्धु।** सेना भी भर्ती होने जज्बा सिर्फ नव युवा में ही बल्कि युवतियों में भी है। इनका यह सपना अब सेना में अग्निवीर भर्ती के माध्यम से किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जबलपुर में सैकड़ों युवतियां अग्निवीर भर्ती के लिये कई जिले से पहुंची। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की करीब 410 महिला उम्मीदवारों ने बुधवार तड़के बरसात के बीच रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के खेल परिसर पहुंची। जहां महिला उम्मीदवार 16 सौ मीटर की दौड़ कराई गई। सेना पुलिस में महिला अग्निवीर बनने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की महिला उम्मीदवार की बुधवार से भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हुई। दौड़ में 192 महिला उम्मीदवार ही सफल हो सकीं। जिसके बाद उन्हें 3 फीट ऊंची कूद, 10 फीट लंबी कूद जैसी दक्षता परीक्षाओं से शामिल किया गया। बिगड़ते मौसम को देखते हुए आर्मी भर्ती कार्यालय ने पहले से ही प्लानिंग कर रखी थी, लिहाजा तमाम प्रक्रिया बड़ी आसानी से संचालित होती रही। मैदान में दम खम साबित करने वाली महिला उम्मीदवारों में से सफल उम्मीदवारों का कल एमएच हॉस्पिटल में मेडिकल कराया जाएगा।

भर्ती के दौरान उम्मीदवारों के दस्तावेजों से लेकर बायोमेट्रिक जांच के लिए अलग से सेल बनाई गइ थी। जिसमें सेना के कर्मचारी तैनात थे। वहीं प्रमाण पत्रों की जांच के बाद ही महिला उम्मीदवार मैदान में दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद की प्रक्रिया में शामिल हो पायीं।

गत अप्रैल माह में भर्ती के लिए कुल 805 महिला उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया था। जिसमें छत्तीसगढ़ की 103 और मध्यप्रदेश की 702 महिला उम्मीदवार शामिल थी। जिसमें से आज मैदान में 410 ही पहुंची।

## कोहरा और ठंड के बीच बच्चे कैसे जायेंगे स्कूल

**जबलपुर कलेक्टर ने अभी तक जारी नहीं किये कोई आदेश**

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। इससे सुबह के समय कोहरा, ठंड ने स्कूल जाने वाले बच्चों के लिये परेशानी खड़ी कर दी है। इसी को देखते हुये भोपाल, इंदौर और छिंदवाड़ा में स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। लेकिन जबलपुर में अब भी प्रशासन ने बच्चों से जुड़े संवेदनशील इस विषय पर निर्दयी बना हुआ है। खास बात यह है कि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन से जब देशबन्धु ने उनके मोबाइल नंबर 62616166262 पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। जिससे बच्चों के बेहद नाजुक विषय पर प्रशासन का रूक स्पष्ट नहीं हो सका है। इसके पूर्व में ही ठंड और बारिश के चलते भोपाल और इंदौर कलेक्टर ने पहले ही स्कूल के समय में परिवर्तन कर दिया है। इसके साथ ही बुधवार को छिंदवाड़ा कलेक्टर ने भी सरकारी व निजि स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया। लेकिन जबलपुर में मौसम देखते हुये बुधवार तक कलेक्टर ने कोई भी आदेश नहीं किया है। जिससे बच्चों के अभिभावकों में चिंता व्याप्त है।

## पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ मामले में तहसीलदार के बाद अब एसडीएम सस्पेंड



**जबलपुर/बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट स्थित ट्रेजरी कार्यालय में बने स्ट्रांग रुम में डाक मतपत्र से छेड़छाड़ के मामले में एसडीएम गोपाल सोनी को सस्पेंड कर दिया गया है। उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को प्रभार दिया गया है। इससे पहले नोडल अधिकारी (तहसीलदार) हिम्मतसिंह को भी सस्पेंड किया गया था।

उक्त कार्यवाही जबलपुर संभागीय कमिश्नर के आदेश पर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने की है। बताया गया है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणामों के पूर्व बालाघाट स्थित ट्रेजरी स्ट्रॉन्ग रूम में पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ का कथित वीडियो सामने आया। जिसमें कुछ कर्मचारी डाकमत्रों को एकत्र करते दिखाई दे रहे थे। इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की, जिसपर चुनाव आयोग ने नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह को निलंबित कर जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद जबलपुर संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा के आदेश पर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने एसडीएम गोपाल सोनी को भी सस्पेंड कर दिया है।

इस मामले में कांग्रेस ने बालाघाट कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को भी सस्पेंड करने की मांग की है। यहां तक कि 27 नवम्बर को डाक मतों को लेकर अपनाई गई प्रक्रिया को भी नियम विरुद्ध बताया है। इस मामले में कांग्रेस नेता ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पर आरोप लगाया है कि शिकायत के बाद मामले में एक सामान्य अधिकारी पर कार्रवाई कर कलेक्टर को बचा लिया गया है।

उन्होंने बालाघाट कलेक्टर श्री मिश्रा को गौरीशंकर बिसेन का करीबी होने के भी आरोप लगाए है। इधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बालाघाट मामले से जुड़ा वीडियो भी हमने चुनाव आयोग को दिया है। जिसमें स्पष्ट दिख रहा है कि चुनाव अधिकारी पोस्टल बैलेट में टेम्परिंग कर रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग व चुनाव आचार संहिता का जो उल्लंघन हो रहा है। उसमें जल्द से जल्द एक्शन लिया जाएगा।

## सोना ने तोड़े सभी रिकार्ड, भाव 63 हजार के पार

### चांदी हुई 76 हजारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी और प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में गिरावट जारी रहने से सोने-चांदी की कीमतों में भारी तेजी आ चुकी है।

दिल्ली सराफा बाजार के साथ-साथ स्थानीय सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के भाव आसमान की ऊंचाई पर पहुंच चुके हैं। आलम यह है कि, बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में सोना फाईन की कीमत बढ़कर 63 हजार के पार हो गई और भाव 63100 रूपये प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर पहुंच गए। दूसरी तरफ चांदी रिफाईन के भाव बढ़कर 76 हजार रूपये प्रति किलो की ऊंचाई पर पहुंच गये हैं। उधर खबरों के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गई है वहीं चांदी में भी जोरदार तेजी देखने को मिली। गत 2 दिनों के दौरान सोने की कीमत में 600 रूपये की तेजी देखी गयी वहीं चांदी में भी करीब 600 रूपये की तेजी देखी गई। जबकि एक पखवाड़े के दौरान जहां सोना एक हजार महंगा हुआ तो वहीं चांदी तीन हजार रूपये तक महंगी हो चुकी।

खबरों के मुताबिक विदेशी बाजारों में सोने-चांदी की कीमतें मजबूत रही। सोना तेजी के साथ 2041 डॉलर व चांदी मजबूती के साथ 24.95 डॉलर प्रति औंस की ऊंचाई पर पहुंच गई। कमोडिटी एक्सचेंज कॉमेक्स में सोने की हाजिर कीमत 2041 डॉलर प्रति औंस पहुंच गई है, जो पिछले बन्द भाव 27 डॉलर अधिक है।

खबरों के मुताबिक डॉलर में नरमी के अलावा फेडरल रिजर्व के एक अधिकारी के ब्यानों से ऐसे संकेत मिले हैं कि अमेरिकी केन्द्रीय बैंक अगले साल ब्याज दरें कम करना शुरू करेगा। इससे कारोबारी धारणा को बल मिला है और कॉमेक्स में सोना अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

### शादी-विवाह वालों का बजट गड़बड़ाया

जानकारों का कहना है त्यौहारी सीजन के बाद देवउठनी एकादशी से शुभ मौके और शादी-विवाह शुरू हो गए हैं। वहीं बाजारों में इसके चलते कपड़े, अन्य चीजों सहित जेवरों की खरीददारी भी तेज हो गई है। जिनके यहां शादी-विवाह होना है, उनका बजट सोने-चांदी के महंगे होने से गड़बड़ाने लगा है


महिलाएँ ध्यान दें
महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु
५५ जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण
श्वेतनिल सायरप
श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
● कमर एवं पेट दर्द
● मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
● योनी मार्ग में चिपचिपाहट एवं दुर्गंध
● शारीरिक एवं मानसिक थकावट
● भूख न लगना ● चक्कर आना
● खून की कमी ● नींद न आना
● बेचैनी एवं घबराहट
उपयोग करते ही असर प्रारंभ
जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291 | सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 114
मुर्गा मीडियम - रु. 104
मुर्गा बड़ा - रु. 86
मुर्गा जम्बो - रु. 74
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 82
मीडियम ब्रॉयलर - रु.100
छोटा ब्रॉयलर - रु. 110
मोबाइल नं. 9300692405

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888,89
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER RS. @ 90/- (VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS)
16 seater Recliner Theatre Available for Private Screening for Families and Groups
BOOK NOW. 6232124487
NAPOLEON IN HINDI 10:15 AM 10:15 PM IN ENGLISH 01:00 PM
12TH FAIL 10:00 AM 03:00 PM 05:00 PM 07:30 PM
TIGER-3 10:30 AM 12:00 PM 02:00 PM 03:00 PM 04:30 PM 06:00 PM 08:00 PM 10:45 PM
FARREY 10:00 AM 12:45 PM 05:45 PM 10:55 PM
KHICHDI-2 08:00 PM
ANARI IS BACK 10:15 PM
STARFISH 08:45 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496